सुप्रभात
रांची, गुरुवार
23.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, तृतीया/चतुर्थी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 221



12 फेयरप्ले की ब्रांड एंबेसडर बनीं जैकलीन फर्नांडीज

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट ने विधि आयोग का कार्यकाल बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के 22वें विधि आयोग के कार्यकाल को 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। विधि आयोग एक गैर-सांविधिक निकाय है।

### यूपी ने अबतक का सबसे बड़ा बजट पेश किया

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के वित्त मंत्री ने बुधवार को विधानसभा में 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया। प्रदेश के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बजट है।

### आप की शैली बनीं दिल्ली की पहली महिला महापौर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर पद के चुनाव में बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय निर्वाचित घोषित हुईं।

### हजारीबाग में सड़क हादसा, एक की मौत

**हजारीबाग।** रांची-पटना मार्ग पर इचाक में बोंगा पेट्रोल पंप के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना देर रात करीब 12 बजे घटी। कार सवार विक्रम मेहता की मौत हो गयी जबकि गौतम गंभीर है।

### सरायकेला पुलिस लाइन के आरक्षी ने की खुदकुशी

**सरायकेला।** थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के दूसरे तल्ले से कूदकर दुखा उरांव (आरक्षी) ने खुदकुशी कर ली। वह तीन दिन पहले ही पैतृक घर लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के स्वासखेजरी गांव से वापस लौटा था। बताया जाता है कि दुखा 19 फरवरी को छुट्टी से वापस पुलिस लाइन लौटा था।

### कोडरमा : ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र के सरमाटांड़ स्टेशन डुमरी फाटक के समीप बुधवार को ट्रेन से गिरकर संजीव कुमार (22) पिता श्रीपाल कुमार उत्तर प्रदेश की मौत हो गयी। वह कोलकाता जा रहा था।

### पूर्व सीएम कोड़ा, अनिल वास्तवड़े इडी कोर्ट में पेश

**रांची।** इडी की विशेष कोर्ट में मनी लाउंड्रिंग केस में पूर्व सीएम मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े बुधवार को सशरीर उपस्थित हुए। अगली सुनवाई 13 मार्च होगी।

### झारखंड जदयू को ठोस बनाने ललन सिंह रांची में

**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह बुधवार को रांची पहुंचे। पार्टी नेताओं की ठिक के बाद उन्होंने कहा कि 2024 में देश को भाजपा मुक्त बनाना है। झारखंड में पार्टी को मजबूत करने के लिए जिलाध्यक्षों और नेताओं को टास्क दिया। मीडियो से बातचीत में कहा कि झारखंड में जदयू को मजबूत बनाना है। इसके लिए हर माह प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी झारखंड आयेंगे।

### चितंरजन जीआरपी रेल थाना प्रभारी निलंबित

**धनबाद।** रेल पुलिस महानिदेशक (डीजी) अनिल पालट के निर्देश पर धनबाद रेल एसपी ने चितरंजन जीआरपी रेल थाना प्रभारी सुरेश पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

# संताल परगना में वंशानुगत प्रधान की नियुक्ति वैध

➲ बेटा और बेटी दोनों प्रधान नियुक्त हो सकते हैं

**झारखंड हाइकोर्ट की ट्रिपल बेंच का बड़ा फैसला**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संताल परगना क्षेत्र में वंशानुगत प्रधान की नियुक्ति को झारखंड हाइकोर्ट ने वैध और इसे संताल परगना एक्ट के प्रावधानों के अनुकूल बताया है। बुधवार को हाइकोर्ट की पूर्णपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि संताल परगना एक्ट (एसपीटी) की धारा पांच और छह में इसका स्पष्ट उल्लेख है कि बेटा और बेटी दोनों प्रधान नियुक्त हो सकते हैं। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया।

तीन फरवरी को पूर्ण पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस संबंध में अलमुनी हांसदा ने याचिका दायर की थी। इसमें संताल के आयुक्त के आदेश को चुनौती दी गयी थी। आयुक्त ने एक आदेश में कहा था कि संताल क्षेत्र में प्रधान की वंशानुगत नियुक्ति होती है, जो गलत है। प्रधान की नियुक्ति के लिए रैयतों की अनुमति लेने की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में पूरे देश में भारत का संविधान लागू है। ऐसे में वंशानुगत प्रधान की नियुक्ति संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। इसके खिलाफ अलुमनी हांसदा ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाइकोर्ट के एकलपीठ ने इसे खंडपीठ में स्थानांतरित कर दिया। खंडपीठ में इस मामले में पूर्व में दिये गये कई अलग-अलग आदेश के कारण इसे पूर्णपीठ में स्थानांतरित कर दिया। पूर्ण पीठ ने इस मामले में अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा को अमेकस क्यूरी नियुक्त किया था। सुनवाई के दौरान अमेकस क्यूरी इंद्रजीत सिन्हा ने अदालत को बताया कि कानून के मुताबिक प्रधान की नियुक्ति वंशानुगत होती है। इसमें किसी रैयत के अनुमति की जरूरत नहीं होती है।

# 27 को कैबिनेट में लग सकती है नयी नियोजन नीति पर मुहर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैबिनेट की बैठक सामवार 27 फरवरी को बुलायी गयी है। इस बैठक में राज्य सरकार की नयी नियोजन नीति पर अंतिम मुहर लगने की पूरी संभावना है। नयी नियोजन नीति-2016 के पहले की नीति के आधार पर लागू की जा सकती है। कार्मिक विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अगले एक-दो दिन में बैठक को लेकर सूचना सार्वजनिक कर दी जायेगी। नयी नियोजन नीति अभी राज्य का सबसे प्रमुख ज्वलंत मुद्दा है। झारखंड हाईकोर्ट द्वारा बीते 16 दिसंबर को नियोजन नीति को रद्द किया गया था। नयी नीति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे 8 लाख से अधिक अभ्यर्थियों से सुझाव लिया था।

# जनता की अदालत में ममता को मिलेगा न्याय : हेमंत सोरेन

■ दुलमी की सभा में बोले सीएम विकास कार्य देख विपक्ष परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रिकार्ड मतों से जीतेंगे बजरंग :** सभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे, क्योंकि उनकी पत्नी और पूर्व विधायक ममता देवी को विपक्ष ने षड्यंत्र के तहत फंसाकर जेल भेजा है। इससे जनता में आक्रोश है। इसका जवाब जनता बजरंग को विजयी बनाकर देगी। सभा में मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सरफराज अहमद, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, शहजादा अनवर मौजूद थे। सभा का संचालन झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने किया।

**रामगढ़।** उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी दूसरी सभा बुधवार को दुलमी मैदान में की। उन्होंने कहा कि यह कोई सभा नहीं, बल्कि जनता की अदालत है। 27 फरवरी को इस बात का फैसला होगा कि ममता को न्याय मिलेगा या पूंजीपति एक बार फिर जीत जायेंगे। दिशोम गुरु की तबीयत खराब हुई तो उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती करा कर रात को दो बजे ही लौटा हूं। वह सिर्फ इसलिए क्योंकि मुझे जनता की अदालत में न्याय की गुहार लगानी थी। उन्होंने कहा कि पहली चुनावी सभा में मंच पर ममता देवी का छह महीने का बेटा भी आया हुआ था। उसे देख कर दिल भर आया। राजनीति की वजह से वह बच्चा परेशान हो, यह मैं कभी नहीं चाहूंगा। जिस बच्चे को मां का सीना चाहिए था, उसको पूंजीपतियों ने साजिश कर अलग कर दिया। मैं सभी माताओं और बहनों से आग्रह करता हूं कि न्याय के इस जंग में वे ममता देवी का साथ दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के विकास कार्यों से विपक्ष परेशान है। (शेष पेज 11 पर)

### सीआरपीएफ अधिकारी को पीएम जीवन रक्षा पदक

**खूंटी।** अमरनाथ यात्रा के दौरान खाई में गिरे टैंपो ट्रैवलर वाहन में फंसे यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार को प्रधानमंत्री जीवन रक्षा मेडल से सम्मानित किया गया है। 2019 में अमरनाथ यात्रा को पूर्ण कराने के लिए सुरक्षा की जिम्मेदारी सुरक्षा बलों को दी गयी थी। मृत्युंजय कुमार उसमें शामिल थे। ड्यूटी के दौरान 31 जुलाई 2019 को शाम के करीब सात बजे मील पत्थर 139.2 में पिकेट तीन और चार के बीच एक टैंपो ट्रैवलर के खाई में गिरने की सूचना मिली थी। मृत्युंजय कुमार बिना देर किये घटना स्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे 15 यात्रियों को निकाला। पानी में आधा डूब चुके वाहन को सीधा किया और वाहन में फंसे यात्रियों को निकालकर अस्पताल भेजा। इनमें से 12 यात्रियों की जान बच गयी जबकि तीन लोगों की मौत हो गयी थी।

# वन टाइम सेटलमेंट से राज्य को मिलेंगे पांच सौ करोड़

**झारखंड में शुरू हुई कर समाधान योजना**

■ योजना का शुभारंभ कर वित्त मंत्री बोले, ससमय कर दें, तेज होगा विकास

■ लंबित मामलों से सरकार को 35 सौ करोड़ की हो रही क्षति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कर समाधान योजना की शुरुआत करते वित्त मंत्री व अन्य।

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा है कि पांच हजार मुकदमों में राज्य सरकार के हजारों करोड़ फंसे हैं। डॉ उरांव बुधवार को होटल बीएनआर में कर समाधान योजना का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर से प्राप्त राशि का उपयोग सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं में खर्च करती है। करदाता समय पर कर का भुगतान कर इस कार्य में सरकार का साथ दें। राज्य में व्यावसायिक क्षेत्र के जितने भी बड़े करदाता है, जिनका टैक्स बकाया है और जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं। उनके वन टाइम सेटेलमेंट के लिए ही कर समाधान योजना शुरू की गयी है। करदाता इस योजना से लाभ लें। कर बाकायदारों से संबंधित करीब 5000 केस विभिन्न कोर्ट में पेंडिंग हैं, जिसकी वजह से राज्य सरकार का 35 हजार करोड़ रुपये फंसा हुआ है। इससे सरकार को नुकसान हो रहा है। करदाताओं को भी कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ रहा है। (शेष पेज 11 पर)

# बर्ड फ्लू : केंद्रीय टीम बोकारो पहुंची, कहा- पैनिक न हों

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ अबतक 800 से अधिक मुर्गियों की मौत, टीम ने दिये कई निर्देश

**रांची।** सरकारी फार्म में एमबीएल फ्लू के प्रकोप के बाद उसकी स्थिति का आंकलन करने केंद्रीय टीम बोकारो पहुंची। टीम में दिल्ली से पशुपालन विभाग से डॉक्टर जिमी शर्मा, कोलकाता से हेल्थ विभाग की टीम में डॉ सीएस तलकर, डॉ अमित भौमिक और डॉ शिव कुमार शामिल थे। इस दौरान 1040 अंडे और 103 मुर्गियों को नष्ट का दिया गया। 908 मुर्गी फार्म में थे, जिसमे से लगभग 800 मुर्गी फ्लू से मर चुकी है। मुर्गियों के मरने की शुरूआत 03 फरवरी से हुई थी। वही सैंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव 21 फरवरी को आयी थी। बोकारो में बर्ड फ्लू के कारण एहतियात के तौर पर झारखंड के कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय टीम ने पहुंच कर सैंपलिंग शुरू कर दी है।

**कई निर्देश दिये :** केंद्रीय टीम ने डाटा कलेक्ट कर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने आसपास के पोल्ट्री फार्म जहां चिकेन की संख्या अधिक है, वहां सैंपलिंग की जानकारी ली। वहीं कोलकाता से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पोल्ट्री फार्म में हैंडलर और कर्मियों को सर्विलांस पर रखा है, क्योंकि वह सभी संक्रमित मुर्गी के संपर्क में रहे हैं। कोलकाता हेल्थ विभाग की टीम ने सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिये।

# काले धन के कुबेर निकले वीरेंद्र

■ दूसरे दिन भी इडी की दबिश, हिरासत में लेकर पूछताछ जारी, फॉर्च्यूनर वाहन सीज

■ पेन ड्राइव बरामद, कई नेताओं और मंत्रियों के साथ संबंध के संकेत मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर लगातार दूसरे दिन भी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) छापेमारी जारी है। ईडी की यह छापेमारी मंगलवार की सुबह पांच बजे से शुरू हुआ था और बुधवार देर शाम जारी रहा। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और आलोक रंजन फिलहाल ईडी की हिरासत में है। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ संबंधों का भी खुलासा किया है। सूत्रों के अनुसार वीरेंद्र के पास से एक पेन ड्राइव मिला है। जिसमें काफी डेटा है। उसमें ठेकेदारों से पैसे लेने और कई नेताओं को पैसे पहुंचाने के सबूत हैं। वीरेंद्र के करीबी संबंधों के कारण आधा दर्जन से अधिक राजनेता ईडी की रडार पर हैं। वीरेंद्र कुछ माह से ईडी के सर्विलांस पर थे। इस दौरान भी कई नेताओं तक पैसे पहुंचाने की जानकारी ईडी को मिली है।

**कई गाड़ियों के कागजात जब्त**



प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने करोड़पति इंजीनियर वीरेंद्र राम के पास से कई गाड़ियों के कागजात भी जब्त किये हैं। जिनकी कीमत करोड़ों में है। इसमें एक गाड़ी किसी राजेश कुमार (कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड) के नाम से रजिस्टर्ड है। इसी पर वीरेंद्र चलते थे। गाड़ी के आगे झारखंड सरकार के मुख्य अभियंता का बोर्ड लगा हुआ है।

**पहले दिन 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात और करीब 30 लाख रुपये नकद मिले :** इडी ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कुल 24 ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान वीरेंद्र द्वारा बनायी गयी कंपनियों के अलावा 100 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला। साथ ही 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात और करीब 30 लाख नकद मिले हैं। ईडी ने जमशेदपुर निगरानी थाने में ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर के खिलाफ दर्ज घुसखोरी के एक मामले की जांच के लिए इसीआइआर के रूप में दर्ज किया था। ईडी की टीम झारखंड के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों लगातार दूसरे दिन भी छापेमारी की। जिसमें वीरेंद्र राम ईडी के साथ ही थे। (शेष पेज 11 पर)

**फॉर्च्यूनर को इडी ने किया सीज :** बुधवार को ईडी की टीम ने अशोक नगर स्थित उनके आवास पर खड़ी फॉर्च्यूनर कार को सीज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक उनकी और भी कई चल अचल संपत्ति सीज कर सकती है। वीरेंद्र के घर से करीब दो करोड़ के जेवरात और 500 करोड़ के निवेश के कागज मिले हैं। कुल मिलाकर यह 2000 करोड़ के लेन देन का स्वामी है।

# दो माह में एक कदम ही आगे बढ़ी निजी विवि की जांच कमेटी

■ शीतकालीन सत्र में सीएम ने की थी विस समिति बनाने की घोषणा

■ किराये के कमरों में चल रहे हैं कई निजी विश्वविद्यालय

**सुधीर**

**रांची।** राज्य में निजी विश्वविद्यालय तेजी से पांव पसार रहे हैं। किराये के दो कमरे में राज्य में कई विवि चल रहे हैं। विधायकों के विरोध के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए कमेटी बनायी थी। इन दो माह में अब तक केवल एक बार ही समिति की बैठक हुई है। बैठक के बाद सभी निजी विवि से जानकारी मांगी गयी है कि वे यूजीसी की गाइडलाइन और राज्य सरकार द्वारा लागू मॉडल नियम की शर्तों का कितना अनुपालन कर रहे हैं? विवि में आधारभूत संरचनाओं और शिक्षकों की उपलब्धता की स्थिति क्या है? जब यह जानकारी मिल जायेगी, तो उसके बाद ही समिति जांच का काम शुरू करेगी। बताते चलें कि निजी विवि की जांच के लिए बनी समिति का सभापति झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी को बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में माले विधायक विनोद सिंह, भाजपा विधायक केदार हाजरा, आजसू विधायक लंबोदर महतो और कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह हैं। (शेष पेज 11 पर)

**स्थिति की होनी है जांच :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड फाइनेंसियल ऐनेलिस्टस ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, झारखंड राय विश्वविद्यालय, साईनाथ विवि, उषा मार्टिन विवि, अमिटी विवि, प्रज्ञान इंटरनेशनल विवि, आइसेक्ट विवि विधेयक, सरला बिरला विवि, वाईबीएन विवि, अरका जैन विवि, कैपिटल विवि, रामचंद्र चंद्रवंशी विवि, राम कृष्ण धर्माथ फाउंडेशन (आरकेडीएफ) विवि, नेताजी सुभाष विवि, राधा गोविंद विवि और श्रीनाथ विवि की स्थिति की जांच की जानी है।

# केंद्र की हिदायत : 6+ वर्ष में हो दाखिला

■ पहली कक्षा में दाखिले के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को दिया सख्त निर्देश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किया है कि पहली क्लास में बच्चों के प्रवेश के लिए न्यूनतम उम्र 6 साल की जाये। शिक्षा मंत्रालय ने जो आदेश जारी किया है, उसमें कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रथम चरण में बच्चों की शिक्षा को मजबूत करने के लिए उनकी आयु सीमा बढ़ानी जरूरी है। केंद्र ने राज्यों से पूर्व-स्कूली शिक्षा (डीपीएसइ) पाठ्यक्रम में दो साल का डिप्लोमा डिजाइन करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करने का भी अनुरोध किया है।

**सरकार ने इस कारण लिया फैसला**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में बुनियादी स्तर पर बच्चों के सीखने की शक्ति और समझ विकसित करने की सिफारिश करती है। पहले यानि मूलभूत चरण में सभी बच्चों (3 से 8 वर्ष के बीच) के लिए पांच साल सीखने के अवसर होते हैं, जिसमें तीन साल की प्री-स्कूल शिक्षा और दो साल की प्रारंभिक प्राथमिक ग्रेड-क और ग्रेड- क्क शामिल हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह केवल आंगनबाड़ियों या सरकारी/ सरकारी सहायता प्राप्त, निजी और गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित स्कूल पूर्व (प्री-स्कूल) केंद्रों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए तीन वर्ष की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करके ही किया जा सकता है।

**करिकुलम फ्रेमवर्क लॉन्च :** बयान के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने इस दृष्टि पर अमल करने के लिए 9 फरवरी 2023 के एक पत्र के माध्यम से सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को प्रवेश के लिए अब आयु को समान रूप से 6+ वर्ष करने तथा 6+ वर्ष की आयु में पहली कक्षा में प्रवेश देने के निर्देशों को दोहराया है। मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित हैं। फाउंडेशनल स्टेज के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एफएस) भी हाल ही में 20 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है। इस दृष्टि को पूरा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवेश प्रदान करने के लिए छह साल की आयु के निर्देश दोहराये हैं।

# ऑन एयर रेस्टोरेंट पर प्रतिबंध, नोटिस जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हवा में रेस्टोरेंट चलाने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गयी है। साथ ही इस माइल स्टोन के मालिक और मैनेजर को नोटिस जारी किया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 सहपठित धारा 142 के तहत बोड़ेया, कांके-ओरमांझी रोड स्थित 8 माइल स्टोन में संचालित हवा में रेस्टोरेंट का संचालन अगले आदेश या मामले के निस्तारण तक प्रतिबंधित किया है।

**जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्रवाई :** 8 माइल स्टोन द्वारा संचालित ऑन एयर रेस्टोरेंट में आये लोगों को क्रेन की मदद से लगभग 150 फीट ऊपर उठाकर मंच पर भोजन और पेय पदार्थ परोसा जाता है। सोशल मीडिया पर इससे संबंधित कई वीडियो एवं फोटोग्राफ्स हैं, जिनके अवलोकन से यह नागरिकों के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरनाक प्रतीत होता है। रेस्टोरेंट के संचालन हेतु आवश्यक सुरक्षा मानदंडों/मानकों के पालन से संबंधित कोई दस्तावेज एसडीओ कार्यालय में संचालकों ने प्रस्तुत नहीं किया। मालिक और प्रबंधक को उपस्थित होकर रांची सदर एसडीओ के न्यायालय में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है।

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

**(अति अल्पकालिन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए कम्बल, मच्छरदानी, ओढ़ने–बिछाने का चादर एवं तकिया कवर सहित आदि आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्त्ता के चयन हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 04.03.2023 को 12.30 बजे अपराह्न तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयों के नाम एवं क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची तथा निविदा से संबंधित शर्त पलामू जिला के वेबसाईट www.palamu.nic.in एवं जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा का निस्तारण दिनांक 04.03.2023 को अपराह्न 2.30 बजे उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष किया जाएगा, जिसमें निविदादाता स्वंय या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदा निस्तारण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी। निविदा का तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का लिफाफा अलग–अलग होगा। तकनीकी बीड सही पाये जाने पर ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बीड का लिफाफा खोलकर निविदा का निस्तार किया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 290960 (District) 22-23 (D)



## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची
शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची–834001, फोन– 2215544,
ईमेल न0– rmsaranchi0651@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

**जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचना :–**

विभागीय संकल्प संख्या/ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित **Teacher Transfer Portal** के वेबसाईट **teachertransfer.jharkhand.gov.in** में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार की त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित **दिनांक 11.03.2023 तक** विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये **Email ID- teachertransferranchi@gmail.com** में भेज सकते हैं।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सभी संबंधित विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 प्रकाशित सूची में से अपने विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो दिये गये **ईमेल** के माध्यम से **ऑनलाईन** निर्धारित अवधि के अंदर अनिवार्य भेजना सुनिश्चित करेंगे।

त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन ईमेल के माध्यम से दिया जा सकेगा।

| आपत्ति कर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का साक्ष्य सहित विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्ति कर्त्ता का हस्ताक्षर — विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 का हस्ताक्षर — जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

PR290911 (Human Resource Developement)22-23*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत**
**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या–03/2022-23/RWD/GARHWA — दिनांक–21.02.2023

**1. कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 05/2022-23 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम तिलदाग के तिलदाग बेलचम्पा मुख्य पथ में खलील खाँ के घर से चहका तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 16.927 | सोलह लाख बानबे हजार सात सौ रूपये। | 5000 | 34000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोश्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 13.03.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.03.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.290919 Urban Development(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**ई0टेन्डर अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/PALAMAU-26/2022-23

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड निलाम्बर–पिताम्बरपुर के जैप–08 में कॉमन फैसिलिटी सेंटर एवं शौचालय और स्नानागार का निर्माण कार्य। पार्ट–1 | 6240965.00 | 125000.00 | 10000.00 | 04 माह। |
| 2. | प्रखण्ड निलाम्बर–पिताम्बरपुर के जैप–08 में कॉमन फैसिलिटी सेंटर एवं शौचालय और स्नानागार का निर्माण कार्य। पार्ट–2 | 6240965.00 | 125000.00 | 10000.00 | 04 माह। |
| 3. | प्रखण्ड हुसैनाबाद के कुर्मिपुर में जिला स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 6758100.00 | 135500.00 | 10000.00 | 04 माह। |
| 4. | प्रखण्ड नौडीहा बाजार के श्री श्याम बिहारी सिंह उच्च वि0, नामुदाग में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 6758100.00 | 135500.00 | 10000.00 | 04 माह। |
| 5. | प्रखण्ड उंटारी रोड राजीव गांधी उच्च वि0, सिंहहा में प्रखण्ड स्तरीय स्टडियम निर्माण। | 6758100.00 | 135500.00 | 10000.00 | 04 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.03.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 11.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.03.2023 अपराह्न 2.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–9304798195
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9- Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 290930 Rural Development (22-23)_D



## कार्यालय, अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट), (खाद्य सुरक्षा शाखा)

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

बोकारो जिला के अंतर्गत सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार खाद्य कारोबारियों को फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाईसेंस/रेजिस्ट्रेशन के करोबार करना कानूनन दण्डनीय अपराध है तथा छः माह का कारावास एवं पांच लाख तक का जुर्माना का प्रावधान है। इसे हेतु जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फुड लाईसेंस/रेजिस्ट्रेशन हेतु कैम्प का आयोजन निम्नवत किया जाएगा–

| क्र0सं0 | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुमण्डल कार्यालय, बेरमो | 27.02.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक |
| 2. | अनुमण्डल कार्यालय, बेरमो | 28.02.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक |

**फुड रजिस्ट्रेशन** (जिसका वार्षिक टर्नओवर 12 लाख से कम हो) हेतु निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों की सूची समर्पित करना होगा –
1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. यदि पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो, मोबाईल नम्बर, एवं ईमेल आईडी इत्यादि।
4. फुड रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्क – 100 रूपये प्रति वर्ष। (ऑनलाइन के माध्यम से)
5. मीट/चिकन/फिश दुकान के लिए :– नगर निगम/पंचायत मुख्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)
6. मीट/चिकन/फिश दुकान के लिए :– Medical Fitness प्रमाण–पत्र एवं Pest Control रिपोर्ट।

**फुड लाईसेंस** (जिसका वार्षिक टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो) हेतु निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों की सूची समर्पित करना होगा –
1. प्रोपराईटर/डाईरेक्टर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (आवेदक का पूरा पता/मोबाईल नं0/ईमेल आईडी इत्यादि)
2. प्रोपराईटर/डाईरेक्टर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र(सेल/डीड/बिजली बिल/राजस्व रसीद/रेंट एग्रीमेंट आदि)
4. प्रोपराईटरशीप से संबंधित घोषणा पत्र/प्रोपराईटरशीप डीड/फार्म IX
5- Medical Fitness प्रमाण–पत्र एवं Pest Control रिपोर्ट।
6. मैन्यूफैक्चरिंग के लिये अतिरिक्त दस्तावेज।
   (A) उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लूप्रिंट।
   (B) मैन्यूफैक्चरिंग युनिट के लिए रिकोल प्लांन
   (C) मैन्यूफैक्चरिंग उत्पाद की सूची।
   (D) मैन्यूफैक्चरिंग के युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित।
   (E) मैन्यूफैक्चरिंग युनिट में प्रयोग किये जा रहे मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. होटल कैटरर/रेस्टोरेंट/मैन्यूफैक्चर्र के लिए अतिरिक्त दस्तावेज–पेयजल की शुद्धता की Chemical & Bacteriological जांच रिर्पोर्ट।
8. मीट/चिकन/फिश दुकान के लिए :– नगर निगम/पंचायत मुख्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)
9. फुड लाईसेंस हेतु शुल्क–2000/–प्रति वर्ष (Wholesaler/Distributor/Retailer etc) एवं 3000/–(Manufacturer) प्रति वर्ष।

नोटः– सभी दस्तावेजों को स्वअभिप्रमाणित रूप से जमा करना होगा।

अतः बोकारो जिले के सभी खाद्य कारोबारियों तथा होटल, भोजनालय, रेस्टोरेंट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं (Wholesales), वितरक (Distributer), प्रदायक (Supplier), भंडारक(Storer), उत्पादक ( Manufacturuer), खुदरा विक्रेता( Retailes), ठेला–खोमचा (Street Venders), वधशाला कैंटिन मिठाई दुकानदार, परिवाहन(Transporter) फल–सब्जियों के दुकान/सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालय/सरकारी विद्यालय/महाविद्यालय परिसर में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर इत्यादि को सूचित किया जाता है उपरोक्त तिथि को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु आवेदन समर्पित करें।

ह0/– खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो — ह0/– अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो(तेनुघाट)

PR 290931Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)#D


### सरकारी स्कूलों के निरीक्षण में टीम को मिले चौंकाने वाले तथ्य

# लैब और लाईब्रेरी का नहीं किया जा रहा उपयोग, पंखा का भी वितरण नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों का भ्रमण राज्य स्तरीय टीम ने की थी। इसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। इसके बाद झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने 22 फरवरी 23 को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि राज्यस्तरीय टीम द्वारा प्रत्येक माह राज्य के सभी जिलों के विद्यालयों और प्रखंड एवं जिला कार्यालयों का अनुश्रवण किया जा रहा है। टीम द्वारा अपने भ्रमण के दौरान पाये गये तथ्यों की जानकारी राज्य स्तर पर साझा की जा रही है। इसमें कुछ क्षेत्रों में विशेष कार्य शीघ्रता शीघ्र और निरंतर अनुश्रवण करने की आवश्यकता है।

कार्यपुस्तिका पैकेट में मिली टीम द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त कार्यक्रम के लिए आपूर्ति सामग्री यथा-शिक्षक हस्तपुस्तिका एवं छात्र कार्यपुस्तिका विद्यालयों में उपलब्ध है। हालांकि कई विद्यालयों में यह पैकेट में ही रखी हुई है। कई विद्यालयों में वितरित तो की गई है, परंतु शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा सीमित उपयोग किया जा रहा है, जो कि चिंताजनक है। निर्देशित किया जाता है कि निरंतर क्षेत्र भ्रमण करते हुए इसका उपयोग सुनिश्चित कराया जाये।

**सीमित उपयोग हो रहा :** ज्ञानसेतु कार्यक्रम के लिए भी कक्षा 4 से 8 के लिए कार्यपुस्तिका आपूर्ति की गई है, परंतु इसका सीमित उपयोग विद्यालय स्तर पर हो रहा है। यह एक गंभीर विषय है। चूंकि यह कार्यक्रम निदानात्मक शिक्षा के अंतर्गत है। अतः इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाये।

**लैब का उपयोग नहीं :** राज्य के 525 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समेकित गणित एवं विज्ञान लैब की स्थापना की गई है। टीम द्वारा ऐसे कुछ विद्यालयों का भ्रमण किया गया है, परंतु इसका उपयोग शिक्षकों के द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है। विदित हो कि लैब पर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। सभी विद्यालयों को एक-एक पैन ड्राईव और हस्त पुस्तिका भी उपलब्ध करायी गई है, ताकि शिक्षक लैब का उपयोग सुनिश्चित कर सके।

**पत्रिका का वितरण नहीं :** टीम द्वारा जानकारी दी गई है कि मासिक पत्रिका पंख का वितरण समय पर विद्यालयों को नहीं किया जा रहा है। या तो पत्रिका जिला स्तर पर अथवा प्रखंड स्तर पर रखी हुई है। विद्यालयों में भी यदि उपलब्ध कराया गया है तो बच्चों को नहीं दी जा रही है। यह एक चिंतनीय पक्ष है। पंख पत्रिका की प्राप्ति जिला स्तर पर होते ही एक सप्ताह के अंदर विद्यालय में वितरण सुनिश्चित की जाये। निरंतर अनुश्रवण के माध्यम से बच्चों के बीच उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

**पुस्तकालय का उपयोग नहीं :** विद्यालयों में पुस्तकालय की स्थिति दयनीय है। इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। राज्य से उपलब्ध की जा रही पुस्तक भी विद्यालय में उपलब्ध नहीं है अथवा अभी भी पैकेट में बन्द है। हालांकि कुछ विद्यालयों के पुस्तकालयों की टीम द्वारा प्रशंसा भी की गई है।

### अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक

# हड़ताली अनुबंध कर्मियों के साथ 25 को होगी बातचीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम संघ के बैनर तले राजभवन के समक्ष अनुबंध कर्मियों की हड़ताल जारी है। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव आसिफ इकराम ने पत्र जारी किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 25 फरवरी, शनिवार को सुबह 11 बजे विकास आयुक्त के सभागार में एनएचएम कर्मियों की मांगों पर विचार-विमर्श के लिए एक बैठक बुलायी गई है। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह करेंगे, जबकि एनएचएम के अभियान निदेशक भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

**1 महीने से भी ज्यादा समय से हड़ताल पर हैं अनुबंध कर्मी :** बताते चलें कि 16 जनवरी को अनुबंध कर्मी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए एकजुट हुए थे। भीड़ सूचना भवन चौक तक पहुंच गई थी। जिसके बाद प्रशासन की लाख मशक्कत के बाद सभी राजभवन के समक्ष जुटे और यहीं से हड़ताल की घोषणा कर दी गई।

**आमरण अनशन पर चले गए थे अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी :** सरकार ने जब अनुबंध कर्मियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया तब 21 अनुबंध कर्मचारी अनशन पर बैठ गए। इस दौरान कई अनशनकारियों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसके बाद सरकार की एक प्रतिनिधिमंडल ने 16 फरवरी को अनशन समाप्त करवाया और जल्द बैठक बुलाने का आश्वासन भी दिया था।


अपर मुख्य सचिव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड, रांची।

... दिनांक 25-02-2023 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास आयुक्त के सभागार, ... रांची में NHM कर्मियों की मांगो पर विचार विमर्श हेतु बैठक आहूत की गई है।

...

ह0/–
(आसिफ एकराम)
माननीय मंत्री के आप्त सचिव।

ज्ञापांक– 106/ ... रांची/दिनांक– 22-02-23

...

(आसिफ एकराम)
माननीय मंत्री के आप्त सचिव।

**25 फरवरी को सुबह 11 बजे विकास आयुक्त के सभागार में एनएचएम कर्मियों की मांगों पर विचार–विमर्श के लिए बैठक आयोजित**

## डीआरडीए कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान के लिए ₹16.57 करोड़ जारी

**केंद्र ने जब हाथ खड़े किये तो राज्य की हेमंत सरकार ने भुगतान के लिए राशि आवंटित की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार के हाथ खींचने के बाद सालों से वेतन नहीं मिलने से बेहाल जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के कर्मियों को झारखंड सरकार ने राहत दे दी है। बकाया 9 से 10 माह का मानदेय भुगतान का आदेश दिया है। ग्रामीण विकास विभाग ने इसके बाद डीआरडीए पदाधिकारियों-कर्मियों को वेतन भुगतान के लिए 16.57 करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर दी है। ऐसे में अब डीआरडीए कर्मियों को बकाया वेतन मिलने लगा है। यह राशि राज्य सरकार ने अपने फंड से दी है जिसका लाभ लगभग 500 कर्मियों को होगा।

बतातें चलें कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने झारखंड सहित सभी राज्यों में चल रही डीआरडीए को बंद करने का फैसला लिया है और राज्यों को सुझाव दिया है कि इनमें कार्यरत कर्मियों की सेवा का समायोजन जिला परिषद में कर दिया जाये। डीआरडीए को एक अप्रैल 2022 से बंद किया गया और वेतन सहित अन्य मदों पर राशि आवंटन रोक दिया।

## मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने संभाला जलछाजन मिशन में सीइओ का पद



**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को झारखंड राज्य जलछाजन मिशन में सीईओ का पदभार ग्रहण कर लिया। विभागीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। योगदान के बाद राजेश्वरी बी ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। मालूम हो कि मनरेगा आयुक्त को झारखंड राज्य जलछाजन मिशन (ग्रामीण विकास विभाग) अतिक्ति प्रभार दिया गया है। बताया जा रहा है कि मनरेगा में राजेश्वरी बी ने एक अलग पहचान बनायी है। अपने छोटे कार्यकाल में उन्होंने ढेरों उपलब्धियां हासिल की है।

### खबर एक नजर में

## मनी लांड्रिंग : कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कोलकाता निवासी महावीर प्रसाद रूगंटा की ओर से दायर व्यक्तिगत पेशी से छूट से संबंधित अर्जी पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना फैसला 28 फरवरी को सुनाएगी। आरोपी पर आयरन ओर की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

## मनी लांड्रिंग : मधु कोड़ा समेत तीन की पेशी

**रांची।** ₹3500 करोड़ से अधिक की मनी लाउंड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत सात आरोपियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर ईडी कोर्ट में बुधवार को हाजिरी लगाई। मामले में ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत करना था लेकिन, गवाह के नहीं आने के कारण गवाही नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 13 मार्च निर्धारित की है। मामले में मधु कोड़ा के साथ विनोद कुमार सिन्हा, उसका भाई विकास कुमार सिन्हा, हरियाणा निवासी अरविंद व्यास, मुंबई निवासी मनोज पुनमिया, कोलकता निवासी विजय जोशी एवं पुणे निवासी अनिल बस्तावड़े शामिल हैं।

## टेरर फंडिंग मामले में गवाह पेश

**रांची।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में बुधवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में अभियोजन की ओर से गवाह एके मंडल को प्रस्तुत किया गया। मामले में एनआईए ने तीन दिन में एके मंडल के साथ साइरस अग्रवाल एवं सुकेश्वर कुमार की गवाही दर्ज कराई। तीनों गवाहों का बचाव पक्ष की ओर से जिरह होने के बाद अदालत ने डिस्चार्ज किया। मामले में एनआईए ने अब तक 72 गवाहों को प्रस्तुत किया है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 फरवरी निर्धारित की है। मालूम हो कि मामले में दिनेश गोप के साथ विनोद कुमार, चंद्रशेखर कुमार, नंद किशोर महतो, मोहन कुमार उर्फ राजेश कुमार, सुमंत कुमार उर्फ पवन कुमार, नंद लाल स्वर्णकार, चंद्रशेखर सिंह, अरुण गोप, जितेंद्र कुमार व नवीन भाई जयंती भाई पटेल शामिल है।

## मनी लांड्रिंग : राजीव कुमार-अमित अग्रवाल के आरोप गठन पर सुनवाई दस मार्च को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई अब 10 मार्च को होगी। ईडी कोर्ट में बुधवार को दोनों के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी लेकिन,अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई लंबित रहने के कारण समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने 10 मार्च की तारीख निर्धारित की। इससे पूर्व राजीव कुमार ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अदालत में हाजिरी लगाई। जबकि, अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता ने हाजिरी दी। मालूम हो कि कोलकाता कैश कांड में गिरफ्तार होने के 18वें दिन ईडी ने राजीव कुमार को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में केस दर्ज किया।

## चितरंजन जीआरपी थानेदार सस्पेंड

**रांची।** बार बाला के साथ ठुमका लगाने वाले चितरंजन जीआरपी रेल थाना प्रभारी सुरेश पासवान को निलंबित कर दिया गया गया है। रेल डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धनबाद रेल एसपी ने यह कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। रेल एसपी धनबाद के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया में जीआरपी थाना चित्तरंजन के बगल में स्थित शिव मंदिर में शिवरात्री समारोह पर महिला डांसरों के साथ रेल थाना प्रभारी सुरेश पासवान द्वारा ठुमके लगाये जाने का वीडियो वायरल हुआ था। महिला डांसरों के साथ अश्लील गाने में ठुमके लगाये जाने से पुलिस जैसे अनुशासनिक विभाग की छवि धूमिल हुई है, जो इनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता, संदिग्ध आचरण एवं एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी होने का परिचायक है।

# रामगढ़ फतह के लिए भाजपा कर रही कारपेट बांबिंग

**उदय चौहान**





**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास व विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के अलावा आधा दर्जन नेताओं की चुनावी सभा आज, सांसद आदित्य साहू करेंगे चाय पर चर्चा, राजग के गठबंधन साथी आजसू पार्टी की प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जीत दिलाने के लिए समन्वय के साथ चलाया जा रहा चुनाव प्रचार अभियान**

**रांची।** झारखंड में फिर एक बार सियासी पारा चढ़ान पर है। रामगढ़ उपचुनाव में सियासी दलों का गर्जन-मर्दन तेज हो गया है। भाजपा अपने गठबंधन सहयोगी आजूस पार्टी को विजयश्री की माला पहनाने के लिए कॉरपेट बॉबिंग कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा अलग-अलग स्थानों पर आज गुरूवार को है। इसके पहले केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की चुनावी सभा व समन्वय बैठक हो चुकी है। चाय पर चर्चा के बहाने सांसद जयंत सिन्हा और आदित्य साहू लगातार प्रचार अभियान को गति देने में जुटे हैं। वहीं, महागठबंधन प्रत्याशी और निवर्त्तमान विधायक ममता देवी के पति बजरंग गुप्ता के पक्ष में सीएम हेमंत सोरेन समेत कांग्रेस के तमाम नेता चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

इधर, आजसू पार्टी ने साफ कर दिया है कि अब भाजपा के साथ समन्वय बना कर चुनाव प्रचार कर रहा है। रामगढ़ के बरलंगा, गोला, गुमटी, कुजू आदि क्षेत्रों में आजसू पार्टी ने अभी से बढ़त दर्ज करने का दावा किया है। भाजपा ने भी इस बार हर हाल में उपचुनाव में जीत का सुखा टालने के लिए पसीना बहा रही है। एनडीए फोल्डर के तहत ही आजसू रामगढ़ उपचुनाव लड़ रही है लेकिन, भाजपा ने इस उपचुनाव को अपने साख का सवाल बना लिया है। रामगढ़ में विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के खबरों का बाजार गर्म है। महागठबंधन और भाजपा चुनावों के लिए पहले से ही अंदरूनी तैयारी में जुटे हैं।

इधर, रामगढ़ के कई इलाकों मे कांग्रेस प्रभारी अपने सहयोगी दलों झामुमो और राजद के साथ मिलकर चुनाव अभियान को धार देने में जुटे हैं। अविनाश पांडेय के अलावा राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरांव, बंधु तिकी समेत कई नेताओं का प्रचार जारी है।

### महागठबंधन को झटका देने की तैयारी में भाजपा

सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक 27 फरवरी को होने वाले रामगढ़ उपचुनाव में आजसू और भाजपा का गठबंधन प्रचार अभियान को गति देने में लगे हैं। दोनों दलों की कोशिश होगी कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले होने जा रहे उपचुनाव को जीतकर हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सत्ताधारी महागठबंधन को झटका दिया जाये। वहीं, सूत्रों ने बताया कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व और आजसू के बीच रामगढ़ उपचुनाव को लेकर गठबंधन की बात पक्की हो गई है। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद रामगढ़ उपचुनाव झारखंड का पांचवां उपचुनाव है। इससे पहले दुमका, मधुपुर, बेरमो और मांडर में उपचुनाव हो चुका है। चारों जगहों पर आजसू ने भाजपा का समर्थन किया था। हालांकि भाजपा के चारों प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था।

गौरतलब है कि 2019 के चुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी दूसरे नबंर पर थीं। इन आंकड़ों के आधार पर आजसू ने भाजपा के सामने रामगढ़ विधानसभा सीट पर अपना दावा ठोका है। भाजपा का प्रदेश नेतृत्व ने भी इस पर सहमति जताई है। भाजपा का कहना है कि जनता अन्याय के विरुद्ध मुखर होकर सामने आये और एनडीए उम्मीदवार को जीत दिलाकर इतिहास रचे।

# दो नक्सली एनआइए की रिमांड पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लातेहार के चंदवा में लुकैया मोड़ पर नवंबर 2019 की रात पुलिस गश्ती दल पर हमला कर एक एएसआई और गृह रक्षा वाहिनी के तीन जवानों की हत्या के बाद हथियार लूटकर फरारी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो नक्सलियों को रिमांड पर लिया है। इन नक्सलियों में बिहार के औरंगाबाद जिले के कदिबरा क्षेत्र के भूपनगर का रहने वाला अमन गंझू और झारखंड के लातेहार जिले के चंदवा क्षेत्र के मदमा का रहने वाला मुनेश्वर गंझू उर्फ मुंशी शामिल है। अमन गंझू ने बीते 28 दिसंबर को ही झारखंड पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था। वह माओवादियों का रिजनल कमेटी सदस्य था और झारखंड सरकार ने उसपर 15 लाख का इनाम रखा था। वहीं, एनआइए ने भी उस पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

वहीं, मुनेश्वर गंझू माओवादियों का जोनल कमांडर था, जिसे लातेहार पुलिस ने बीते साल 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

**एनआइए ने दोनों आरोपियों को लिया रिमांड पर** : मुनेश्वर पर पुलिस ने दस लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। दोनों ही नक्सलियों को एनआईए ने 25 फरवरी तक के लिए रिमांड पर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है। एनआईए दोनों ही नक्सलियों से घटना में शामिल उनके साथियों व साजिशकर्ताओं के साथ-साथ हथियार और विस्फोटक उपलब्ध कराने वालों की जानकारी ले रही है।

**एनआइए ने 24 जून 2020 को दर्ज किया था एफआइआर** : लातेहार की उक्त घटना को एनआईए ने 24 जून 2020 को टेकओवर करते हुए एफआइआर केस दर्ज किया था। इस केस में अनुसंधान के बाद एनआइए ने 30 अप्रैल 2021 को बिहार-झारखंड के 34 भाकपा माओवादियों पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। इससे पहले लातेहार पुलिस ने अपनी पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

**घटना के एक सप्ताह पहले बीयरजंघा जंगल में बनी थी योजना** : एनआईए की पहली पूरक चार्जशीट में इस बात का खुलासा हो चुका है कि माओवादियों के एक करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य सह बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी सचिव अनल दा उर्फ रमेश उर्फ पतिराम मांझी ने पुलिस पार्टी पर हमले की योजना बनाई थी।

**रवींद्र गंझू कर रहा नेतृत्व** : हमले के एक सप्ताह पहले उक्त योजना को बीयरजंघा जंगल में अंतिम रूप दिया गया था। हमले के नेतृत्व का जिम्मा रिजनल कमांडर रवींद्र गंझू को मिला था। इसमें नक्सलियों का उद्देश्य पुलिस-पदाधिकारियों का हथियार लूटकर पुलिस को कमजोर करना था।

**एनआइए ने जब्त की थी 50 लाख की संपत्ति** : जांच के क्रम में एनआईए ने लातेहार में रवींद्र गंझू की 50 लाख रुपये की अचल संपत्ति को भी जब्त किया था। उसका सहयोगी ठेकेदार मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह भी पूर्व में एनआईए के हाथों गिरफ्तार हो चुका है।

## मोरहाबादी में पर्यावरण मेला का उद्घाटन, डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा

# आदिवासी ही पर्यावरण के सच्चे संरक्षक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी ही पर्यावरण के सच्चे संरक्षक हैं। डॉ उरांव बुधवार को पर्यावरण मेला का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राँची में 1963-64 में जून में भी रात में भी कंबल ओढ़ना पड़ता था। उस समय रांची के घरों एवं कार्यालयों में पंखा का कोई कंसेप्ट नहीं था। आज फरवरी में ही गर्मी का आभास हो रहा है। धूप कड़ी लग रही है। यह परिस्थिति मानव निर्मित है। मौसम की अनियमितता के कारण फसलों की उपज में प्रतिकूल असर पड़ा है। जिसके कारण मानव के सामने खाद्यान्न संकट खड़ा हो जायेगा। हमें प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। पहले के ऋषिमुनि आदि भी प्रकृति की उपासना एवं संरक्षण करते थे। आज के युग में आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक हैं। वे जंगलों को काटते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही लोगों में प्रकृति के प्रति रूचि बढ़ेगी और वे प्यार्वरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे।

इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि प्यार्वरण संरक्षण की दिशा में पहल उस समय आरंभ हुआ, जब पहली बार वर्ष 2004 में पहली बार लोकसभा चुनाव के समय हमलोग दामोदर नदी के किनारे आस-पास के इलाकों में घूम कर चुनाव प्रचार कर रहे थे। दामोदर नद की दशा अत्यंत दयनीय थी। डीवीसी एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों का कचरा दामोदर नदी में सीधे गिर रहा था। दामोदर नदी, गंगा नदी से भी अधिक पुरानी है। आज दामोदर औद्योगिक प्रदूषण से लगभग 90 प्रतिशत से अधिक साफ हो चुका है। आज नदियों एवं जलाशयों के लिए नगरीय प्रदूषण एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। प्रतिवर्ष दामोदर के उद्गम स्थल से लेकर पंचेत डैम, धनबाद तक 40 स्थानों पर एक साथ गंगा दशहरा मनाया जाता है और नदी की पूजा की जाती है। पर्यावरण को संतुलित एवं संरक्षित रखने के लिए केवल संस्थानों, सरकारों के भरोसे से नहीं होगा।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक ने कहा कि 1972 में हुए स्टॉक होम अधिवेशन में हुए समझौते का अधिकांश देश पालन नहीं कर रहे हैं। हमारे भारत में भी ऐसा ही हो रहा है, जो काफी चिंतनीय है। जिस तरह से दामोदर नदी का कायाकल्प हुआ है वैसी ही अन्य नदियों पर कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर विधायक सीपी सिंह एवं सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने भी विचार व्यक्त किया। मेले में संजीव शंकर एवं अश्विनी शंकर ने शहनाई वादन कर लोगों का मनोरंजन किया।

## सांसद ने हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में विभिन्न संगठनों के साथ की बैठक

# जी-20 बैठक की मेजबानी मिलना रांची के लिए गौरव की बात : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बुधवार को जी-20 को लेकर विभिन्न संगठनों के साथ तैयारी बैठक की। यह बैठक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में की गयी थी। इसकी अध्यक्षता संजय सेठ ने की। श्री सेठ ने कहा कि जी-20 की बैठक की मेजमानी मिलना रांची के लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मार्च के प्रथम सप्ताह में जी.20 के प्रतिनिधि रांची आयेंगे। यह रांची शहर की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय छवि बनाने के लिए एक बेहतर अवसर है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों को शहर को साफ-सुथरा रखने व तैयारी करने में अभी से जुटने की अपील की। उन्होंने तीन मार्च को अपने अपने घरों के आगे रंगोली बनाने की बात कही। 2 और 3 मार्च को घरों के सामने दो दो दीपक अवश्य जलायें। जिन रास्ते से अतिथि गुजरेंगेए उन रास्तों पर पुष्प वर्षा करें। नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रयास करें कि कम से कम हॉर्न बजाएं। बैठक में फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, झारखंड ट्रक मालिक संघ, रांची मोटर डीलर एसोसिएशन, झारखंड स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, हिनू महिला समिति, रांची बंग समाज, पंजाबी हिंदू बिरादरी, रांची राउंड टेबल, चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच, महेश्वरी सभा, ब्राशण सभा,राष्ट्रीय युवा शक्ति, श्री महावीर मंडल डोरंडा, केंद्रीय समिति कॉस्मोक क्लब सहित दर्जनों की संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के लोग उपस्थित थे।

# जेबीवीएनएल बिजली चोरी के खिलाफ लगातार चला रहा छापेमारी अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिजली चोरी के खिलाफ राज्य भर में अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से बुधवार को अभियान चलाया जा रहा है। जहां, रांची शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में भी छापेमारी की जा रही है। इस संबध में झारखंड बिजली वितरण निगम मुख्यालय की ओर से आपूर्ति कार्यालयों को आदेश जारी किया है, जहां अलग-अलग इलाकों में सघन छापेमारी करने का आदेश दिया गया है। छापेमारी के दौरान विद्युत आपूर्ति कार्यालय रांची में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जहां से रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के सभी पांच जिलों की मॉनिटरिंग की जायेगी। निगम अधिकारियों की मानें तो इस दिन सुबह छह बजे से ही अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी इलाकों में अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं, शाम छह बजे तक अभियान चलाया जायेगा। निगम ने इसके लिये पहले ही छापेमारी दस्ता का गठन किया है।

**छापेमारी दस्ता के लिए अलग से दिशा निर्देश जारी** : निगम की ओर से छापेमारी दस्ता के लिये अलग से दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि दस्ता जिस भी परिसर में जांच के लिए जायेगी, वहां सुनिश्चित करेगी कि चोरी की बिजली नहीं जलायी जा रही हो।

## खबर एक नजर में

### साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म का आरोपी रिहा

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के आरोपी संदीप उरांव कुजूर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत तीन की गवाही दर्ज की गई थी। पीड़िता गवाही के दौरान पूर्व के बयान से पलट गई। इसका लाभ आरोपी को मिला। घटना को लेकर पीड़िता ने मांडर थाना में 2018 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### खूंटी में हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी थाना पुलिस ने रविवार को रनिया थाना क्षेत्र के एक बाजार में हीरानमन कोनगाड़ी हत्या मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हेरमन तोपनो, जसमन तोपनो और अनिल सोरेन है। गौरतलब हो कि हीरानमन कोनगाड़ी का गांव के ही सोमरा होरो से किसी बात को लेकर बकझक हुई थी। दोनों में बात इतनी बढ़ गई थी कि हीरानमन कोनगाड़ी ने चाकू से सोमरा पर हमला कर दिया था। यह देख सोमरा और ग्रामीण उत्तेजित हो गए थे। ग्रामीणों ने हीरानमन कोनगाड़ी को पीट-पीट कर मार डाला था।

### गजल गायिका मृणालिनी अखौरी सम्मानित



**रांची।** मां भद्रकाली की धरती पर राजकीय इटखोरी महोत्सव के समापन समारोह में डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने गीत गजलों का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने मां भद्रकाली को स्वरचित एक भजन समर्पित कर फिर गजलों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा डीसी, डीडीसी, एसडीओ एवं डीएसपी आदि ने भी कार्यक्रम को काफी सराहा। डॉक्टर मृणालिनी अखौरी के साथ तबले पर संजीव कुमार पाठक, ऑर्गन पर दीपक कुमार वैद्य, गिटार पर समित दास, ऑटो पैड पर अतनु चटर्जी ने साथ दिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉक्टर नलिनी अखौरी को मां भद्रकाली की प्रतिमा सहित मोमेंटो और शॉल देकर चतरा डीसी और विधायक ने सम्मानित किया।

### अयोध्यापुरी में आज नहीं रहेगी 2 घंटे बिजली

**रांची।** गुरुवार को 11 केवी अयोध्यापुरी- बांधगाड़ी फीडर सुबह 7 .30 बजे से 9 .30 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान सुरेंद्रनाथ स्कूल के निकट यूजी केबल डीपी का काम किया जाएगा। इसके कारण अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी, इमामकोठी व आसपास के क्षेत्र में दो घंटे बिजली नहीं रहेगी।

### डीएसपीएमयू की छात्रा इकाई समिति गठित

> आधी आबादी को सशक्त करने के लिए आजसू कटिबद्ध : अभिषेक

**रांची।** आजसू के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्रा इकाई गठन किया गया। प्रभारी अभिषेक झा ने सूची जारी की। अध्यक्ष- आयुषी कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष- ज्योति उरांव, नैना कुमारी, शीतल, तन्नू, सलोनी, नेहा सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष- श्रुति मिश्रा, जयश्री जयसवाल, अंजू तिर्की, शिवानी वर्मा, महासचिव-अंशु कुमारी, सचिव- पल्लवी दुबे, जयंती कुमारी, अपर्णा, अनीता कुमारी, आंचल कुमारी, उप सचिव- कीर्ति कुमारी, स्तुति जैन, संजना, ईशा, अनिता सिंहा, प्रवक्ता- स्वाति सिन्हा, कोषाध्यक्ष - अनुष्का कुमारी, मीडिया प्रभारी- सृष्टि कुमारी को मनोनीत किया गया है।

## एचइसी के निदेशकों के साथ बैठक

# एचइसी की समस्याओं को दूर करना जरूरी : सांसद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि एचइसी की समस्याओं का समाधान करना आवश्यक है। श्री सेठ बुधवार को एचइसी के निदेशकों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बकाया राशि का अविलम्ब भुगतान किया जाना चाहिये। बकाया वेतन, एचइसी की दुकानों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा नेता विनय जायसवाल, निदेशक वित्त आरके द्विवेदी, कार्मिक निदेशक एके बेहेरा, नगर प्रशासक आरके झा व प्रभाकर शर्मा भी उपस्थित थे। एचइसी की ओर से आश्वासन दिया है कि होली से पहले वेतन भुगतान किया जायेगा एवं कंपनी को चलाने का विस्तृत कार्ययोजना भी साझा किया।

अधिकारियों का कहना है कि सारे निदेशकगण की उपस्थिति में लोअर एवं मिडल अधिकारियों से कंपनी चलाने के विस्तृत कार्ययोजना को साझा करे। जिससे की लोअर एवं मिडल प्रबंधन के अधिकारियों एवं उच्च प्रबंधन के बीच के विश्वास को कंपनी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुनः बहाल किया जा सके। मौके पर उपस्थित अधिकारियों के तरफ से पीएस पासवान, पुनेंदु दत्त मिश्रा, तनवीर आलम, सुभाष चंद्रा एवं यूनियन के प्रतिनिधियों में रमाशंकर प्रसाद, विकास तिवारी, जीतू लोहरा, रामकुमार नायक, विमल महली और हरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# रिम्स के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग में अंडाशय कैंसर पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** सर्जिकल ऑकोलॉजी डिपार्टमेंट रिम्स रांची द्वारा बुधवार को अंडाशय कैंसर पर लाइव सर्जिकल वर्कशॉप का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अनिक घोष सीनियर कंसलटेंट टीएमसी कोलकाता के द्वारा लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किया गया। इसमें थर्ड स्टेज ओवेरियन कैंसर के मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया जिसे साइटोरिडक्टिव सर्जरी कहा जाता है। सर्जरी करीब 6 घंटे के लगभग चली। सर्जरी के बाद ऑपरेशन के दौरान पेशेंट को इंट्रा पेरिटोनियल कीमोथेरेपी दी गई, जिस तकनीक को हाईपेक कहा जाता है। ऐसी पद्धति झारखंड में पहली बार आयोजित की गई। इस नई तकनीक द्वारा कैंसर के मरीजों को ऑपरेशन के बाद हम लोंग टर्म सर्वाइवल दे सकते हैं। इस ऑपरेशन का लाइव टेलीकास्ट एकेडमिक एकेडमिक ब्लॉक रिम्स के लेक्चर थियेटर नंबर 1 में किया गया। रिम्स के सभी विभागों के सीनियर डॉक्टर एवं पीजी स्टूडेंट एवं राज्य के सभी कैंसर रोग विशेषज्ञ इस समारोह में उपस्थित थे।

ऑपरेशन के पश्चात मरीज पूर्णता स्वस्थ है और उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। इस तरह का सफल आयोजन रिम्स निदेशक पदम श्री कामेश्वर प्रसाद सर एवं सर्जिकल ऑकोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ अजीत कुशवाहा एवं डॉ रोहित झा के सफल प्रयास से हो पाया।

# लेंट पश्चाताप, त्याग, तपस्या और प्रार्थना से आत्मिक नवीकरण की अवधि : पोप फ्रांसिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राख बुध (ऐश वेडनेसडे) की मिस्सा आराधना के साथ मसीह के विश्वास में बढ़ने वाले सभी चर्च के खीस्तीय अनुयायियों का चालीसा (लेंट) बुधवार से आरंभ हो गया। मसीही विश्वासियों के लिए चालीस दिनों की यह चालीसा (लेंट) वास्तव में येसु ख्रीस्त के दुःखभोग, क्रूस मरण को स्मरण करने का है। इस अवसर पर राजधानी रांची के सभी चर्च, जिसमें रोमन कैथोलिक कलीसिया, चर्च ऑफ नॉर्थ (सीएनआई) के मसीही विश्वासियों के चर्च, लूथेरन विश्वासियों में जीईएल एवं एनडब्ल्यूजीईएल विश्वासियों के गिरजाघरों में आज वहां के पुरोहितों की अगुवाई में राख बुध की मिस्सा आराधना हुई। इसी आराधना में सभी मसीही विश्वासियों के कपाल पर आशीष किए हुए खजूर की डालियों को जलाकर तैयार राख से क्रूस का निशान बनाया गया।

राख बुध के मौके पर डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में प्रातः 5:00 बजे ऐश वेडनेसडे की प्रथम मिस्सा चढ़ाई गयी। जिसमें मुख्य अनुष्ठक व उपदेश्क फादर जॉर्ज रहे। प्रातः 6:30 बजे की दूसरी मिस्सा के अनुष्ठख फादर दीपक रहे। वहीं दिन के 8:00 बजे तीसरी मिस्सा की अगुवाई रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड ने की। अपराह्न 3:00 बजे की चौथी मिस्सा के अनुष्ठक फादर निखिल मिंज रहे जबकि पांचवीं व अंतिम मिस्सा संध्या 5:00 बजे फादर बिपिन की अगुवाई में हुई। रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे के पूर्वघोषित निर्देशानुसार रोमन कैथोलिक विश्वासियों के सभी गिरजाघरों में रांची आर्चडायसिस द्वारा जारी संत पापा का चालीसा संदेश -2023 पढ़ कर सुनाया।

पोप फ्रंसिस ने कहा कि चालीसा की अवधि हम सभी मसीहियों को एक उंचे पर्वत पर चढ़कर अध्यात्मिकता की गहराई में बढ़ने व पवित्रता को अनुभव करने का है। कहा कि चालीसा काल की त्याग तपस्या, ईश्वरीय कृपा से संचालित एक व्यक्तिगत चुनाव है। इसके द्वारा प्रत्येक मसीही अपने विश्वास की कमी पर विजय प्राप्त करते हैं। चालीसा काल की आध्यात्मिक तैयारी में सभी मसीहियों को सामान्य जीवन से अलग सांसारिक भोग विकास के जीवन से दूर रहने पर जोर दिया है। चालीसा की यह अवधि प्रत्येक मसीही को परमेश्वर की इच्छा और उसके राज्य की सेवा में हमारे कार्यों को बेहतर ढंग से समझने और करने के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। पोप फ्रांसिस ने सभी मसीहियों का आह्वान करते हुए कहा है कि उठो डरो मत। पवित्र आत्मा आप सभी को येसु केसाथ यात्रा करने में मददगार हों। आप विश्वास में मजबूत रहें व येसु के साथ यात्रा में धीर रहें।

राख बुधवार पर संत पॉल कैथेड्रल चर्च रोड, क्राइस्ट चर्च मेन रोड, संत जेम्स चर्च पीस रोड लालपुर, ऑल सेंट्स चर्च डोरंडा, होली एंजिल्स चर्च कोकर, संत फ्रांसिस चर्च हरमू, ट्रिनिटी चर्च कडरु समेत सभी गिरजाघरो में ऐश वेडनेश डे की प्रार्थना और माथे पर राख से क्रूस का निशान बनाकर अध्यात्मिकता में बढ़ने के संकल्प के साथ चालीसा शुरु हुआ।

# ख्रीस्तीयों के लिए आध्यात्मिकता में सुसज्जित होने और भरपूर कृपा पाने का अवसर है चालीसा : कुलदीप तिर्की

> प्रभु की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए हृदय व मन को प्रभु के सामने नम्र बनायें

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** चालीसा पुण्यकाल ख्रीस्तीय अनुयायियों के लिए अपने जीवन की आध्यात्मिकता में सुसज्जित होने तथा ईश्वर की भरपूर कृपा प्राप्त करने का अवसर है। राँची महाधर्मप्रान्तीय यूथ को-ऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को बताया कि इसे समझने के लिए एक लधु कथा को जानें। इस कथा में सवियो नाम का पांच वर्षीय एक बच्चा अपनी माँ के साथ किसी दुकान पर शॉपिंग करने गया। दुकानदार ने बच्चे की मासूमियत देख कर टॉफियों का डिब्बा खोलकर उससे कहा लो बेटा टॉफी ले लो। दुकानदार के प्यार भरे आग्रह के बावजूद बालक सवियो ने बहुत ही सहजता से टॉफी लेने से इंकार कर दिया। बालक के इंकार करने के बाद दुकानदार और बच्चे की माँ ने भी उससे टॉफी ले लेने को कहा पर वह मना करता रहा। अंत में हार कर दुकानदार ने खुद ही अपने हाथ से ढेर सारी टॉफियां निकाल कर बच्चे के हाथ में थमा दिया। बच्चा टॉफियों ले कर अपनी जेब में डाल लिया।

दुकान से वापस आने के क्रम में उसकी माँ ने पूछा कि जब दुकान वाले अंकल तुम्हे टॉफी लेने को कहा तब तुमने नहीं ली और उन्होंने अपने हाथों से दिया तब तुमने ले लिया ऐसा क्यों ? बच्चे ने बड़ी ही मासूमियत से जवाब दिया - माँ मेरे हाथ अभी छोटे-छोटे हैं अगर मैं अपने हाथों से टॉफियां लेता तो सिर्फ 2 या 3 टॉफी ही ले पाता। लेकिन अंकल के हाथ बड़े हैं इसलिए मुझे ढ़ेर सारी टॉफियां मिल गयी।

**ईश्वर से कृपा पाने के समय या माँगने के समय कहीं हमारे हाथ छोटे तो नहीं** : ईश्वर भी उसी दुकानदार की तरह हैं जो हमें दिन पूरा समंदर देना चाहते हैं लेकिन हम अपनी समझ और मानसिकता के कारण हाथ में छोटा कटोरा या ग्लास लेकर खड़े हैं। हमें स्मरण रखने की जरुरत है कि हम हाथ में छोटा कटोरा या ग्लास लेकर खड़े हों जब भी भगवान देता है तो अपनी मर्जी से देता है और वह हमारी उम्मीद और सोच से परे होता है। पवित्र बाईबिल हमें बताती है कि ईश्वर हमें हमारी प्राथनाओं और कल्पना से परे आशीर्वाद देते हैं। ईश्वर की इच्छा और समय की पूर्णता के बिना कुछ हासिल नहीं होता, इसलिए इस चालीसा काल में खुद को उन कृपाओं को पाने के लिए उस बच्चे की तरह अपने हृदय और मन को प्रभु के सामने नम्र अपने को समर्पित करते हुए तैयार करें। ताकि ईश्वर हमेशा हमारे माँगने से ज्यादा हमें दें।

# एचइसी से नहीं मिला एनओसी, रुक गयीं रांची स्मार्ट सिटी की योजनाएं

## रेलवे लाइन और अंडपास होने के कारण नहीं दिया जा रहा है एनओसी




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी की योजनाएं लैंड इश्यू के कारण रुक गयी है। डीड ऑफ कन्वेंशन के मुताबिक, एचइसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) ने रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को 656.3 एकड़ जमीन दी थी। लेकिन, अब भी 9.22 एकड़ जमीन एचइसी से स्मार्ट सिटी को हस्तांतरित नहीं हुआ है। यह जमीन स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया से एचइसी के एफएफपी प्लांट जाने वाली रेलवे लाइन की है। रेलवे लाइन और अंडपास होने के कारण एचइसी इस जमीन का एनओसी स्मार्ट सिटी को नहीं दे रहा है।

एचइसी ने इसकी जगह दूसरे स्थान पर 9.22 एकड़ जमीन देने की बात की है। लेकिन, स्मार्ट सिटी को डर है कि कहीं एचइसी अतिक्रमण वाली जमीन न दे दे। लैंड इश्यू के कारण पहले से ही स्मार्ट सिटी की कई योजनाएं रुकी हुई हैं, इसलिए कॉरपोरेशन फ्रेश जमीन ही लेने की मांग कर रहा है। स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया में एचइसी के तीन प्लांट (एफएफपी, एचएमटीपी और एचएमबीपी) के रेलवे लाइन गुजर रही थीं। इनमें से दो एचएमटीपी और एचएमबीपी के रेलवे ट्रैक और अंडरपास को हटाने के बाद स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने डेवलपमेंट का काम शुरू किया। लेकिन, एफएफपी के रेलवे लाइन और अंडरपास को लेकर मामला फंस गया है।

दूसरी तरफ स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया में ही 12 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण अबतक हट नहीं पाया है। इसके कारण मंत्री बंगलो के आगे जाने वाली सड़क का काम 6 महीने से बंद पड़ा है। मूसाटोली में 22 आदिवासी परिवार रहते हैं। मकान, बारी, सरना और मसना मिलाकर कुल 12 एकड़ जमीन पर उनका दावा है। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने सितंबर 2022 में वहां अतिक्रमण हटाने का काम शुरू भी किया। लेकिन स्थानीय लोगों और नेताओं के विरोध के कारण काम बंद करना पड़ा। मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि जबतक 22 परिवारों को दूसरी जगह नहीं बसाया जाता है, तबतक उन्हें विस्थापित न किया जाए। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने जिला प्रशासन को उनके लिए जमीन देखकर उन्हें बसाने का जिम्मा दिया है, लेकिन अबतक जमीन ही फाइनल नहीं हुई है।

स्मार्ट सिटी के 11 प्लॉट का ऑक्शन हो चुका है। 9 बड़े प्लॉट का ऑक्शन मार्च 2021 में ही हो गया था। निवेशकों ने जमीन की पूरी राशि भी जून 2022 तक जमा कर दी थी। लेकिन एचईसी से एनओसी नहीं मिलने के कारण अबतक उन प्लॉट की रजिस्ट्री शुरू नहीं हुई है। जबतक डेवलपर के नाम जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी, तबतक वे नक्शा पास नहीं करा पाएंगे और उसपर काम भी शुरू नहीं कर पाएंगे। स्मार्ट सिटी पर राशि बकाया होने के कारण एचईसी ने इन प्लॉट्स को एनओसी नहीं दिया था। स्मार्ट सिटी ने ढाई करोड़ रुपये बकाया का भुगतान एचईसी को कर दिया है। जल्द ही एनओसी मिलने के बाद बिल्डर नक्शा पास कराके काम शुरू करेंगे।

# सीआरपी-बीआरपी का चार सालों में एक बार भी नहीं बढ़ा मानदेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सेवा दे रहे पारा शिक्षकों और परियोजना कर्मियों की तरह सीआरपी-बीआरपी स्कूली छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एक ओर परियोजना कर्मियों के मानदेय में हमेशा बढ़ोतरी हो रही है। पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक बनाकर बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन सीआरपी बीआरपी के मानदेय में पिछले 4 सालों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से झारखंड में कार्यरत बीआरपी सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गई है। यही कारण है कि बुधवार को संघ के डेलिगेशन शिक्षा सचिव कार्यालय जाकर शिक्षा सचिव ने एक नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें मानदेय बढ़ाने की मांग की गयी है।

### पारा शिक्षकों के साथ कदमताल करने वाले आज भी बेबस

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के बाद से मानदेय में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि राज्य में कार्यरत 2900 बीआरपी सीआरपी अपनी मांगे सरकार के समक्ष रखते आए हैं। संघ के महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया गया। लेकिन बीआरपी सीआरपी की चर्चा तक नहीं की गई। वहीं धरातल पर विद्यालयों से जुड़कर सीधे ईमानदारी पूर्वक कई तरह के कार्य करने वाले सीआरपी बीआरपी में सरकार की उदासीनता के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी को हेमंत सरकार पर बहुत भरोसा था, लेकिन यह भरोसा अब हताशा में बदलने लगी है।

विदित हो कि बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमिटी ने नवंबर 2022 में ही विभाग को अपना निर्णय और रिपोर्ट दे दी थी। लेकिन उक्त निर्णय को अब तक कैबिनेट के द्वारा पारित नहीं कराया जा सका।

उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित विद्यालय का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी सीआरपी को अधिकतम 17500 एवं 16500 मानदेय दिया जा रहा है। वहीं सहायक अध्यापकों का मानदेय जनवरी 2022 से ही 22500 कर दिया गया। चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी लागू कर दी गई। लेकिन बीआरपी सीआरपी के संदर्भ में कोई विचार नहीं किया गया। कृष्णा प्रसाद ने कहा कि महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निदेशों का पालन कर रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षा पूर्ण नीति के कारण बीआरपी सीआरपी का मनोबल टूटने लगा है।

# स्काउट-गाइड के राज्य मुख्यालय में चिंतन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य मुख्यालय, रांची में बुधवार को चिंतन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां सिस्टर तेरेसिता ने स्काउट-गाइड ध्वज फहराया। झंडारोहण के समय डॉ श्रीमोहन सिंह राज्य सचिव, खुबलाल कुमार राज्य कोषाध्यक्ष, आशा बागे राज्य संगठन आयुक्त (गाइड), लिली ग्रेस तिग्गा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), सुभाष कुमार प्रियदर्शी संयुक्त राज्य सचिव, रोवर तथा संत कुलदीप हाई स्कूल, हरमू, रांची के 50 गाइड उपस्थित थे। सबने सामूहिक रूप से स्काउट-गाइड प्रार्थना एवं झंडा गीत गाकर झंडारोहण प्रक्रिया को पूरा किया गया।

इस अवसर पर गाइड ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत सहित अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। राज्य सचिव ने लॉर्ड बेडेन पावेल तथा लेडी बेडेन पावेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। सिस्टर तेरेसिता ने पूरे विश्व में इस संगठन के प्रसार और स्काउट-गाइड को मिलने वाले पुरस्कार व लाभ की बातें विस्तार से बतायीं। साथ ही, आशा बागे, लिली ग्रेस तिग्गा, खुबलाल कुमार एवं सुभाष कुमार प्रियदर्शी ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने मनाया स्थापना दिवस व कैपिंग सेरेमनी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्वर्णरेखा कॉलेज आफ नर्सिंग में बुधवार को विद्यार्थियों का कैपिंग सेरेमनी सह स्थापना दिस मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि झारखंड में नर्सिंग कॉलेज की बहुत आवश्यकता है। पहले जो छात्राएं दूसरे राज्यों में नर्सिंग की शिक्षा लेने जाती थीं, उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय नर्सिंग कॉलेज होने से ऐसा नहीं होगा।

विशेष अतिथि डॉ भूपेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक साइंस एंड टॉक्सीकोलॉजी ने विद्यार्थियों से नर्सिंग फॉरेंसिक साइंस की विशिष्टता पर चर्चा की। संस्थान के संस्थापक डॉ श्रीप्रकाश सिंह ने भी अपने उद्‌गार व्यक्त किये। ट्रस्ट के सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा ने संस्थान की यात्रा एवं उपलब्धि पर प्रकाश डाला। संस्थान की निदेशक स्नेहा झा और डॉ सिद्‌धार्थ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। छात्राओं ने कैपिंग और लाइटिंग के उपरांत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर रांची के गणयमान्य शिक्षाविद, चिकित्सक और विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### पटेल बीएड कॉलेज में नये सत्र के विद्यार्थियों का किया गया स्वागत




**रांची।** पटेल बीएड कॉलेज में बुधवार को सत्र 2022-24 के नये विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। साथ ही, सत्र 2020-22 के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। इस अवसर पर राज इंटरनेशनल स्कूल के सचिव सम्पा सिंह, निदेशक सिद्धार्थ सिंह एवं कुमारी शांता, संस्था की सचिव संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। सत्र 2021-23 के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कौशल आशीष को मिसटर फ्रेशर और सुमिता खलखो को मिस फ्रेशर चुना गया। विनित अनुराग खलखो को मिस्टर फेयरवेल और प्रीति कुमारी को मिस फेयरवेल घोषित किया गया।

### इंटर विश्वविद्यालय नेशनल यूथ फेस्टिवल को डीएसपीएमयू की टीम रवाना




**रांची।** 24 से 28 फरवरी तक जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में आयोजित किए जानेवाले 36वीं इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की 29 सदस्यीय दल बेंगलुरु रवाना हुई। इसमें 4 शिक्षक और 2 टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह शामिल हैं। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह मौजूद थीं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल को शुभकामनाएं दीं।

### एकता कमेटी ने मनायी प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी ने बुधवार को भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर करबला टैंक रोड स्थित एकता कमेटी के कार्यालय में मौलाना आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया। एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलमा मुस्तफा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद सभी धर्म समुदाय को साथ लेकर चलने वाले नेता थे। यूं कहें कि वे हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारा के प्रतीक थे।

### श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत की कार्यसमिति की हुई बैठक



**रांची।** श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक स्वागतम मैरिज हॉल हरमू सहजानंद चौक में हुई। इसमें मुख्य रूप से एकीसो महादेव धाम चुटिया के मंदिर निर्माण संबंधित चर्चा की गई एवं मंदिर का प्रस्तावित नक्शा सहितत निर्माण से जुड़े सभी पहलुओं पर गम्भीरता पूर्वक बिचार किया गया। साथ ही नक्शे में कुछ सुधार के साथ यथाशिघ्र मंदिर निर्माण प्रारम्भ करने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा मंदिर निर्माण कार्य और पारदर्शी तरीके से अर्थ संग्रह के लिए अलग अलग कमेटियों का निर्माण करने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय पारित किया गया कि दान दाताओं से नगद राशि के बजाय निर्माण समागृह देने का अनुरोध किया जाएगा।

# गोस्सनर कॉलेज में मीडिया और नैतिकता पर व्याख्यान आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा बुधवार को कॉलेज में मीडिया तथा नैतिकता विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता पत्रकार संतोष चौधरी रहे। व्याख्यान से पूर्व मास कॉम विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग ने स्वागत अभिभाषण दिया। सेमेस्टर-1 की दिव्या ने मुख्य अतिथि सह वक्ता का परिचय दिया तथा अंकिता और जोशुआ के द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संतोष चौधरी ने नैतिकता विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मीडिया से जुड़े व्यक्ति के लिए मीडिया नैतिकता बेहद जरूरी है। ईमानदारी, निष्पक्षता ,कड़ी मेहनत, इंसानियत, जिम्मेदारी जैसे विषयों को अपनी जिंदगी के साथ कार्यक्षेत्र में लागू करना है। उन्होंने पत्रकारों को कार्य के दौरान बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन चुनौतियों के समय नैतिकता का पालन करते हुए अपने कार्य को करने के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित किया।

# पिता की हुई थी हत्या, अब बेटी जुल्म की शिकार

कुबेर सिंह

**रांची।** 15 साल पहले पिता की हत्या कर दी गई। पिता जयमंगल गुप्ता उर्फ साधु के हत्यारे अबतक तो नहीं पकड़े जा सके हैं। अब उसकी बेटी जुल्म की शिकार हो गई।

घटना राजधानी रांची के लोअर बाजार की है। पीड़िता ने न्याय पाने के लिए एसपी से लेकर सीआइडी एडीजी तक गई, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। बाद में पीड़िता ने महिला थाने में दहेज अधिनियम के तहत केस भी दर्ज कराया। पर, पुलिस की लापरवाही से पीड़िता के आरोपी को हाइकोर्ट से जमानत मिल गई। अब पीड़िता मायके में मां के साथ चाय दुकान पर चाय बेचने का काम कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2009 में पीड़िता के पिता जयमंगल उर्फ साधु लोअर बाजार थाना एरिया में चाय की दुकान लगाकर चाय बेचता था। तीन युवकों ने (जिसमें एक आरक्षी पुत्र) भी शामिल था। विवाद में तीनों ने पत्थर से कूचकर साधु गुप्ता की हत्या कर दी। इस संबंध में उस वक्त लोअर बाजार थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस की रसूख के आगे परिवार की नहीं चली। पुलिस ने आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया था, लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं होने की वजह से सभी रिहा भी हो गए।

### पीड़िता मायके में रहकर बेच रही चाय

जयमंगल गुप्ता उर्फ साधु की पत्नी प्रमिला देवी अपने तीन बच्चों का पालन किसी तरह से किया। दो बेटियों की शादी के बाद प्रमिला देवी ने अपनी तीसरी पुत्री को दुकान में सहयोग के लिए बैठाया। इसी बीच पीड़िता की मुलाकात प्रियंक झुनझुनवाला नामक युवक से हुई। युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाया, उसके साथ शादी रचाई। शादी रचाने के बाद उसे बरियातू इलाके में किराए के घर पर रखा। जबकि उसके परिवार वाले बरियातू इलाके में ही रहते थे। उसे घर तक नहीं ले गया, बहन की शादी का बहाना बनाकर टालते रहा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता ने महिला थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि शादी के बाद वह गर्भवती भी हुई, लेकिन उसके पति ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने महिला थाने में कहा कि पति उसे जान से मारने की धमकी देते थे। मारपीट करते थे। कई बार जान से मारने का भी प्रयास किया। इस मामले की अनुसंधानकर्ता महिला थाने की एएसआई पुष्पम प्रिया को बनाया गया है।

# श्री श्याम मंडल रांची के 60 सदस्य खाटू धाम रवाना

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के 60 सदस्यों का दल बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली होते हुए जयपुर से खाटू धाम (राजस्थान) के लिए रवाना हुआ। दल के सदस्य गुरुवार को रिंगस में पवित्र निशान (ध्वजा) का पूजन कर वहां से खाटू धाम की 17 किलोमीटर की दूरी तय कर पवित्र निशान (ध्वजा) को श्री श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे। श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि शुक्रवार (24 फरवरी) को श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यों का दल सालासर धाम में दर्शन एवं धोक लगाकर शनिवार (25 फरवरी) को पुष्कर के लिए प्रस्थान करेगा। दल 26 फरवरी को रांची के लिए प्रस्थान करेगा।

# मध्यस्थता केंद्र रांची में डालसा की मदद से सुलझा पारिवारिक विवाद

## पति-पत्नी में हुई सुलह, फिर से साथ रहने को राजी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची ।** मध्यस्थता केंद्र, रांची में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची मध्यस्थता के माध्यम से बुधवार को वाद संख्या ओ.एम. 289 / 2022 जो कि श्रीमती संजिता श्रीवास्तव, अतिरिक्त प्रधान न्यायायुक्त-1 के न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र, रांची में मध्यस्थता के लिए आया था, जिसे मध्यस्थ निर्मल रंजन एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास से सुलझा लिया गया। वाद में आवेदिका अन्नपूर्णा कुमारी व द्वितीय पक्ष राजेश कुमार दोनों पति-पत्नी हैं। उक्त वाद में दोनों पक्षों का विवाह दिनांक 19 जून 2019 को सम्पन्न हुआ था। दोनों से एक ढाई वर्ष का पुत्र है। आपसी मतभेद के कारण दोनों पक्षों में विवाद उत्पन्न हुआ था। प्रायः पति-पत्नी दो वर्षों से अलग रह रहे थे।

मध्यस्थता केंद्र, रांची में दोनों पक्ष उपस्थित हुए, मध्यस्थता के दौरान मध्यस्थ एवं विद्वान अधिवक्ताओं के द्वारा समझाने पर दोनों पक्ष फिर से साथ-साथ रहने के लिए राजी हो गये हैं। दोनों पक्ष ने यह वायदा किया हैं कि पुराने विवाद को भुला देंगे। दोनों अपने गृहस्थ जीवन में संतुष्ट होने पर एक-दूसरे पर जो भी केस किए हैं उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत समाप्त कर लेंगे। दोनों पक्ष एक दूसरे के माता-पिता का सम्मान करेंगे। भविष्य में दोनों पक्ष कोई शिकायत का मौका एक दूसरे को नहीं देंगे। डालसा सचिव राकेश रंजन ने भविष्य में मन-मुटाव न करने की सलाह दी तथा दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रकार उक्त वाद को सुलझाने में मध्यस्थ निर्मल रंजन एवं अधिवक्ता क्रमशः रामजी व विनोदानंद झा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डालसा की मध्यस्थता से सुलझा भूमि विवाद




**रांची।** मध्यस्थता केंद्र, डालसा रांची में मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या ओ.एस. 446/2018 जो कि माननीय श्री विक्रम आनंद, सब जज-6 के न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र, रांची में मध्यस्थता के लिए आया था, जिसे मध्यस्थ कुमारी शिला एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास से सुलझा लिया गया। वाद में आवेदक रामकेश्वर कुजूर द्वितीय पक्ष महली उरांव, बलदेव उरांव वगैरह पर वाद दायार किया था। उक्त वाद में प्रथम पक्ष रामकेश्वर कुजूर ने अपने पुश्तैनी जमीन के बंटवारा हेतु उपरोक्त केस द्वितीय पक्षों के खिलाफ माननीय न्यायालय में दायार किया है क्योंकि वादी एवं प्रतिवादी के पिता आपस में सहोदर भाई थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में जमीन का कोई बंटवारा नहीं किया था। मध्यस्थता केंद्र, रांची में दोनों पक्ष उपस्थित हुए, मध्यस्थता के दौरान मध्यस्थ एवं विद्वान अधिवक्ताओं के द्वारा समझाने पर दोनों पक्षों के बीच यह सहमति बनी कि खाता संख्या 208, प्लॉट न. 1020, थाना-मांडर, जिसमें कुआं व घर बना हुआ हैं, वह छिद्वतीय पक्ष के हिस्से में रहेगा। इसके बदले विपक्षी वादी को जितनी भूमि पर कुआं एवं धर बना है, उतनी ही जमीन उपको अन्यत्र देंगे। खाता नं.-213, रकवा 4.23 डिसमिल जमीन आदि का रख-रखाव विपक्षी/द्वितीय पक्ष ही करेंगे, प्रथम पक्ष को इससे कुछ भी लेन-देना नहीं होगा। खाता संख्या - 2018, रकवा 51 डिसमिल में आम का पेड़ लगा है, उसे दोनों पक्ष आधा-आधा हिस्सा के हकदार होंगे। खाता संख्या - 144 रकबा लगभग 2 एकड़ भूमि दोनों पक्षों के पूर्वज बंधक के रूप में दूसरे को दिये थे, उसे दोनों पक्ष छुड़ाकर आधा-आधा हिस्सा वहन करेंगे। बंटवारा के बाद यदि भविष्य में प्रथम पक्ष अपने हिस्से की जमीन बेचना चाहेंगे, तो सर्वप्रथम द्वितीय पक्ष को ही बेचेंगे। दोनों पक्ष जहां भी पुश्तैनी जमीन इसके अतिरिक्त कहीं भी होगा, उसे आपस में आधा-आधा बांट लेंगे। ज्ञात हो कि दोनों पक्ष बंटावारा पूर्ण होने तक अपने पुश्तैनी जमीन का कोई भी हिस्सा किसी अन्य को नहीं बेचेंगे। इस प्रकार उक्त वाद को सुलझाने में मध्यस्थ कुमारी शिला एवं अधिवक्ता क्रमशः रामकेश्वर कुजूर व महली उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पुलिस ने पहले मटकाबाजों को पकड़ा फिर 50 हजार रुपये लेकर छोड़ा!

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने पहले अपने सीनियर अधिकारियों के निर्देश पर मटकाबाजों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने सोमवार को सुखदेवनगर एरिया के केशवनगर में छापेमारी कर तीन मटकाबाजों को पकड़ा। फिर, दो दिन हाजत में रख छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने पकड़े गए मटकाबाजों क्रमशः मच्छर, पंडित व अन्य के मालिक से 50 हजार रूपए लिए। हालांकि, मटकाबाजों को पकड़ने और छोड़ने के संबंध में वरीय अधिकारियों से कुछ भी कहने से इनकार किया है।

गौरतलब हो कि रांची एसएसपी किशोर कौशल ने रांची के थानेदारों को सख्त हिदायत दी है कि वे मटकाबाजों, ब्राउन शूगर बेचनेवाले के खिलाफ, आर्म्स की खरीद-बिक्री, गांजा तस्करी करनेवाले को जेल की सलाखों के पीछे भेजे। इस बाबत एसएसपी ने डीएसपी के साथ क्राइम मीटिंग कर चेताया भी। बैठक में पुलिस को जमीन विवाद में पार्टी बनने से भी परहेज करने की बात कही है।

### सक्रिय है आनंद वर्मा का गिरोह

**रातू रोड**, हरमू रोड, आइटीआई बस स्टैंड समेत गली मुहल्ले में मटका किंग आनंद वर्मा का गिरोह सक्रिय है। इस गिरोह के द्वारा ऑनलाइन मटका की रसीद काटी जा रही है। मटका खेलाने के जुर्म में आनंद वर्मा कई बार जेल की सजा भी काट चुका है।

इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यदि ये बात सच है तो पुलिस मामले की छानबीन करेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**प्रकाश सोय**
**डीएसपी, कोतवाली**

स्पीड न्यूज

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मांडर।** रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मुड़मा के निकट हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मुड़मा निवासी पैंतीस वर्षीय कृष्णा उरांव अपनी बाइक से जा रहा था तभी चौक के निकट अपनी बाइक से असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने तत्काल उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## रामगढ चुनाव : भाजपा सिकिदिरी मंडल के कार्यकर्ता रामगढ़ रवाना

**सिकिदिरी।** भाजपा सिकिदिरी मंडल कार्यकताओं की बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो उपस्थित थे। उन्होने कार्यकताओं से गठबंधन धर्म निभाने को लेकर प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया। इस मौके पर सतपाल राऊत, मनोज कुमार, नंदलाल राम, भाजयुमो अध्यक्ष बलराम साहू, रथुवा मुंडा, संजय कारमाली, बालक महतो, महेंद्र रजवार, मोहन भोगता, शमशाद आलम आदि उपस्थित थे।

## 15 एकड़ में लगी पोस्ते को पुलिस ने किया नष्ट

**राहे।** राहे ओपी क्षेत्र होटलो पंचायत के सेरेंगडीह गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26 वी बटालियन के जवानो के संयुक्त अभियान में 15 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में एसएसबी 26 वी बटालियन ए कम्पनी के इंस्पेक्टर मन्टू कुमार, हेड कांस्टेबल फ्रेंकलीन आर, सुरेंद्र चौधरी, रमेश कुमार, रामपुकार, शिवप्रताप कुमार, लुकेश्वर, राहे पुलिस एसआई विगेश कुमार राय सहित पुलिस टीम उपस्थित थे

## बिचाली की चाकी में लगी आग, हजारों का नुकसान

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र जिलिंगसेरेंग गांव में बुधवार को सुबह 11 बजे अचानक आग लगने से श्रीराम स्वांसी का बिचाली चाकी जलकर राख हो गया।अगलगी का कारण पता नहीं चल पाया है। पीड़ित श्रीराम स्वांसी ने बताया कि सुबह 11 बजे उसके खलिहान में रखे बिचाली चाकी में अचानक आग लग गई।इस आग लगी में उसका लगभग 20 से 25 हजार रुपये का बिचाली जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने संबंधित प्रशासन से जांच कर मुआवजे की मांग की है।

## नगड़ी प्रखंड के 14वां स्थापना दिवस समारोह मनी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति ने नगड़ी प्रखंड के 14वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष शाहिद अहमद ने किया इस अवसर पर समिति के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव से आये गरीब एवं असहाय 50 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मधुवा कच्छप, साहेर पंचायत के पसस गुलरेज अंसारी, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, समाजसेवी बजरंग महतो, कांग्रेसी नेता क्रिजीवन महतो, अजय महतो, दीपक केशरी, मंजूर अंसारी, उमेश महतो सहित अंचल सह प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने 64 लाख के योजना का किया शिलान्यास

**ओरमांझी।** राज्य संपोषित योजनान्तर्गत व विधायक निधि से प्रखंड क्षेत्र में लगभग 64 लाख की राशि से दो योजनाओं का शिलान्यास हुआ। श्मशान शेड 4.80 लाख रुपये राशि से डहू में योजा का निर्माण होगा। वहीं सिकारीगढ़ा नाला लगभग 58 लाख 91 हजार की लागत से चेकडेम का निर्माण होगा। बुधवार को दोनों योजनाओं का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने की और कहा चेकडेम के निर्माण होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

AFFIDAVIT

I, Service No. 4287127Y Rank-LNK, Name Joseph Ekka, S/o Late Jugia Ekka, R/o Vill-Gorkho, PO.-Murkuni P.S.-Mandar Dist-Ranchi vide Affidavit No. 18205, dated-14/02/23 declare that my wife (SUNITA OROAN) date of birth has been wrongly mentioned as 15/01/1988 in my service record. Her correct date of birth is 15/01/1985 for all purposes.

### झारखंड जगुआर का मना 15 वां स्थापना दिवस

# नक्सलियों का सामना करने में जगुआर सक्षम : डीजीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी से सटे टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुवार का 15 वां स्थापना दिवस मनाया गया।डीजीपी अजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि थे। इस रेजिंग डे में नक्सली हमले में शहीद जवानों के परिजन सम्मानित किये गये। परेड और नक्सल ऑपरेशन के डेमो का प्रदर्शन किया गया। रक्तदान शिविर में 32 जवानों ने ब्लड दिये। डीजीपी ने कहा कि जगुआर के बलिदान, वीरता और शौर्य की वजह से नक्सली गतिविधि में कमी आयी है। टीम पहले जिला पुलिस व सीआरपीएफ के साथ मिलकर ऑपरेशन को अंजाम देती थी। किंतु, अब खुद ही नक्सलियों का सामना करने में सक्षम है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि जगुआर के इस विशेष बल ने विशिष्ट पहचान बनायी है।अदम्य साहस से नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय बलों के प्रति निर्भरता कम हुयी है। उन्होंने बताया कि 15 साल के इतिहास में जवानों ने दर्जनों दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराने का गौरव हासिल किया है। इससे पूर्व श्री सिंह ने समाधिस्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर अनुराग गुप्ता, आरके मल्लिक, अनुप बिरथरे, प्रशांत सिंह, प्रिया दुबे, अजित पीटर डुंगडुंग, कौशल किशोर, नौशाद आलम आदि आईपीएस अधिकारी मौजूद थे।



### तेजी से हो रहा विकास : आईजी एवी होमकर

आईजी एवी होमकर ने स्वागत भाषण में कहा कि कैंप में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने उपलब्धियां गिनायी और जगुआर के आधुनिकीकरण के लिये संसाधन की वकालत की। श्री होमकर ने बताया कि नक्सली हमले में 21 अधिकारी और जवानों ने वीरगति पायी है। 3 सौ से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार हुये हैं। आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद व नक्सली साहित्य बरामद किये गये हैं।

### फफक कर रो पड़े परिजन

नक्सल ऑपरेशन का डेमो के दौरान उग्रवादी हमले में गोली लगने से जख्मी जवान कराह रहे थे। यह देख शहीद के माता-पिता, विधवा, बच्चे और परिजन फफक कर रो पड़े। इससे अधिकारी और जवानों की भी आंखें भर आयी। जांबाज सिपाहियों की शहादत को याद कर नमन किया गया। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिये सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लिया।

# पोषण ट्रैकर से अपग्रेड होंगी लापुंग की आंगनबाड़ी सेविकाएं : पूजा कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकताओं का दो दिवसीय पोषण ट्रैकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ पूजा कुमारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न विषयों पर प्रविष्टि करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण से आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने कार्यों को अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। आंगनबाड़ी सेविका है पूरी ईमानदारी से पोषण ट्रैकर में बेहतर जानकारी की एंट्री करेंगी। समाज कल्याण निदेशालय के निदेर्शानुसार बाल विकास परियोजना लापुंग में 21 एवं 22 फरवरी को लगातार दो दिनों तक झारखंड डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के राज्य समन्वयक बबलू कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लापुंग के सभी सेक्टर से आये आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि कैसे करे इस संबंध में बबलू कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को आधार वेरिफिकेशन, बच्चों की लंबाई तथा वजन प्रत्येक महीने भरने के संदर्भ में जानकारी दी। मौके पर सुपरवाइजर सोनी तिर्की, महुगांव की आंगनबाड़ी सेविका रंजीता कुमारी, फूलजेंम्सिया आईंद, आशा लकड़ा, लालगंज की रेखा देवी, गुदगुद की मुक्ता होरो, बसंती होरो, पबिरा की ललिता कुमारी, रीता बारला, जौरी टोप्पो, सरोजिनी बारला, शांति धान, लेटे की सुशांति बरला सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

## बेड़ो में बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**बेड़ो।** प्रखंड के डोरंडा पिपरटोली में नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को पुणार्हुति व हवन के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान के अंतिम दिन सैकड़ो भक्त बजरंगबली की पूजा अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की मंगलकामना की। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन अधिकारी, महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार व कार्यकताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर मत्था टेका व प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किनुवा पहान, नारायण भगत, दिनेश भगत, दिलीप भगत, गौतम शर्मा, दुर्गा साहू संजू लोहरा, अमित, देवेंद्र सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए है।

## पांच दिवसीय शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू



**चान्हो।** प्रखंड के रोल पंचायत अंतर्गत बढ़ईया गांव में आयोजित पांच दिवसीय शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। 1001 महिलाएं माथे में कलश लेकर बढ़ईया से निकली और बिजुपाड़ा चौक से बरहे रोड होते हुए टांगर से बरहे के आगे दक्षिण कोयल नदी पहुंची। वहां से जल उठाकर वापस यज्ञ स्थल पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंजता रहा। आयोजकों के अनुसार 21 फरवरी से 25 फरवरी तक प्रति दिन रात में 8 बजे से 11 बजे तक प्रवचन भी होगा। कलश यात्रा में जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, अनिल साहू, योगेंद्र यादव, कमलू साहू, विजय साहू, बजरंग यादव, नवीन साही, देव भारत यादव, बंधन गोप, राजू गुप्ता, वैभव गुप्ता, दिलीप ठाकुर, काली ठाकुर, दिलू गोप आदि शामिल हुए।

## कुएं से एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बुढ़मू रोड पर बंगला टांड़ स्थित एक कुएं से बुधवार सुबह 10 बजे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव की पहचान चटवल निवासी 35 वर्षीय सहदेव उरांव के रूप में की गयी। सहदेव चटवल मोड़ के निकट चना बेचने का काम करता था तथा वह पिछले चार दिन से घर से लापता था ओर नशे में धुत रहता था।बुधवार को मांडर बंगला टांड़ के निकट स्थित कुएं में उसकी लाश देख एक महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार सहदेव के शव पर किसी बाहरी जख्म के निशान नहीं थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस देश में भाईचारे को स्थापित करेगी : शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि देश में धर्म के आधार पर लड़ाने की साज़िश चल रही है, उसे रोकने की क्षमता सिर्फ कांग्रेस में है। आजादी की लड़ाई में पार्टी की बड़ी भूमिका है। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत लोगों में भाईचारे को स्थापित की जायेगी। दिलों को जोड़ देश को एक सूत्र में बांधने के प्रयास किये जा रहे हैं। वह सिमलिया में आयोजित प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने 2024 को चुनावी वर्ष बताते हुये संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने और श्री राहुल गांधी के संदेश को आमजनों तक पहुंचाने का आह्वान किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने कार्यकताओं के मान सम्मान में कमी नहीं होने देने की बात कही। उन्होंने सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन सोमनाथ उरांव ने दिया।

### इन्होंने भी रखी अपनी बातें

पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी अकिल रहमान, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मैरी तिर्की, मदरसा हुसैनिया के मौलाना अरशद, जितेंद्र सिंह, लक्ष्मी भगत, अमर उरांव, अकलीमा खातून, रीता भगत, ज्योति भगत, मेरी भगत, लखन गोप, सुखदेव उरांव, चंद्रदीप उरांव, जसीम अंसारी, लाल रमेश नाथ शाहदेव, सोमा उरांव, कुसुम देवी, सुशांत उरांव, नौशाद अंसारी व हाजी मंसुर आलम।

**बैठक में थे शामिल :** सद्दाम अंसारी, रवि मुंडा, एनामुल अंसारी, वरुण उरांव, महादेव उरांव, सोमा उरांव, मकसूद अंसारी, जतरी उरांव, विनीता कच्छप, अख्तर अंसारी, तरुण तिर्की, शकील अंसारी, मंजूर अंसारी, अशोक गोप, सोमनाथ उरांव, आजाद अंसारी, गोयंदा उरांव, विमल उरांव समेत बड़ी संख्या में महिलाएं आदि।

### बूटी महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दूसरा दिन

# अखंड भजन कीर्तन में शामिल हुई महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** श्रीश्री संकट मोचन महावीर मंदिर बुटी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ स्थल पर अखंड भजन कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया गया। कीर्तन व बाजे-गाजे के साथ निकली नगर भ्रमण में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। धार्मिक अनुष्ठान कराने वाले बनारस के आचार्य पंडित धनंजय मिश्रा, रवि मिश्रा, नागेंद्र मिश्रा, गुलशन मिश्रा, पंचम पांडे द्वारा फलाधिवास, पुष्पाधिवास, धृताधिवास, नगर भ्रमण के साथ सायाधिवास कराया गया। वहीं रात्रि में आयोजित कथा में प्रभात कृष्णदास द्वारा शिव पार्वती विवाह प्रसंग की कथा सुनाई गई। उन्होने मांसाहार व मदिरा का सेवन को समाजिक बुराई बताया और कहा मनुष्य के व्यवहार में आहार की भी भुमिका महत्वपूर्ण होती है। जैसा आहार वैसा ही व्यवहार होता है। उन्होने लोगों से मांसाहार व मदिरा सेवन नही करने का अहवान भी किया। वहीं 24 घंटा का अखंड कीर्तन में विभिन्न बजरंग दल के कीर्तन मंडलियों के साथ महिला कीर्तन मंडलियां शामिल हुई। जिसमें बूटी कीर्तन मंडली, कुचू कीर्तन मंडली, हटवाल की महिला कीर्तन मंडली के अलावे नेवरी विकास, खिजुर टोला, सहित विभिन्न गांव के कीर्तन मंडलियां शामिल हुए।

### देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के डहू बरटोली में नवनिर्मित देवी मंडप की प्रणा प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बुधवार को 501 महिलओं ने कलशयात्रा निकाली। देवी मंडप यज्ञ स्थल से कलश लेकर ग्राम भ्रमण करते सपाही नदी पहुंचे। वहां से पूजा अर्चना कर मंत्रोचारण के साथ कलश में पवित्र जल भर वापस पहुंचे। जहां पंडितों ने विधिवत पवित्र कलश को यज्ञ स्थल में प्रवेश कराया। कलश यात्रा के दौरान विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, समाज सेवी रणधीर चैधरी, सत्यनारायण तिवारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष आदि शामिल थें।

## कार्यालय,नगर पंचायत, छतरपुर।
आम-सूचना

नगर पंचायत, छतरपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP(Self Employment Program) घटक के तहत् कुल 12 ऋण लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा कुल 27,720/- रूपये प्रशिक्षण हेतु व्यय किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि दिनांक-28.02.2023 को समय-02:00 बजे अपराह्त तक कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, छतरपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाइल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही उपरोक्त से संबंधित दिनांक-28.02.2023 को समय- 2:30 बजे अपराह्न से PPT Presentation दिखाना अनिवार्य होगा।

शर्तः-
1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. Entrepreneurship Development Training /Training इत्यादि का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण-पत्र/Training Certificate देय होगा।
4. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत Trainer को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर पंचायत, छतरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए Class Room (हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चाट पेपर, स्केचपेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक बैच में अधिकतम 12 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी/एन0जी0ओ0 का PPT Presentation किया जायेगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

श्रीकान्त विसपुते,(भा0प्र0से0),
सहायक समाहर्त्ता, पलामू-सह-
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 290979 District(22-23)D

## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची
ईटकी रोड़, हेहल, रॉंची, पिन कोडः-834005

"कैन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची परिसर स्थित नव निर्मित 100 Beded "छात्रावास" भवन में रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों के जल-पान एवं भोजन व्यवस्था हेतु भवन के कक्ष क्रमांकः- "MESS" में "कैन्टीन" संचालन के लिए इच्छुक कुशल प्रतिशित प्रतिशठान, संस्था एवं प्रतिनिधियों आदि से निम्न शर्त्तो के अधीन "निविदा प्रस्ताव" मुहरबंद (क) तकनीकी एवं (ख) वित्तीय बीड में आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्त्तो का प्रलेख सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय प्रकोश्ट से निर्धारित शुल्क 1000/- रूपये का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी DD/Bankers Cheque के माध्यम से In Favour of "Principal ITI, Ranchi" के नामें अदा कर प्राप्त किया जा सकता है तथा प्रस्तावित निविदा प्रस्ताव को निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांकः-10/03/2023 के संध्या 05:00 बजे तक कार्यालय प्रकोश्ट में स्वीकार किये जायेंगे एवं दिनांकः-11/03/2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची के प्राचार्य कक्ष में संस्थान द्वारा गठित समिति के समक्ष, निविदा योजना प्रस्तावक अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में दो खण्डों यथा (क) तकनीकी बीड एवं (ख) वित्तीय बीड में खोली जायेगी।

उपरोक्त निविदा आमंत्रण की सूचना, निविदा-प्रपत्र एवं आवश्यक शर्त्तो का प्रलेखन संस्थान के वेबसाईड https://iti.jharkhand.gov.in/ITIs/GR20000004 पर भी उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोटः- प्रायोजित निविदा संबंधित सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

निवेदक
Sd/-
प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रॉंची।

PR 290981 Labour Employment and Traning(22-23)D

## अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक-158(F) दिनांक-29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा-उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात-निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय-समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक-24.02.2022 (शुक्रवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

फुड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/ Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस-100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्ष।

फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर/डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता/मो0नं0/ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु-(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले-आउट/ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस-खाद्य प्रतिशठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

नोट :- अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

PR.NO.290982 District(22-23):D

अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-30/2022-23

Letter no - 190 Date :- 22.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Tuiyo Bada Talab (Ahar), Block - Barkatha, Dist - Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,14,76,800.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 10.03.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) | Contact no. of Procurement officer | 06546-270485 |
| (b) | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.03.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 290990Minor Irrigation(22-23)#D

## कार्यालयः- जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2022-23 से 2024-25 तीन वर्ष के लिए अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु **दिनांक 01/03/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरों का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

**संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति वर्ष 2022-23 में अबन्दोबस्त जलकरों को सुरक्षित जमा निर्धारण राशि में बन्दोबस्ती दिनांक 28/02/2023 तक अपनी अहर्ता को पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती ले सकती है।**

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नही होने पर अगली तिथि 14/03/2023 या इसकी अंतिम तिथि 16/03/2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल - मेदिनीनगर | | | |
| 1 | बारालोटा टैंक | 300 | 960, 961 | 3.70 | 2.50 | 5000.00 |
| | | | अंचल - पण्डवा | | | |
| 2 | सरैया डैम | 14 | 53 | | 0.50 | 4500.00 |
| 3 | रामसागर तालाब | 42 | 211 | | 6.20 | 55000.00 |
| | | | अंचल - छतरपुर | | | |
| 4 | खाटीन तालाब | 88 | 517 | 1.50 | 0.40 | 4000.00 |
| 5 | हेसला तालाब | 83, 1 | 565, 619 | 21.28 | 4.00 | 25000.00 |
| | | | अंचल - चैनपुर | | | |
| 6 | निमिया तालाब | - | 58,122 | 1.37 | 1.37 | 10000.00 |
| 7 | सोनपुरवा तालाब | - | 154 | 2.10 | 1.50 | 11000.00 |
| 8 | कभण्डीह तालाब | - | 214,637,640 | - | 1.21 | 8000.00 |
| 9 | गरदा तालाब | - | - | 1.50 | 1.00 | 7000.00 |
| 10 | खपिया मछली घाट | - | - | - | - | 6000.00 |
| 11 | तलैया तालाब | - | 185,1527 | 1.81 | 1.18 | 9000.00 |
| 12 | नेउरा तालाब नं0-1 | - | 114,1659,391 | 2.04 | 2.04 | 15000.00 |
| 13 | नेउरा तालाब नं0-2 | - | 114,1659,391 | 2.04 | 2.04 | 15000.00 |
| 14 | बरॉव तालाब | - | 536,2616 | 1.40 | 1.00 | 8000.00 |
| 15 | काराकाट तालाब | - | - | 1.50 | 1.00 | 8000.00 |

डाक के आवश्यक शर्तें निम्नांकित है :-
1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद्द अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमॉ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 290997Fish(22-23)#D

# जान बचाती घड़ी

किस प्रकार तकनीक लोगों की जान बचा सकती है इसका उदारहण विगत दिनों अमेरिका के न्यूर्याक शहर में देखने को मिला। एप्पल वॉच ने झपकी के बाद रेसिंग पल्स के बारे में सचेत कर एक जिंदगी बचा ली है। इससे एप्पल वॉच पहनने वाले में गंभीर आंतरिक रक्तस्राव का पता चला। रेडिट पर 'डिजिटलमोफो' नाम के अकाउंट के मालिक ने इस घटना को शीर्षक के साथ साझा किया, 'ठीक है, मेरी ऐप्पल वॉच 7 ने मेरी जान बचाई।'रेड्डिटर ने उल्लेख किया कि पोस्ट से एक सप्ताह पहले, मैने काम के दौरान अपने आईफोन/घड़ी को डू नॉट डिस्टर्ब पर रखा था। जब मैं दोपहर के भोजन पर गया तो मैं थका हुआ था इसलिए मैं थोड़ी देर की नींद लेने के लिए अपने सोफे पर लेट गया। झपकी के बाद, मालिक ने नोटिफिकेशन्स की जांच की और कम सेकम 10 नोटिफिकेशन्स ने बताया कि पल्स दौड़ रही थी। रेड्डिटर ने कहा, मैंने इधर-उधर लेटने की कोशिश की, लेकिन यह बंद नहीं हुआ, इसलिए मैंने अपने डॉ के साथ एक तुरंत वीडियो शेड्यूल किया। मेरे डॉ ने मेरी समय और पल्स रेट की जाँच की, मेरी ऑक्सीजन की जाँच की और फिर मेरे लिए 911 पर कॉल की। मालिक ने आगे उल्लेख किया कि 'गंभीर आंतरिक रक्तस्राव' इसका कारण था। उपयोगकर्ता ने कहा, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं (ईएमएस) ने मूल रूप से कहा था कि यह दिल का दौरा था, लेकिन यह जीआई रक्तस्राव था। अगर मेरी वॉच मुझे अलर्ट नहीं करती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। दुनिया में जिस प्रकार तकनीक का विकास हो रह है उसमें तकनीक और मशीन का सहयोग और उपयोग लगातार लोगों के जीवन बचाने में काम आ रहा है। सबसे बड़ी बात है कि अव ये तकनीक देश की सीमाओं से आगे सभी देशों में सामान्य तौर पर उपलब्ध हो रही है।

# चीन को चेतावनी

अमेरिका ने रूस को चीन से मिल रहे समर्थन पर चिंता जताई है। उसका मानना है कि बीजिंग चुरा छुपा के रूस को सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। सीएनएन के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारी इस बात से काफी चिंतित हैं कि उन्होंने पिछले कई दिनों में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में सहयोगियों और भागीदारों के साथ चीन को लेकर खुफिया जानकारी साझा की है। अधिकारियों ने कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने शनिवार को सम्मेलन से इतर अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात के दौरान इस मुद्दे को उठाया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, रूस को समर्थन प्रदान करने या व्यवस्थित प्रतिबंधों से बचने में रूस की सहायता करने के प्रभाव और परिणामों के बारे में चेतावनी देने में मंत्री ब्लिंकेन काफी स्पष्ट थे। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने म्यूनिख में अपने भाषण के दौरान रूस के लिए चीन के समर्थन का भी जिक्र किया। हैरिस ने कहा, हम इस बात से भी परेशान हैं कि युद्ध शुरू होने के बाद से ही बीजिंग ने मास्को के साथ अपने संबंध गहरे किए हैं। आगे देखते हुए, चीन द्वारा रूस को समर्थन प्रदान करने के लिए कोई भी कदम केवल आक्रामकता को बढ़ाएगा।अधिकारियों ने कहा कि, अमेरिका देख रहा है कि चीन सार्वजनिक रूप से खुद को शांति के प्रस्तावक के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। वांग ने शनिवार को म्यूनिख में कहा कि बीजिंग यूक्रेन और रूस के लिए एक शांति योजना पेश करेगा और यूरोप के साथ संबंध बनाए रखेगा, जबकि उसी समय सीएनएन ने बताया कि वह चुपचाप रूस के युद्ध प्रयासों में सहायता कर रहा है।वांग ने सम्मेलन में कहा, यह युद्ध जारी नहीं रह सकता। हमें यह सोचने की जरूरत है कि इस युद्ध को समाप्त करने के लिए हम क्या प्रयास कर सकते हैं।

# महिला सशक्तिकरण बनाम अंधविश्वास





- भावना सिंह

> हम इस कुप्रथा के कारणों की बात करते है तो पाते है , पढ़ा लिखा न होना , अंधविश्वास , विधवा और असहाय महिलाओं की संपति को हड़पने के लिये भी किसी महिला को डायन बताकर हत्या की जाती है । ग्रामीण लोग किसी की भी बात पर जल्द भरोसा कर लेते है इस कारण ही इस परिवेष मे अंधविश्वास अत्यधिक देखने को मिलता है । यह शिक्षा का स्तर काफी गिरा हुआ है।

**'महिला** शक्तिकरण' के बारे मे जानने से पहले हमें ये समझ लेना चाहिए कि हम 'सशक्तिकरण' से क्या समझते है । सशक्तिकरण के मतलब किसी व्यक्ति की उस कि शक्ति से है जिससे उसमें ये योग्यता आ जाती है जिसमें वो अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके । महिला सशक्तिकरण में भी हम उसी शक्ति की बात कर रहे है । जहाँ महिलाएं परिवार और समाज के सभी बंधनो से मुक्त होकर अपने निर्णयों की निमार्ता खुद हो ।

लोगो को जगाने के लिये महिलाओं का जागृत होना जरूरी है । एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है , परिवार आगे बढ़ता है , गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है । हम ज्यादा दूर नही जाएंगे , हम झारखण्ड की बात करते है । मेरा पहला सवाल है ...... क्या झारखण्ड मे महिलाओं की स्थिति और सभी राज्यों की अपेक्षा अच्छी है ? मेरा दूसरा सवाल है ..... अगर महिलाओं की स्थिति अच्छी नही है तो इसके जिमेदार है कौन ? मेरा तीसरा और अहम सवाल ..... क्या खुद महिलाएं अपने सभी अधिकारों के बारे मे जानती है ? अगर हम इस सवालो का जवाब खोजने निकले तो सही मायने मे महिलाओं कि स्थिती को हम जान जाएंगे , तो चलिए समस्या ही नही अपितु उनका समाधान भी ढूंढते है ।

अगर हम वर्तमान समय की बात करते है तो पाते है कि झारखण्ड मे महिलाएं अभी भी पूर्ण रूप से शसक्त नहीं हो पाई है । इसके निम्न कारण है ...... पुरानी और रूढ़िवादी विचारधारा , कार्यस्थल में शारीरिक शोषण , लैंगिक भेदभाव , भुगतान मे असमानता , अनपढ़ता , बाल विवाह , महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध ( घरेलू हिंसा , दहेज , तस्करी , कन्या भूर्णहत्या , डायन प्रथा ) ।

झारखण्ड के ग्रामीण परिवेश मे महिलाओं से जुड़ी समस्याओं मे प्रवल रूप से परम्परागत कुरीति और अंधविश्वास है । डायन प्रथा से सम्बंधित घटनाओ के मामले मे अन्य राज्यो के मुकाबके झारखण्ड मे ज्यादा पप्रचलित है । झारखण्ड मे प्रतिवर्ष 1231 महिलाओं को डायन घोषित किया जाता है । डायन घोषित कर उस महिलाओं का अपने - अपने तरीके से मानसिक और शारीरिक दंड दिया जाता है । झारखण्ड के आदिवासियों मे यह घटनाएं बहुत ज्यादा है । हो जनजाति मे सबसे ज्यादा डायनसंबंधित घटनाएं पाई जाती है । डायन मूल रूप से एक मनोवैज्ञानिक रोग है ।

हम इस कुप्रथा के कारणों की बात करते है तो पाते है , पढ़ा लिखा न होना , अंधविश्वास , विधवा और असहाय महिलाओं की संपति को हड़पने के लिये भी किसी महिला को डायन बताकर हत्या की जाती है । ग्रामीण लोग किसी की भी बात पर जल्द भरोसा कर लेते है इस कारण ही इस परिवेष मे अंधविश्वास अत्यधिक देखने को मिलता है । यह शिक्षा का स्तर काफी गिरा हुआ है , जिस कारण यह कि महिलाओं को बाहरी परिवेष की जानकारी नही होती , इस स्तिथि मे उनका गुमराह होना साधारण सी बात है । जो भी महिलायें अकेली होती है उनकी संपत्ति पर अपना अधिकार करने के लिए उन्हें डायन घोषित कर उनकी हत्या कर देना आम घटना है । अपने मन की नाजायज कामनाओ को पूर्ण करने के लिए भी इस कुप्रथा को बढ़ावा दिया जाता है ।

इन सारी घटनाओं को देखते हुए हम कह सकते है कि झारखण्ड मे महिलाओं का शसक्त होना अतिआवश्यक है । आखिर झारखण्ड मे महिला सशक्तिकरण की जरूरत क्यों ?

क्योंकि प्राचीन समय से लैंगिक असमानता थी , पुरुष प्रधान समाज था , महिलाओं को उनके अपने परिवार और समाज द्वारा कई कारणों से दबाया जाता रहा है । साथ ही कई प्रकार की हिंसा हुई और परिवार और समाज मे भेदभाव भी किया गया , ऐसा केवल झारखण्ड मे ही नहीं अपितु अन्य राज्यो मे भी है । पुरुषों की हज भाती महिलाओं को भी अपने हक की जिंदगी जीने का पूर्ण अधिकार है । वास्तव मे शक्तिकरण को लाने के लिए महिलाओं को अपने अधिकारों से अवगत होना चाहिए , न केवल घरेलू और पारिवारिक जिम्दारियों बल्कि महिलाओं को हर जगह सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए । उनको अपने आस - पास हो रही घटनाओं से अवगत होना चाहिए । महिला शसक्तीकरण मे ये ताकत है कि वो समाज और देश मे बहुत कुछ बदल सके । वो समाज मे किसी समस्या को पुरुषों के बेहतर ढंग से निपट सकती है । पुरषो के बराबरी मे महिलाएं किसी भी प्रभावकारी हिंसा को संभालने में सछम है चाहे वो पारिवारिक हो या सामाजिक । पिछले कुछ वर्षों मे महिलाओं के खिलाफ होने वाले असमानता और बुरी प्रथाओं को हटाओ के लिये सरकार द्वारा कई सारे सवैधानिक और कानूनी अधिकार बनाए और लागू किये गये है । हालांकि ऐसे बड़े विषय को सुलझाने के लिए महिलाओं सहित सभी का लगातार सहयोग की जरूरत है । सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा भारतीय महिलाओं के शसक्तीकरण के लिए कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है जैसे ........ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , महिला हेल्पलाइन , स्पोर्ट टू ट्रेनिंग एन्ड एमलोपमेंट प्रोग्राम फॉर वूमेन , महिला शक्ति केंद्र , पंचायती राज योजना में महिलाओं के लिए निर्वाचन ।

इन सभी योजनाओ के बाद भी हमे खुद भी इन सभी समस्याओं के लिए प्रयास करते रहना होगा ।

महिलाओ के वास्तविक विकास के लिए पिछड़े ग्रामीण जगहों में जाना होगा और वहाँ की महिलाओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकारों से अवगत करवाना होगा , जिससे उनका भविष्य बेहतर हो सके । मंजिल शसक्तीकरण के सपने को सच करने के लिये लड़कियों के महत्व और उनकी शिक्षा को प्रचारित करने की जरूरत है ।

## खास बात

### कम हुए टैक्स पेयर

**कोविड** महामारी के कारण हुई आर्थिक तबाही के बाद भारत में आयकरदाताओं की संख्या कम हो गई। करदाताओं की सूची से बाहर होने वाले लोगों की संख्या 20 लाख से अधिक थी जो भूटान की कुल आबादी के मुकाबले 2.6 गुना है। कर निर्धारण वर्ष 2021-22 में 6.3 करोड़ लोग करदाता थे, जबकि 2020 में 6.5 करोड़ लोग आयकर देते थे। विश्व बैंक के 2021 के आंकड़ों के अनुसार भूटान की आबादी 77 लाख है।

कर निर्धारण वर्ष मोटे तौर पर पिछले वित्त वर्ष से मेल खाता है। 13 फरवरी को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह आंकड़ा सामने आया था। इसमें कहा गया कि वित्त वर्ष 22 के लिए आंकड़ा संकलन के अधीन था क्योंकि रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2022 थी।

निर्धारण वर्ष 2020 में वृद्धि दर घटकर कर 10.7 फीसदी रह गई जो कर निर्धारण वर्ष 2019 में 18.7 फीसदी थी। कर निर्धारण वर्ष 2021 के दौरान इसमें 3.7 फीसदी की ऋणात्मक वृद्धि दिखी है। इसके अगले साल 0.6 फीसदी की वृद्धि दिखी थी।

आंकड़ों में आयवर्ग का भी उल्लेख था। शून्य से पांच लाख तक के आयवर्ग में करदाताओं की संख्या कर निर्धारण वर्ष 2022 में घटकर 4.12 करोड़ रह गई जो कर निर्धारण वर्ष 2020 में 4.99 करोड़ थी। करदाताओं की संख्या में 87 लाख की इस गिरावट का भरपाई उच्च श्रेणियों में करदाताओं की संख्या में हुई वृद्धि से हो गई। पांच से दस लाख के आयवर्ग में करदाताओं की संख्या 1.06 करोड़ से बढ़कर 1.41 करोड़ हो गई। इस प्रकार इसमें 34 लाख लोगों की बढ़त हुई।

इसी अवधि के दौरान दस लाख से अधिक के आयवर्ग में करदाताओं की संख्या 49 लाख से बढ़कर 81 लाख हो गई। उच्च आय वाले श्रेणी में वृद्धि निम्नतम-आय वर्ग में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं थी, जो 20 लाख से कम थी। इस गिरावट के बावजूद व्यक्तिगत करों के रूप में एकत्रित धन की मात्रा में वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष के संदर्भ में दिया गया है।

वित्त वर्ष 2022 में 6.7 लाख करोड़ रुपये का आयकर संग्रह हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2019 में यह 4.6 लाख करोड़ रुपये ही था। कॉरपोरेट कर की धीमी वृद्धि हुई।

# आत्मज्ञान

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**आप** जितनी भी क्रियाओं का अभ्यास करो उन सब में आत्मज्ञान के लिए ध्यान ही सिर्फ एकमात्र ज्ञान कुंजी है। यदि आप क्रियाओं के अभ्यास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और ध्यान में जाना ही चाहते हैं तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको ध्यान में जाने से नहीं रोक सकती है। अगर ध्यान में जाने में बाधा पड़ती हो तो यही समझना कि आपकी प्रतिबद्धता में ही कमी है। शायद आप ध्यान में जाना ही नहीं चाहते हैं। ध्यान में जाने के लिए भीतर चल रहे विचारों में दिलचस्पी लेना बंद करना होगा। व्यक्ति को सुख और दुख दोनों छोड़ने को तैयार होना पड़ेगा। तुम ध्यान में इसलिए जाना चाहते हो कि दुख छूट जाए और सुख मिल जाए। लेकिन, सत्य यह है कि जैसे ही ध्यान में प्रवेश होता है तो दुख-सुख दोनों छूट जाते हैं और जो उपलब्धि है वो सुख की नहीं है, परम शांति की है। सदैव याद रखना कि सुख-दुख दोनों ही अशांति की अवस्था है। सुख में भी नींद नहीं आती, दुख में भी नींद नहीं आती। सुख में भी मन बेचैन रहता है, दुख में भी मन बेचैन रहता है।

दूसरी बात अभ्यास के दौरान भीतर विचारों की भीड़ के होते हुए कभी भी ध्यान में नहीं जा सकते। आप सभी गहराई से चिंतन करें कि बिना ध्यान के आज तक कुछ हासिल हुआ है, कुछ भी नहीं तो अपने अनमोल स्वांसों को व्यर्थ कर दिया। इसलिए क्रियाओं के अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लें क्योंकि इसके अलावा मनुष्य जीवन सफल बनाने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

**अज्ञानता** के कारण व्यक्ति का मन इधर-उधर भटकता रहता है क्योंकि उसे अपने सही गंतव्य का पता ही नहीं होता है, जबकि कि परम आनंद का स्रोत उसमें स्वयं समाहित है अतः आनंद और समाधान के लिए अपनी अविनाशी सत्ता अर्थात स्वयं की और बढ़ें।

**– अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

खबर है की ठेलेवालों को भी लाइसेंस लेना होगा नही तो बहुत ही कड़ी सजा का प्रावधान है। लाइसेंस लेने की प्रक्रिया कैसी होती है, आप जमीनी हकीकत जानते हैं। क्या साधारण आदमी भी छोटा मोटा व्यापार कर सकता है। **– महेश पोद्दार**





आकांक्षी जिलों की आकांक्षाओं की लगातार हो रही पूर्ति, बह रही विकास की बयार! 100% मोदी सरकार के फंड से संचालित विशेष केंद्रीय सहायता की योजनाओं से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र भी हो रहा लाभान्वित।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## कार्टून वर्ल्ड

आधी आबादी की अनसुनी



## लेटर टू एडिटर

### हादसों की सड़क

**सड़क** हादसों के लिए अधिकतर वाहन चालकों को दोषी ठहराया जाता है, जो कुछ हद तक उचित भी है। परन्तु यह भी सत्य है की टूटी हुई सड़कें एवं गहरे गड्ढे भी इन हादसों के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा किये गये एक निरीक्षण में राजधानी दिल्ली की सड़कों पर गत वर्ष दो हजार से भी अधिक गड्ढे मिले थे, जो काफी चिंताजनक है।

**–तुषार, रांची**

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। हिंदी एक भाषा ही नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।

**–शमशेर शर्मा, हजारीबाग**

# 2024 तक स्वामित्व योजना पूरे देश में होगी लागू

**प्रो विवेक सिंह**

**स्वामित्व** योजना की घोषणा 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर किया गया था। भू-संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड वितरित किया जाएगा। फिलहाल देश के 1 लाख से अधिक भूमि मालिकों को एसएमएस से लिंक मिलेगा जिससे वे अपने संपत्ति कार्ड को डाउनलोड कर पाएंगे।

आवासीय संपत्ति को लेकर ग्रामीणों के पास आज भी कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से ग्रामीणों को बैंकों से आसानी से कर्ज मिल सकेगा। ग्रामीण मकानों की कीमतों में वृद्धि होगी। भूमि एवं आवासीय संपत्ति का वित्तीय संपत्ति के रूप में इस्तेमाल करना अब संभव होगा।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्वामित्व योजना के लिए 6 राज्यों के चुना गया था। चयनित गांवों में सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक के 763 गांवों को इस कार्य के लिए चिन्हित किया गया था। चरणबद्ध तरीके से 2024 तक 6 लाख 42,000 गांवों के ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वामित्व योजना को भली-भांति समझने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है।

**24 अप्रैल 2020 को हुआ था ऐलान**

स्वामित्व योजना का विधिवत ऐलान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर किया गया था। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य देश के करोड़ों ग्रामीणों को उनकी भू-संपत्ति एवं आवासीय संपत्ति स्वामित्व को स्थापित करने के लिए प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करना है।

## सामयिक

नानाजी देशमुख और लोकनायक जयप्रकाश नारायण, दोनों महापुरुषों का जन्म 11 अक्टूबर का हुआ था। इसी कारण 11 अक्टूबर को योजना लागू हुई।

यह जानना नितांत आवश्यक है कि स्वामित्व योजना जिसके तहत ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जाएंगे, यह केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की योजना है। समस्त प्रदेशों के राजस्व विभाग या लैंड रिकॉर्ड डिपार्टमेंट इसमें पंचायती राज मंत्रालय को सहयोग करेंगे।

**सर्वे के लिए ड्रोन का इस्तेमाल**

स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे कार्य को व्यवस्थित, कुशलतापूर्वक शीघ्र संपन्न करने के लिए ड्रोन एवं अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। कुछ महीनों में 1,32,000 ग्रामीण परिवारों के भूमि एवं भवन के सर्वे का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। आने वाले 4 वर्षों में देश के सभी 6,42,000 गांवों के भूमि एवं आवासीय संपत्तियों का सर्वे किया जाएगा।

**भू स्वामित्व विवाद में कमी**

इस महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत 4 साल के अंदर सभी ग्राम वासियों को उनके भूमि एवं घर के मालिकाना हक से संबंधित प्रॉपर्टी कार्ड मिल जाएगा। भूमि एवं घर के मालिकाना हक को लेकर किसी के मन में कोई शंका नहीं रहेगा। इस कारण भूमि एवं घर के मालिकाना हक को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विवादों में निश्चित तौर पर कमी आएगी।

ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड के मिल जाने से उनके अंदर सुरक्षा की भावना जागृत होगी। कृषि जमीनों, व्यवसायिक जमीनों या आवासीय घरों पर किसी की बुरी नजर नहीं पड़ेगी। कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में लगातार वृद्धि हो रही थी। देश की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान है। जमीनी विवादों में कमी आने से ग्रामीण खेती एवं अन्य उत्पादक कार्यों में अधिक समय दे सकेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का तीव्र विकास संभव होगा

# किसी भी प्रतिक्रिया के पहले चिंतन जरूरी



**प्रशांत झा**

## सामयिक

वर्तमान समय में युवाओं के लिए प्रतिक्रियात्मक व्यवहार का महत्व बढ़ता जा रहा है। आपका करियर और भविष्य आपकी प्रतिक्रिया से प्रभावित होता है। निश्चित तौर पर चिंतन करना आवश्यक है। आपकी प्रतिक्रिया आपके लिए जितना होता है उससे अधिक मायने रखता है एक बार एक बेटी ने अपने पिता से शिकायत की कि उसका जीवन दुखी है और वह नहीं जानती कि वह इसे कैसे बनाएगी। वह हर समय संघर्ष और संघर्ष से थक चुकी है। ऐसा लगता है कि जैसे ही एक समस्या हल होती है, दूसरा तुरंत आता है। उसके पिता एक महाराज थे, उसे रसोई में ले गए। उसने पानी से तीन घड़े भरे और प्रत्येक को एक उच्च आग पर रखा। एक बार जब तीनों बर्तन उबलने लगे, तो उसने एक बर्तन में आलू, दूसरे बर्तन में अंडे और तीसरे बर्तन में ग्राउंड कॉफी बीन्स रखे।

उसने अपनी बेटी से एक शब्द भी कहे बिना उन्हें बैठने नहीं दिया। बेटी, विलाप और बेसब्री से इंतजार कर रही थी, सोच रही थी कि वह क्या कर रहा है। बीस मिनट के बाद वह बर्नर बंद कर दिया। उसने आलू को बर्तन से बाहर निकाला और एक कटोरे में रखा। उसने उबले हुए अंडों को बाहर निकाला और उन्हें एक कटोरे में रखा। फिर उसने कॉफी को बाहर निकाला और एक कप में रखा। उसकी ओर मुड़कर उसने पूछा। बेटी, तुम क्या देखती हो? ' आलू, अंडे और कॉफी, 'उसने झट से जवाब दिया। करीब से देखो, 'उन्होंने कहा,' और आलू को छू लो। 'उसने कहा कि वे नरम थे।

फिर उसने उसे एक अंडा लेने और उसे तोड़ने के लिए कहा। खोल को खींचने के बाद, उसने कठोर उबले अंडे को देखा। अंत में, उसने उसे कॉफी पीने के लिए कहा। इसकी समृद्ध सुगंध उसके चेहरे पर मुस्कान ले आई। आखिर जीवन में प्रसन्नता का एक महत्व होता है। पिताजी, इसका क्या मतलब है? 'उसने पूछा। फिर उन्होंने समझाया कि आलू, अंडे और कॉफी बीन्स ने एक ही प्रतिकूलता का सामना किया है - उबलते पानी। हालांकि, प्रत्येक ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की। जहां तक उदाहरण का प्रश्न है सिर्फ उदाहरण समझने के लिये नहीं होते उनका जीवन में मूल्य होता है और उस पर हमें आगे चलना भी होता है।

आलू मजबूत, सख्त और अविश्वसनीय था, लेकिन उबलते पानी में, यह नरम और कमजोर हो गया। अंडा पतले बाहरी आवरण वाला था जो उबलते पानी में डालने तक अपने तरल की रक्षा कर रहा था। फिर अंडे के अंदर का हिस्सा सख्त हो गया। हालांकि, ग्राउंड कॉफी बीन्स अद्वितीय थे। उबलते पानी के संपर्क में आने के बाद, उन्होंने पानी को बदल दिया और कुछ नया बनाया। ह्यआप कौन सी हैं, 'उन्होंने अपनी बेटी से पूछा। जब प्रतिकूलता आपके दरवाजे पर दस्तक देती है, तो आप कैसे प्रतिक्रिया देते हैं? क्या आप आलू, अंडा या कॉफी बीन रहे हैं? 'आप प्रतिकूल परिस्थितियों में कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह मायने रखता है और यह सब कुछ आपके विचार पर निर्भर करता है।

**(लेखक करियर काउंसलर सह मोटिवेटर हैं।)**


संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एकता शिविर के लिए भुरकुंडा जुबिली कॉलेज की छात्रा जुही का चयन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज की छात्रा जुही कुमारी का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए चयन हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आरके दास ने बताया कि जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई दो की स्वयंसेविका सह चयनित छात्रा 25 फरवरी से 3 मार्च तक बिरसा इंस्टिटयूट ऑफ टेक्नोलोजी पटना के तत्वावधान में होने वाले सात दिवसीय शिविर में हिस्सा लेगी। छात्रा के चयन पर प्राचार्य डॉ आरके दास, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा व डॉ.बी रविदास, डॉ एसपी पांडेय, डॉ अरूण कुमार सिंह झा, डा महेन्द्र पांडेय, डॉ विभा राय, प्रो देवप्रकाश प्रसाद, प्रो आलोक कुमार, प्रो टीके झा, प्रो एनके तिवारी, प्रो बालष्ण, प्रो एन पांडेय, प्रो मनोज कुमार, प्रो सुनील कुमार, प्रो गोपाल विश्वकर्मा, डॉ एसपी दांगी, डॉ प्रहलाद पांडेय, अरूण कुमार सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह, भुषण शर्मा सहित तमाम शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अवैध गिट्टी लदे दो हाइवा जब्त



**भदानीनगर (रामगढ़)।** खान विभाग ने भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा चौक से अवैध गिट्टी लदी दो गाड़ियों को पकड़ कारवाई के लिए भदानीनगर ओपी पुलिस को सौंपा है। जानकारी के अनुसार जिला खनन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पाली की ओर से अवैध गिट्टी लेकर गाड़ियां मतकमा चौक के रास्ते रांची भेजी जा रही है। सूचना के बाद खनन विभाग ने मतकमा चौक से जेएच 02 एई 9253 नंबर की हाईवा और जेएच 02 एजे 9571 नंबर की ट्रक को पकड़ा। पकड़े गये गाडियों के चालकों से गाड़ी व गिट्टी के चालान की कागजात मांग की गई। लेकिन चालकों से खनन विभाग को संतोषजनक जबाब नहीं मिला। इसके बाद दोनो गाड़ियों को उचित कारवाई के लिए ओपी को सुपुर्द कर दिया। इधर मामले की सूचना के बाद गिट्टी के अवैध कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा है।

### दारू में अर्णव मेडिकल हॉल खुला

दारु। दारू प्रखंड अंतर्गत झुमरा मुख्य चौक पर दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवम प्रखण्ड प्रमुख कुमारी श्वेता ने विधिवत फीता काटकर अर्णव मेडिकल हॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पूर्व विधिवत मेडिकल हॉल के अंदर पूजा अर्चना की गई। मेडिकल हॉल के मालिक अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्य चौक पर मेडिकल खुलने से अब लोगों को हर प्रकार का दवा उचित कीमत एवं आसानी से मिलेगा साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों के बाद डॉक्टर भी बैठाया जाएगा एवं जांच घर की भी सुविधा उपलब्ध की जाएगी।जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि झुमरा मुख्य चौक पर उचित मूल्य एवं सभी प्रकार के दवा के लिए मेडिकल की आवश्यकता थी जो अब खुल चुकी है इससे लोगों को राहत मिलेगी। प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने कहा की कोरोना के समय दवा को लेकर मारामारी था इसलिए मेडिकल खुलना अच्छा संकेत है। मौके पर समाजसेवी सोनू साव, देव कुमार राज, धर्मेंद्र यादव, मुकेश गुप्ता, अशीष कुमार, संजीत वर्मा, मोहन सिंह, सागर कुमार, लक्ष्मण साव, उमेश कुशवाह, रोहित यादव, सुमित कुमार वर्मा, भरत साव, नेमीलाल, एमडी पप्पू एवम सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### मजदूर को मिला बकाया पैसा

**धनबाद।** श्रम अधीक्षक सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह उपकर संग्रहण पदाधिकारी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर श्री हरेंद्र कुमार सिंह ने आज एक मजदूर को उसकी बकाया मजदूरी ?42000 का भुगतान कराया। साथ ही झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि के तहत 2,39,021रुपये की राशि वसूल की। इस संबंध में श्रम अधीक्षक ने बताया कि खुशी एंटरप्राइजेज में कार्यरत जितेंद्र हांसदा ने शिकायत की थी कि उसकी 42000 रुपए की मजदूरी नहीं दी गई है। आज खुशी इंटरप्राइजेज के संतोष कुमार और जितेंद्र हांसदा को बुलाकर दोनों पक्ष के साथ बैठक की। बैठक के बाद खुशी एंटरप्राइजेज तत्काल बकाया रकम का चेक देने के लिए सहमत हुआ। श्रम अधीक्षक ने 42 हजार रुपए का चेक जितेंद्र हांसदा को सौंप दिया।

# दो घंटे में काम पर लौटे हड़ताली डॉक्टर

## लाइव लोकेशन भेजने की मांग पर हंगामा, डीडीसी ने कहा- आरोप बेबुनियाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** दो दिनों से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा बरपा हुआ है। अस्पताल की कुव्यवस्था और भ्रस्टाचार को लेकर लगातार आ रही खबरों के बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बेहतर व्यवस्था स्थापित करने के लिए सरकार के द्वारा डीडीसी प्रेरणा दीक्षित को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

डीडीसी ने प्रशासक बनने के बाद जैसे ही कुछ कड़े कदम उठाने का प्रयास किया वैसे ही अस्पताल से अक्सर फरार रहने वाले चिकित्सकों की नींद हराम हो गयी। काम करने का दबाव जैसे ही बढ़ा उनके पेट में मरोड़े उठने लगे। कई डॉक्टर तो ऐसे भी है जो रांची में ही रहते है। यहा कभी कभार आते है। सदर विधायक इसको लेकर कई बार मुखरता से आवाज भी उठाते रहे। पर इन रसूखदार डॉक्टरों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है। खबर है कि प्रशासक बनाए जाने के बाद से डॉक्टरों के व्हाट्स एप्प ग्रुप में डीडीसी भी शामिल हुई। चिकित्सकों के द्वारा काम के प्रति लिबर्टी प्राप्त करने को लेकर किसी भी तरह की पोस्ट पर डीडीसी नजर रखने लगीं और उनका प्रतिक्रिया भी शुरू हुआ। शनिवार को डीडीसी की सख्ती को देखते हुए 50-60 चिकित्सकों ने व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट होते हुए ग्रुप को छोड़ दिया।

**शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष ने डीडीसी पर लगाया बदसलूकी का आरोप :** इधर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष सह सहायक प्राध्यापक डॉ विशाल ने आरोप लगाया है कि डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को अपने कार्यालय में उनके साथ बदसलूकी की और आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। आधे घंटे तक अपने चेंबर में खड़ा रखा और जब कुर्सी पर बैठ गए, तो उन्हें डांट कर और अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए कुर्सी से उठा दिया।

इतना ही नहीं अपने कर्मी और बॉडीगार्ड से कॉलर पकड़कर कार्यालय कक्ष से बाहर करवा दिया और धमकी दी कि उनका लाइसेंस भी रद्द कर देंगी। इस घटना के बाद डॉक्टरों द्वारा हड़ताल की धमकी दी गयी। बुधवार को वे दो घंटे हड़ताल पर बैठे भी लेकर ये कहकर हड़ताल को वापस ले किया की इससे मरिजो को परेशानी होगी। हालांकि इस दरम्यान डॉक्टरो ने अपने बाजू पर काला पट्टी लगाकार कार्य किया। इस पूरे प्रकरण पर डीडीसी प्रेरणा दीक्षित का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद है । उन्होंने डॉक्टर विशाल से यह पूछा था कि आप आज कहां हैं, तो उन्होंने कहा कि मैं राउंड पर हूं। उनसे कहा गया कि आप अपना लाइव लोकेशन उन्हें भेजें। लेकिन चिकित्सक ने लाइव लोकेशन नहीं भेजा। उन्हें पता चला कि वह रामगढ़ में हैं और जब उन्होंने उन्हें कहा कि आप चेंबर में आएं, तो दो घंटे विलंब से पहुंचे। डीडीसी का यह भी कहना है कि जब उनसे कहा गया कि आप लाइव लोकेशन दें, तो चिकित्सक ने कहा कि उन्हें संघ ने मना किया है। चिकित्सकों को सरकार सेवा देने के लिए सैलेरी देती है। लेकिन डॉक्टर अस्पताल में सेवा नहीं देने के बजाय निजी प्रैक्टिस करते हैं। यह कहीं से भी ठीक नहीं है। इस पूरे प्रकरण के पीछे का कारण भी यही है।

# सुनीता और बजरंग के बीच कांटे की टक्कर

## रामगढ़ विस उपचुनाव

**झापा के संतोष महतो व निर्दलीय धनंजय पुटूस भी कर रहे हैं जीत के दावे, दो मार्च को पता चलेगा किसके सिर पर सजेगा ताज**

**अमित सिन्हा**



सुनीता चौधरी।



बजरंग महतो।



धनंजय कुमार पुटूस।



संतोष कुमार महतो।

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। जैसे जैसे चुनाव की तिथि करीब आ रही है, प्रत्याशियों के बीच जोर आजमाइश बढ़ गई है। विशेषज्ञों की माने तो एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी एवं महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के बीच कांटे की टक्कर है। पर झापा के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो व निर्दलीय प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस भी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। हालांकि उंट किस करवट बैठेगा यह तो 2 मार्च की मतगणना को बाद स्पष्ट होगा। परंतु उपचुनाव को लेकर फिलहाल मैदान में डटे 18 प्रत्याशी जीत को लेकर लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं।

**प्रचार के लिए कई दिग्गज पहुंचे:** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का महत्व इसी से स्पष्ट हो जाता है कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में दो सभा कर चुके हैं। इसके अलावे मंत्री बादल पत्रलेख, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक अनूप सिंह सहित कई दिग्गज महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। वहीं, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में आजसू प्रमुख सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद पीएन सिंह, विधायक विरंची नारायण, समरी लाल, सीपी सिंह सहित कई दिग्गज चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वहीं, झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो के पक्ष में उनके पार्टी के कई दिग्गज जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस भी लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। जिससे उपचुनाव को मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।14 प्रत्याशी भी जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।

### महागठबंधन की ही होगी जीत : दीपिका



**रामगढ़।** महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह बुधवार को महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में जनसंपर्क के लिए रामगढ़ पहुंची। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा से मिली। इसके उपरांत उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत होगी। पूर्व विधायक ममता देवी को विपक्ष द्वारा षड़यंत्र के तहत फंसाकर जेल भेजा गया है। जिसका जवाब चुनाव में रामगढ़ की जनता बजरंग महतो को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर देगी। महगामा विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी जब रामगढ़ की विधायक थीं तब उन्होंने हर सुख दुख में लोगों का साथ दिया। महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। बताया कि जनसंपर्क के दौरान गोला क्षेत्र में महिलाओं ने रोते विलखते हुए मुझसे पूछा की ममता देवी जेल से कब बाहर आएंगी। दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि जब हम विपक्ष में थे तब ममता देवी को इतनी बड़ी जीत मिली थी। इसबार तो हम सत्ता में हैं और राज्य सरकार की उपलब्धियां भी हमारे साथ हैं।

# चूल्हा प्रमुख को देखकर घबरा गया है विपक्ष : आजूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में सुदेश महतो व लंबोदर महतो ने पांच पंचायतों में की चुनावी सभा**



**गोला।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार व विधायक डॉक्टर लम्बोदर महतो ने बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा कर समर्थन मांगा। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो व गोमिया विधायक डॉक्टर लम्बोदर महतो ने प्रखंड क्षेत्र के सुलरी, रकुवा, बंदा, हेसापोडा व चाडी पंचायत में चुनावी सभा की। इस दौरान आजसू सुप्रीमो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे चूल्हा प्रमुख को देखकर विपक्षी घबरा गए हैं। साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की धर्मपत्नी सुनीता चौधरी के पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि आजसू पार्टी ही आपके क्षेत्र में विकास का काम कर सकती है। सांसद सीपी चौधरी अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में पुरे रामगढ़ जिले के कोने कोने तक सड़क, बीजली, पानी पहुंचाने का काम किया। आजसू पार्टी हमेशा लोगों के हर सुख दुःख शादी, श्राद्धकर्म सहित अन्य कार्यों में भी साथ रहती है। वहीं, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अपने संबोधन में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अबकी बार गलती नहीं किजिएगा। नहीं तो क्षेत्र के गांवों में विकास की गति रुक जायेगा। उन्होंने आगामी 27 फरवरी को क्रम संख्या दो पर केला छाप पर मुहर लगाकर सुनीता चौधरी को विजयी बनाने की बात कही। इधर, पार्टी की नीति व सिद्धांत को देखकर कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा से लगभग दो दर्जन लोग पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर निरु शांति भगत, प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य सरस्वती देवी व ललन बेदिया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# 26 को समय पर रामगढ़ कॉलेज पहुंचें मतदान कर्मी

**खबर मन्त्र संवाददात**

### चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करायें : उपायुक्त



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में मीडिया से बात की।

सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी से कहा कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के सफल आयोजन हेतु बहुत जरूरी है कि जो भी बातें अब तक आपको प्रशिक्षण के दौरान बताई गई है आप उन्हें स्मरण रखें एवं 27 फरवरी को होने वाले मतदान के मद्देनजर 26 फरवरी को ससमय अनिवार्य रूप से रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ पहुंचाएं । जिसके उपरांत आप सभी अपने पोलिंग पार्टी के साथ संबंधित मतदान केंद्र/क्लस्टर तक पहुंच जाएं। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी पोलिंग पार्टी डिस्पैच के उपरांत अपने-अपने मतदान केंद्र/क्लस्टर पहुंच जाए एवं इससे संबंधित जानकारी कंट्रोल रूम को दे दी जाए। इस दौरान उन्होंने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने जोनल दण्डाधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव के शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त आयोजन में आप सभी की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है इसलिए सभी सेक्टर दंडाधिकारी उनके साथ टैग किए गए पुलिस पदाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहें। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने व ससमय आवश्यक जानकारियां चुनाव कोषांग, कंट्रोल रूम आदि को देने का निर्देश दिया।

निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए अपने सभी दुविधाओं को दूर कर लेने का निर्देश दिया । उन्होंने सभी को अपने-अपने क्षेत्र के अधिकारियों का नंबर अपने पास रखने, ससमय मॉक पोल कराकर मतदान शुरू करने, नियमित रूप से कंट्रोल रूम को आवश्यक जानकारियां साझा करने सहित चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर सह उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, परिक्षयमान उप समाहर्ता पंकज कुमार एवं हंस हेम्ब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### होली भाईचारा और सौहार्द का त्योहार : क्यूम



बरही। विजैया पंचायत ने होली के अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों व समाजसेवियों ने संयुक्तरूप से होली मिलन समारोह हुआ। समारोह का आयोजन बरही पूर्वी पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, समाजसेवी रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, सुनील यादव ने संयुक्त रूप से किया। होली गीत गाकर दिलीप गिरी एवं उनके मंडली ने होली गीत गाकर पंचायत वासियों को मनोरंजन किया।बरही पूर्वी पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है होली। हिन्दू रीति के अनुसार वर्ष का पहला दिन है। बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, महेश दास, सहदेव ठाकुर चंद्रिका दास, सुनील यादव, सुशील यादव, अर्जुन मोदी, सुरेश यादव, पप्पू खान, अली मियां, चंद्रिका प्रसाद, राजेश कुमार, उदय कुमार यादव, मुंशी पासवान, मुनिलाल ठाकुर, राम किसून ठाकुर, बैजनाथ यादव, सीता राम यादव, संतोष यादव, विजय यादव, बमबम कुमार, किशोर सोनी आदि उपस्थित रहें।

### डिजिटल ट्रांजेक्शन की दी गयी ट्रेनिंग

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन की दी गई ट्रेनिंग। ट्रेनिंग का शुभारंभ मुखिया मंगलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मनीलाला यादव, समाजसेवी रामानंद यादव, सुरेश दास, बीसी इंद्राणी देवी, भोला प्रजापति सीसी चंदन कुमार आदि गणमान्य लोग द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण में डिजिटल ट्रांजेक्शन वित्तीय नियोजन, भविष्य के लिए लिए बचत करना, अपनी खर्च का योजना बनाना, अपनी आय को दोगुना करना, बैंक एवम समूह से ऋण लेना एवम उसके फायदे, बीमा आदि चीजों के बारे में प्रशिक्षण दिए गया। इस कार्यक्रम में आईपीआरपी महालखी, बैंक सखी प्रियंका, एफएल सीआरपी पिंकी, बीआरपी एसडी सिद्दिका खातून, क्रांति कुमारी आरती कुमारी, सक्रिय दीदी कदम, सुनीता, रेणु, उर्मिला, संजू, बसवा देवी आदि दीदी लोग उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन सड़क का काम हुआ ठप

**टाटीझरिया।** पीएमजी एस वाई सड़क होलंग –डूमर सड़क की मरम्मती कार्य का शिलान्यास 3 नवंबर 2022 को सांसद और विधायक द्वारा किया गया था। चूंकि यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में थी। 8 किलोमीटर की यात्रा बाइक से करने में लगभग 40 से 45 मिनट का समय लग जाता था,दुर्घटनाएं जो होती थी उसकी तो गिनती ही नहीं। इसे देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने सड़क मरम्मतिका कार्य पारित करवाया। संवेदक रमेश कुमार ने धूमधाम से इसका शिलान्यास करवाया। ग्रामीणों को थोड़ी राहत महसूस हुई,पर अब इसके मरम्मती का कार्य बंद कर दिया गया है।जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतें हो रही है। न ठेकेदार का पता है और न ही इसका कार्य हो पा रहा है।भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सड़क मरमटी के कार्य को शीघ्र पूरा करवाने के लिए डीसी और कार्यपालक अभियंता से मांग किया है। उन्होंने बताया कि अब पहले से भी खराब स्थिति हो गई है। जहां –तहां पत्थर ठेकेदार द्वारा भरा गया था,जो अब वाहनों के आवागमन से छटकने लगा है।जिससे पैदल यात्रियों को चोट लगने की संभावना ज्यादा ही है। उन्होंने सांसद जयंत सिन्हा और विधायक जेपी पटेल से भी इस सड़क का कार्य शीघ्र पूरा करवाने की मांग किया है।
२२ है पी २ : डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल लोग

### शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ 11 मार्च से



**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना के बगल में नवनिर्मित शिव प्राण मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन होगा। यह यज्ञ 11 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च को समाप्त होगा। दारू थाना के पास मंदिर बनाने की मांग यहां के ग्रामीण वर्षो से करते रहे है अब उनकी यह उम्मीद पूरी होने जा रही हूं। इस बारे में सबसे पहले तत्कालीन थाना प्रभारी विद्यासागर चौरसिया ने ग्रामीणों की सहायता से कार्य प्रारंभ कराया था उनके तबादले के बाद वर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार ने इस मंदिर के शेष बचे कार्य को सभी की सहायता से मिलकर बनवाया। यहां का मंदिर बहुत ही खूबसूरत और भव्य आकार का बना हुआ है जिसकी लोग काफी सराहना कर रहे है। इस मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मंदिर का प्लास्टर, बिजली वाईरिंग, पेंट का कार्य पूर्ण हो गया है जबकि टाइल्स लगाने का कार्य अंतिम चरण में है।

### बेडमक्का में पुस्तक का किया गया वितरण



**टाटीझरिया।** खैरा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय बेडमक्का में खैरा पंचायत की मुखिया माधुरी ने झारखंड शिक्षा परियोजना के ओर से वर्ग कक्ष के अनुसार प्रति किताब के आधार पर कॉपी का वितरण किया गया। मुखिया ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने को कहते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों से कहा कि छात्र छात्राओं को गुणवता पूर्ण शिक्षा दें । मौके पर समाज सेवी अरविंद केसरी मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कु.वर्मा विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरयू पांडेय सहायक शिक्षक गन वार्ड सदस्यों में पप्पू रविदास संग कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता

**चरही।** बुधवार को चरही के सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा और प्रबंधन के बीच 11 सुत्री मांगों को लेकर वार्ता की गई।मोर्चा की ओर केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो वहीं प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने पहल किया।इस वार्ता में मोर्चा की ओर से अपना पक्ष रखा कि 25 किलोमीटर तक पड़ने गावों में सीएसआर के तहत पूर्ण विकास कराया जाय।साथ ही आऊट सोर्सिंग कंपनी में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया जाय।चरही-घाटो रोड लाईट की व्यवस्था की जाए।तथा दो समय सड़क पर पानी का छिड़काव कराई जाय।जमीन बदले रैयतों को नौकरी और और मुआवजा दिया जाय। इसके अलावे अन्य समस्याओं को हल किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। ।प्रबंधन ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं पर गहन-विचार किया जाएगा।मौके पर मोर्चा की ओर से शिवलाल महतो,चौलेश्वर महतो,आरिफ अंसारी,वीणा मिश्रा, बिनोद महतो प्रबंधन की ओर से जीएम नीरज कुमार सिंह,तापीन साउथ पीओ एके दिवाकर सहित कई अधिकारी-पदाधिकारी और मोर्चा के लोग उपस्थित थे।

# हिंडाल्को कंपनी से पहले रोजगार की मांग की, फिर यार्ड हटाने को कहा

खबर मन्त्र संवाददाता



मशाल जुलूस निकाल गेट जाम करते मजदूर।

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित साइडिंग बस स्टैंड में बॉक्साइट डंपिंग यार्ड हटाने को लेकर मजदूरों का विरोध दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।मंगलवार की देर शाम बॉक्साइट डंपिंग यार्ड में कार्य करने वाले सैकड़ों मजदूरों ने मशाल जुलूस निकाल हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के गेट का घेराव कर दिया। मौके पर मजदूरों का कहना है राजनीतिकरण के चलते सिर्फ डंपिंग यार्ड को हटाया जा रहा है। जिससे हजारों मजदूर बेरोजगार हो जायेंगे।विरोध कर रहे मजदूरों का कहना था कि अगर डंपिंग यार्ड को हटाया गया तो रोपवे को भी हटाया जाना चाहिए। मजदूर संघ ने मसाल जुलूस लेकर घंटो हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के गेट का घेराव कर डंपिंग यार्ड में कार्यरत सभी मजदूरों को रोजगार देने की मांग कर रहे थे। मजदूरों ने कहा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लोहरदगा में राजनीति कर रही है। प्रदूषण का हवाला देकर डंपिंग यार्ड को हटाया जा रहा है लेकिन रोपवे को नही हटाया गया रोपवे से प्रदूषण नही होगी क्या? हिंडाल्को सभी मजदूर को रोजगार दे उसके बाद डंपिंग यार्ड को हटाए नही तो मजदूर संघ हिंडाल्को के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। वही सैकड़ों मजदूर हाथो मशाल लेकर देर रात्रि तक हिंडाल्को गेट का घेराव कर अपनी मांगो को लेकर डटे हुए थे बाद में समझा बुझाकर मजदूरों को वापस भेजा गया।

### सुरक्षा व साइबर फ्रॉड को लेकर एसपी ने बैंक अधिकारियों के साथ की समीक्षा

# बैंक सिक्योरिटी प्रॉब्लम की तुरंत जानकारी देने वाला तंत्र विकसित करे : एसपी

### सभी बैंक के सीसीटीवी कैमरे को अपडेट कर एचडी कैमरा लगाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैंक अधिकारियों को बैठक करते एसपी।

**गुमला।** बैंक सुरक्षा एवं साइबर फ्रोड से बचाव को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव ने गुमला के सभी बैंक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सरकारी एवं गैरसरकारी बैंकों के पदाधिकारियों शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से बैंक की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए किसी भी प्रकार के बैंक लूट, धोखाधड़ी से बचने के लिए एसपी ने आवश्यक निर्देश दिये। एसपी ने बैंक अधिकारियों को ऐसा तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार के सिक्योरिटी थ्रेट्स होने पर आविलंब इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाना तक पहुंच जाएं, ताकि त्वरित गति से उसपर कारवाई हो सकें। सभी बैंक, एटीएम एवं सीएसपी में क्यूआर कोड व बास्ट पेट्रोलिंग किया जाएगा। ताकि सौ प्रतिशत पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित कि जा सकें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैंक के सीसीटीवी कैमरा को अपडेट कर एचडी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैंक के बाहरी परिसर को भी सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में रखने का निर्देश दिया। बैंक एवं एटीएम में कैश इंस्टालेशनव ट्रांसफर के क्रम में पुलिस स्टेशन को अवश्य सूचित करने का निर्देश दिया ताकि पब्लिक के पैसों की पूर्ण सुरक्षा हो सकें। इस समीक्षात्मक बैठक में पुलिस अधीक्षक गुमला डॉ ऐहतेशाम वकारिव के अतिरिक्त हेडक्वार्टर डीएसपी श्री प्राण रंजन, एसडीपीओ गुमला श्री मनीष चंद्र लाल, अंचल निरीक्षक गुमला श्री मनोज कुमार, थाना प्रभारी गुमला श्री विनोद कुमार, सार्जेंट मेजर श्री प्रणव कुमार के अलावे गुमला स्थित सभी प्रकार के सरकारी एवं प्राइवेट बैंक के पदाधिकारी उपास्थित थे।

## टेलीकॉम व मोबाइल टावर से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में टेलीकॉम सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें टेलीकॉम तथा मोबाइल टावर से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिले में 159 पंचायत तथा 12 ब्लॉक में 3 जगहों पर डीवाईस चोरी हो गया है। तथा 3 जगहों पर बिजली कनेक्सन नहीं किया गया है। बाकी सभी जगह पर बिजली कनेक्सन कर दिया गया है। साथ ही जारी ब्लॉक में 66 एमबीपीएस नेट का स्पीड मिला है।

जिले में 66 बीएसएनएल के टावर लगाने हेतु जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जिसपर उपायुक्त ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। एलडबल्यूई क्षेत्र अंतर्गत 9 मोबाइल टावर अधिष्ठापन के तहत 4 टावर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 5 टावर अधिष्ठापन पर कार्य जारी है। जिसे जल्द ही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## मृतक के परिजनों ने डीसी से बच्चों की पढ़ाई में मदद करने व मुआवजे की लगायी गुहार

**गुमला।** गुमला कोर्ट में एक निजी वकील के मुंशी परमेश्वर सिंह की गत 2 फरवरी की रात लक्ष्मण नगर के लिप्टस बगीचा में अपराधियों द्वारा बड़ी बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके बावजूद मृतक के परिजन आज भी गहरे सदमे में है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मृतक की पत्नी रेखा देवी सहित अन्य लोगों को बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है। बुधवार की दोपहर स्वर्गीय परमेश्वर सिंह की पत्नी रेखा देवी सहित अन्य लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और एक मांग पत्र सौंपा। परमेश्वर सिंह की पत्नी रेखा देवी ने कहा कि मेरे तीन बच्चे हैं। सास ससुर की तबीयत भी खराब है और परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में मुझे बच्चों के भविष्य की चिंता है। उन्होंने उपायुक्त से अपील करते हुए मुआवजा राशि देने, बड़े बेटे को नौकरी देने और बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग की अपील की है।


कार्यालय
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ईमेल–latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01 / 2022
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)
–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्ड वार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 01.03.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.290927 Human Resource Developement(22-23):D


# पेंशन नहीं देने की नीति काला कानून है : महेश

### पेंशनर समाज गुमला इकाई का छठवां वार्षिक महाधिवेशन संपन्न, कमेटी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



अधिवेशन को संबोधित करते मुख्य अतिथि महेश कुमार सिंह।



अधिवेशन में शामिल लोग।

**गुमला।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज गुमला इकाई का छठवां वार्षिक महाधिवेशन बुधवार को पालकोट रोड़ स्थित उत्कल पोईंट में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य संयुक्त सचिव डी. विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य कोष प्रभारी चन्द्रकांत सिंह तथा यूको बैंक के प्रबंधक राजन कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। पेंशनर समाज के वरीय सदस्य तेजपाल राम के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। जबकि कार्यकारी सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज के कोष की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए शांति प्रकाश केरकेट्टा के द्वारा आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया। पेंशनरों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने बैंक प्रबंधन को आडे. हाथों लेते हुए कहा कि सभी बैंक पेंशनभोगियों के कार्यो के प्रति सचेष्टता दिखलायें। उन्होंने कहा कि पेंशन की राशि कोई खैरात नहीं है। कोई भी सरकारी कर्मचारी पैंतीस-चालीस वर्षो तक सेवा करने के उपरांत पेंशन प्राप्त करता है। उन्होने वर्तमान में नौकरी पर जाने वालों को पेंशन नहीं देने की नीति को काला कानून की संज्ञा देते हुए इसे कर्मियों के दोहन करने की बात बताई। पेंशनर समाज को विभिन्न बैंकों द्वारा समय समय पर सुविधा निमित्त सहयोग देने की मांग उनके द्वारा की गयी। उन्होंने कहा कि आरबीआई का यह निर्देश भी है कि पेंशनरो के संगठन को बैंक सहयोग करें। मुख्य अतिथि द्वारा आह्वान किया गया कि हमलोग मेडिकल क्लेम तथा लीव ट्रेवल की सुविधा देने की मांग भी सरकार से की गयी है। इस मुद्दे पर सभी साथियों को एकजुटता का परिचय देना है। यूको बैंक के प्रबंधक राजन कुमार ने कहा कि सभी पेंशनधारी काफी परिपक्व होते हैं। ऐसे में उनसे किसी प्रकार के चूक होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक पवन कुमार ने बैंकों में कर्मियों की कमी रहने के कारण कुछ कार्यो का निष्पादन समय पर नहीं हो पाता है। एकजुट रहकर ही हम पेंशनरों के विरुद्ध किये जाने वाले नीतिगत फैसलों का प्रतिकार कर सकते हैं। वरिष्ठ पेंशनर रामानुज शर्मा ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए कहा कि बैंक पेंशनरों के कार्यो के प्रति संवेदनशीलता रखें। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष विश्वनाथ दास ने ग्रेड पे के मामले महालेखाकार कार्यालय की दुरंगी नीति की आलोचना करते हुए इसमें पारदर्शिता अख्तियार करने की बात कही गयी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रकांत सिंह ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना काल में हम पेंशनरों को शारीरिक रुप से काफी क्षति पहुंचाई है। महिला पेंशनरों को भी संगठन में अपनी सक्रियता बढाने की नसीहत दी। मौके पर जिला सहित सभी प्रखण्डों से सैकड़ों महिला पुरुष पेंशनधारी उपस्थित थे। मंच का संचालन महावीर मिश्र ने व धन्यवाद ज्ञापन गौरी प्रसाद साहु ने की।

**तेजपाल राम मोची बने पेंशनर समाज के अध्यक्ष :** महाधिवेशन में नये सत्र के लिए समाज के जिला कमेटी का चयन किया गया। जिसमें बैजनाथ चन्द्र अधिकारी को संरक्षक, हिलारियुस तिर्की को सम्मानित अध्यक्ष, तेजपाल राम मोची को अध्यक्ष, भागी नाग, महेश प्रसाद गुप्ता, उर्मिला लकड़ा व कोरोलिना एक्का को उपाध्यक्ष, महावीर प्रसाद मिश्र को सचिव, अघनु बड़ाईक, परमानंद भीमकूल व प्रभाकर दास को सह सचिव, शांति प्रकाश केरकेट्टा को कोषाध्यक्ष, गौरी प्रसाद साहु को राज्य प्रतिनिधि, द्वारिका मिश्र सुमन को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रखण्डों से दस कार्यसमिति सदस्यों का चुनाव भी किया गया।

## मिशन बदलाव का स्थापना दिवस समारोह 5 मार्च को : भूषण भगत

**गुमला।** मिशन बदलाव की बैठक विंग्स आईटी इंस्टीट्यूट पालकोट रोड गुमला में अमित सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 5 मार्च को मिशन बदलाव का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। जुलूस सिसई रोड, मेन रोड गुमला होते हुए नगर भवन में जाकर सभा में तब्दील होगा। बैठक में मिशन बदलाव राँची के प्रणव सिंह और प्रदीप गुप्ता भी शामिल हुए और मिशन बदलाव के प्रदीप कुमार, दीपेश कुजूर ,रविकांत भूषण,अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पशु सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशु सखीयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार के पशुधन योजना के तहत पशुपालन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड पशुपालन चिकित्सक डाक्टर मनोज कुमार ने पशु में उतपन होने वाली बीमारी एवं बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी पशु सखीयों को दिया गया साथ ही मवेशियों को एफ एम डी वैक्सीन लगाने के बारे में बताया गया।


कार्यपालक नगर पंचायत कोडरमा।
अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06 / 2022–23 दिनांक 21.02.2023

| क0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of WBM road (Earth Work, Gaurdwall, Culvert) from Woman Mahavidayley to PMAY Vertical -3 (Bonakali, Ward no-01) Under Nagar Panchayat Koderma. | 2201200.00 | 44100.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 02 | Construction of P.C.C Road and Guard wall from Chhath Ghat Dukhni Talab Side to Bypass Road Baghitand in ward No-02 Under Nagar Panchayat Koderma. | 1501200.00 | 30100.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 07 | Construction of P.C.C Road and Box Culvert From the Nearest House of Vicky Gupta to the Boundary of Manoj Kumar Rana to P.C.C Road in Ward No-07, Under Nagar Panchayat Koderma. | 1632400.00 | 32700.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 14 | Construction of P.C.C road from The House of Shakti Saw to Koderma Jainagar Road Via House of Raju Saw in Ward No-14, Under Nagar Panchayat Koderma. | 1431900.00 | 28700.00 | 5000.00 | 90 Days |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | 24-02-2023 | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 02-03-2023 | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | | 04-03-2023 | | |
| D | Date of opening Tender | | | 06-03-2023 | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| F | Helpline No. | | | +91-8434850985 | | |

PR 290969 Urban Development(22-23)D
ह0/– प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड,रॉंची
(कृषि प्रभाग)
कार्यालय:–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार
संयुक्त जिला कृषि भवन किनामाड मेनरोड,लातेहार, (Email:- scolatehar@gmail.com)

–: आम सूचना :–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 62 दिनांक 01.02.2023 द्वारा लातेहार जिला हेतु वित्तीय वर्ष–2022–23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अंतर्गत Sub Mission on Agriculture(SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह / Enterpreneurs /Lampus/Pacs/ FPOs/Village Organization (V.O) / कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों को अच्छादित किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला कृषकों / को व्यक्तिगत कृषि यंत्र अधिकतम 50 एवं 60 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है:–

| क0 | कृषि यंत्र का नाम | TSP भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 15 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रू0 |
| 2 | कोनोविडर | 21 | 50 प्रतिशत या 1200 रू0 |
| 3 | मिनी राईस मील | 5 | 60 प्रतिशत या 240000 रू0 |
| 4 | मिनी दाल मील | 5 | 60 प्रतिशत या 150000 रू0 |
| 5 | मेजसेलर | 5 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 6 | नेपशेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिशत या 750 रू0 |
| 7 | सोलर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 18 | 50 प्रतिशत या 1800 रू0 |
| 8 | पावर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिशत या 3100 रू0 |
| 9 | प्लास्टि कमल्चलिइंग मशीन | 5 | 50 प्रतिशत या 75000 रू0 |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 11 | जीरोटील मल्टीक्रोप ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 12 | रोटावेटर (5 फीट तक) | 10 | 50 प्रतिशत या 35000 रू0 |
| 13 | मल्टीक्रोप थ्रेसर | 10 | 50 प्रतिशतया 40000 रू0 |
| 14 | पैडी थ्रेसर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 15 | पावर वीडर | 10 | 50 प्रतिशत या 25000 रू0 |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 27 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 17 | एम बी प्लाव | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 18 | डिस्क प्लाव | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 19 | कल्टीवेटर 5,7,9, दांता | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 20 | केजव्हील | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 21 | फरोओपनर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 22 | रीजर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 23 | पोटैटो प्लांटर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 24 | पोटैटो डीगर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |

लाभुक का चयन:–
- इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्यो का होना अनिवार्य है।
- वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- जिन कृषक समूहों एंव कृषको को कृषि विभाग / भूमि संरक्षण द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना के माध्यम से कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा ,उन यंत्रो को छोड़कर अन्य कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
- आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यालय पता :–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, संयुक्त जिला कृषि भवन, किनामाड़ मेन रोड, लातेहार।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी लातेहार

PR 290971 Agriculture(22-23).D


# खेल से बढ़ता है आपसी सौहार्द : नेसार अहमद

### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** फाइव स्टार क्रिकेट क्लब कुज्जी के तत्वावधान में स्वर्गीय तौफीक मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन कुज्जी पतरा मैदान में किया गया। इस टूनामेंट का उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद एवं विशिष्ट अतिथि सलीम अंसारी बड़े के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन मैच सुकुमार क्रिकेट क्लब एवं कपिल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें कपिल क्रिकेट क्लब 5 विकेट से जीत हासिल कर अगले चक्र में जगह बनाई। इस मौके पर नेसार अहमद ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और क्रिकेट हमारे देश के साथ-साथ झारखंड का भी लोकप्रिय खेल है। क्रिकेट काफी तकनीक के साथ-साथ अनुशासित खेल माना जाता है।

### बेहोश होकर गिरी बच्ची के अभिभावक से गार्ड ने मांगा आवेदन

# विद्यालय में बच्चों के सेफ्टी को बनाया गया है रूल : एचएम

### बाद में पिता ने बच्ची को पहुंचाया अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता



अस्पताल में बच्ची का इलाज करती नर्स।

**गुमला।** केंद्रीय विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा आंचल राज बुधवार को क्लास में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। बच्ची के गिरने पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाये जाने पर छात्रा की सहेली ने स्कूल की शिक्षिका के मोबाईल से उसके पिता कुलदीप चौधरी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल पिता कुलदीप चौधरी स्कूल पहुंचे और बेटी को अस्पताल ले जाने लगे। तब स्कूल के गार्ड ने कहा कि बिना आवेदन के आप बच्ची को बाहर नहीं ले जा सकते हैं। जिसपर पिता ने तत्काल आवेदन लिखकर दिया तो गार्ड ने आवेदन स्कूल के प्रधानाध्यापिका को यह कहकर नहीं दिया कि वे मीटिंग कर रही है।

इस दौरान बच्ची की तबीयत और बिगड़ने लगी। फिर गार्ड ने आवेदन प्रधानाध्यापिका को दिया। जिसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। छात्रा के पिता ने गार्ड पर आरोप लगाया कि आवेदन देने के बाद उसने फेंक दिया। इस मामले पर जब प्रधानाध्यापिका नीलिमा कुल्लू से पूछने पर उन्होंने गार्ड के हरकत पर माफी मांगी। लेकिन जो भी हो ऐसी व्यवस्था में बिना इलाज के बच्ची के साथ कुछ भी हो सकता था।

# अंजलि उरांव की मौत के दोषियों पर हर हाल में होगी करवाई : सुखदेव भगत

### मौत की सूचना के बाद भी जिले के किसी अधिकारी के घर नहीं पहुंचने पर प्रशासन पर संवेदनहीनता का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



अंजलि के पिता और बहन से मिलते सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** जिले के जोरी गांव की रहने वाली जेएसएसपीएस कैडेट एथलीट अंजलि उरांव की मौत की सूचना मिलने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत भी सदर थाना क्षेत्र के जोरी गांव में अंजली उरांव के घर पर पहुंचे।मौके पर परिजनों से मुलाकात की साथ ही भरोसा दिलाया कि अंजलि की मौत को लेकर जांच और मुआवजा दिलाने में वह पूरा सहयोग करेंगे। वही मृतक अंजलि उरांव के परिजनों से घटना के बाद जिले के एक भी अधिकारी मिलने नहीं गए इस पर पूर्व विधायक ने अधिकारियों पर आदिवासियों से घृणा और असंवेदनशीलता का आरोप लगाया है। अंजलि के परिजन भी चाह रहे हैं कि इस मामले की पूरी जांच हो जिससे कि दूसरे खिलाड़ियों के साथ ऐसी घटना नहीं हो जिले की एक प्रतिभावान खिलाड़ी के साथ इस तरह की घटना ने कई सवालों को जन्म दे दिया है। मृतक एथलीट अंजली उरांव की बहन किरण कुमारी ने बताया की जब अंजली पूरी तरह से बीमार हो गई, तब परिजनों को अंतिम समय पर सूचना दिया गया। उन्होंने बताया कि अंजलि कभी भी बीमार नही पड़ती थी वह एकदम स्वस्थ थी। उसके इलाज में पूरी तरह से लापरवाही बरती गई। जिसके कारण आज उसकी मौत हो गई। यदि ऐसी ही घटनाएं होती रही तो शायद ही कोई अभिभावक अपने बच्चे को प्रशिक्षण के लिए अपने घर से दूर नहीं भेजेगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। वही पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने पूरे मामले पर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी से कड़ी करवाई की मांग करते हुए पूरे मामले को सदन में उठाया जाएगा और मुख्यमंत्री से में पूरे घटना को अवगत कराते हुए उच्च स्तरीय जांच का मांग कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कोशिश करूंगा और पूरे मामले पर पारदर्शिता के साथ जांच की मांग करता हूं।

# सूर्यमंदिर में श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीरामचरित मानस की महिमा सुन मुग्ध हुए श्रोता

**• जहां भी श्रीराम कथा का आयोजन होता है, वहां विराजते हैं हनुमान जी : बहन गौरांगी गौरी**

**• पूर्व सीएम रघुवर दास एवं भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने व्यास पीठ का किया पूजन**

जमशेदपुर। विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** भगवान श्री राम धरती पर अपनी तमाम लीला और कर्तव्यों का पालन करने के पश्चात अपने बंधु-बांधव और परम प्रिय भक्तों को लेकर जब बैकुंठ धाम चलने के हुए तो श्री राम के परम भक्त हनुमान जी ने बैकुंठ जाने से इनकार कर दिया। प्रभु श्रीराम ने जब हनुमान जी से बैकुंठ धाम ना जाने का कारण जानना चाहा तो हनुमान जी ने कहा कि प्रभु क्या बैकुंठ धाम में मुझे श्री राम कथा सुनने का अवसर मिलेगा? क्या कोई वहां श्री राम कथा सुनाएगा? प्रभु ने कहा कि नहीं । यह सुन हनुमान जी ने कहा कि प्रभु जहां श्री राम कथा का श्रवण करने का सौभाग्य ना मिले उस बैकुंठ धाम को क्यों जाना ? मैं इस धरती पर ही रहूंगा और जहां -जहां श्री राम कथा होगी वहां मैं कथा सुनने अवश्य उपस्थित होउंगा। इसलिए कृपया मुझे मृत्यु लोक में ही रहने का आशीर्वाद प्रदान करें। उक्त प्रसंग आज सूर्य धाम में शुरू हुए श्री राम कथा के प्रथम दिन रामचरित मानस की महत्ता पर प्रकाश डालने के दौरान परम विदुषी बहन गौरांगी गौरी में सुनाया । बहन गौरी ने बताया कि धरती पर जहां कहीं भी श्री राम कथा का आयोजन होता है वहां श्री राम भक्त हनुमान कथा सुनने वाले भक्तों के बीच मौजूद होकर खुद कथा श्रवण कर आनंदित होते हैं। उन्होंने बताया कि श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को जब अपनी पत्नी की ताड़ना सुनकर प्रभु में अपने को खो देने का मार्गदर्शन मिला तो वे प्रभु दर्शन के लिए भटकने लगे। वे चित्रकूट गए और वहां रहने वाले भक्तों के भी चंदन लगाकर वे अपने को संतुष्ट करने लगे यहीं पर श्री राम भक्त हनुमान जी ने उन्हें प्रभु श्री राम के दर्शन करवाएं और उसी दिन से उन्होंने श्री राम चरित्र मानस पत्थरों पर उकेरना शुरू कर दिया। बाल्मीकि रामायण के रचयिता वाल्मीकि ऋषि जब यह बात पता चली जन-जन की भाषा में श्री रामचरितमानस लिखा जा रहा है तो उनके रामायण का महत्व कम हो जाएगा इसलिए उन्होंने प्रभु श्रीराम की आराधना कर पत्थर पर लिखे गए रामचरित्र मानस को समुद्र में डुबोने का आग्रह किया। श्री राम के आग्रह पर हनुमान जी ने पत्थर पर लिखी रामचरित्र मानस को समंदर में फेंक दिया किंतु हनुमान जी ने कहा प्रभु आप की कथा अब जन-जन तक कैसे पहुंचेगी? इस पर प्रभु श्री राम ने कहा कि यही वाल्मीकि ऋषि अगले जन्म में गोस्वामी तुलसीदास के रूप में पैदा होंगे और नए सिरे से रामचरित्र मानस लिखेंगे जो घर-घर में पढ़ी जाएगी और पूजी जाएगी।

बहन गौरांगी गौरी ने कहा कि मनुष्य तमाम ग्रंथों को नहीं पढ़ सकता किंतु अगर वह श्री रामचरित मानस भक्ति भाव से पड़ता है तो उसे तमाम ग्रंथों के ज्ञान के बराबर हैं पुण्य मिलता है। सच्चाई है कि बैकुंठ में विराज ने वाले देवता भी श्री राम कथा सुनने को तरसते हैं किंतु मृत्युलक पर रहने वाले मनुष्य और हनुमान जी को धरती पर राम कथा सुनने का सौभाग्य हासिल है। बहन गौरी ने बताया कि राम कथा वास्तव में जीवन जीने का एक दर्शन है।





रामचरित मानस की महत्ता पर प्रकाश डालती बहन गौरांगी गौरी। करताल बजाते एक बुर्जुग।

## वैदिक मंत्रोच्चार से शुरू हुई श्रीराम कथा



भजन सुन मुग्ध महिलाएं।

**शिव विवाह प्रसंग आज**

आज श्रीराम कथा के द्वितीय दिन शिव-विवाह प्रसंग का वर्णन किया जायेगा।

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर संगीतमय श्रीराम कथा का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कथा व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा का वर्णन किया। कथा में 7 सदस्यीय संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीमुख से श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा की कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में श्रद्धालुओं का जबरदस्त हुजूम शामिल हुए।



भजन के दौरान ताली बजाते रघुवर दास।

### कथा में उपस्थित विशिष्ट जन

श्रीराम कथा में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, नीरज सिंह, बिनोद राय, अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, अधेन्दू बनर्जी, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा एवं तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक गुंजन यादव, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, खेमलाल चौधरी, बबुआ सिंह, गुरुदेव सिंह राजा, कमलेश साहू, महेंद्र यादव, मंजीत सिंह, अभिमन्यु सिंह चौहान, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, राकेश राय, सुशील पांडेय, अमित उपाध्याय, निकेत सिंह, प्रेमचन्द भगत, धनेश्वर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

---

स्पीड न्यूज

### एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



जमशेदपुर। बिरसानगर मुराकाटी स्थित एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने वर्षा जल संचयन, ऊर्जा और पृथ्वी संरक्षण, स्मार्ट सिटी, इको फ्रेंडली एनर्जी, वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने, उर्जा संरक्षण के तरीके, साथ ही प्रदूषण से संबंधित जैसे विषयों पर आकर्षक प्रोजेक्ट तैयार किया तथा उससे संबंधित जानकारियां दी। स्कूल की प्रिंसिपल ममता कुमारी ने कहा कि विज्ञान से हमारा संबंध हमारे जीवन को सरल बनाता है और इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य प्रतिभागी सोनाराम सोरेन, बासी, रीमा अंकिता, शंकर मुंडा, सिल्की कुमारी, मीणा, रूपोश्री, शुभम, अंकित, श्रवण मुंडा, धनेश्वर महतो, रवि किशन, अंकित ठाकुर, ज्योत्सना, अनिकेत, शिव, शिखा कुमारी, अनिकेत उराव, प्रेम कुमार, विजय, मिंटू, श्याम सुरेन, अंकित कुमार के अलावा विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजिका शेफाली टुडू, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### माता महालक्ष्मी को चढ़ाये गये 11000 फूल

जमशेदपुर। साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी, राणीसती दादी एवं अंजनी माता मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से 23 फरवरी तक मनाया जा रहा है। सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट द्वारा इसका आयोजन जोर शोर से हो रहा है। मंदिर परिसर में आज 9:00 बजे से माता महालक्ष्मी का पूजन हुआ। 11000 फूल माता महालक्ष्मी को अर्पित किए गए। पूरा मंदिर परिसर में भक्तिमय का माहौल था। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीनों देवियों की विशेष पूजा समेत आलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग तथा महामंगल पाठ रहेगा। स्थानीय भजन गायक सोनू शर्मा ने मेहदी मंडवा ले म्हारी दादी थारा टाबर लाया रे...., दादी के हाथा में रचावा मेहंदी राचीनी..., धोए - धोए आंगणा में आवो म्हारी दादीजी..., म्हारी दादी के दरबार मची रे होली...., जैसे भजनों का महिलाओं ने खूब आनन्द उठाया। शकुन-सुमन अग्रवाल, खूशबू-अंकित अग्रवाल, ललिता-उमेश चौधरी, सुमन-मनोज अग्रवाल, रुचि-रोहित जैन ने सपत्नीक पूजा अर्चना की।

### चांडिल में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान

चांडिल। बुधवार को चांडिल पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा हर दिन जगह बदल बदल कर एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें वाहन चालकों से जरूरी कागजात की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल के सेवानिवृत्त सदस्यों का मिलन समारोह आज

**जमशेदपुर।** जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल सेवानिवृत्त मित्र मंडली के बैनर तले कल 23 को होगा जुस्को के नगर विद्युत विभाग से अब तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का जमावड़ा। पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में मनाए जाने वाला कार्यक्रम बारीडीह स्थित विजया गार्डन के सभागार में आयोजित होगा। उक्त निर्णय पिछले दिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से ली गयी थी। श्रीकान्त देव ने बताया कि यह प्रयास पहला है।

---

# कल्याण हॉस्पिटल को चमकायेंगी डीसी विजया जाधव

**›› पूर्वी सिंहभूम के बेहद पिछड़े प्रखंड गुड़ाबांधा में स्थित है हॉस्पिटल**

**›› डीसी ने गुड़ाबांदा प्रखंड के भ्रमण में स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया हाल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के गुड़ाबान्दा प्रखण्ड का आज दौरा उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने किया।

इस बीच कल्याण हॉस्पिटल बनमाकड़ी जिसका संचालन विकास भारती संस्था कर रही है उसकी समीक्षा किया गया। वहां डॉक्टर की समस्या की बात सामने आई, जिसके बाद उपायुक्त ने सिविल सर्जन को एवं विकास भारती को यहां 15 दिन के अंदर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में आयुष्मान से दो डॉक्टर कार्यरत है। साथ ही जितनी भी एएनएम हैं उपायुक्त ने जिले में ट्रेनिंग देने की बात कही जो एंटी वेनोम, टीबी से संबंधित होगा।

उपायुक्त ने यह भी जानकारी ली कि यहां दवाई कितना आता है और कहा जाता है। इसके साथ ही वहा के कर्मी में वेतन के प्रति असंतोष जाहिर किया गया। अभी भी विकास भारती ने 4 महीनो से इनका वेतन नहीं दिया है।

बैठक में यह बात को भी रखा गया कि यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर तो है किंतु मेडिकल इक्विपमेंट की कमी है जिसमे डीप फ्रीजर की समस्या सामने आई क्योंकि इस समस्या की वजह से यहां सभी प्रकार के वैक्सीन नही उपलब्ध करा पा रहे थे। उपायुक्त ने गंभीरता से लिया और सिविल सर्जन को त्वरित करवाई का निर्देश दिया। हर सप्ताह स्वास्थ्य जांच कैंप करने का भी निर्देश दिया। विकास भारती को हर हाल में अस्पताल में व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही । ज्वालकाटा बैंक शाखा की समस्या को लेकर भी उपायुक्त ने बैठक की। छोटे कमरे में बैंक चल रहा था इसको भी दूसरे जगह जल्द शिफ्ट करने की बात कही। प्रखण्ड में भी सभी कर्मियों को हर काम जल्दी जल्दी निष्पादित करने को कहा तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी स्मिता नागेसिया ने विकास भारती को कहा आप जल्द से जल्द डॉक्टर को बहाल करे प्रखंड प्रशासन उनके रहने का बंदोबस्त करेगा।

लेकिन डॉक्टर प्रखंड में रहने चाहिए। इस बैठक में प्रखंड की जनता के साथ साथ प्रखंड के जनप्रतिनिधि शामिल रहे साथ ही जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमे एसडीओ घाटशिला, डीआरडीए डायरेक्टर, सिविल सर्जन, डीएसओ,जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



कल्याण हॉस्पिटल में मरीजों से बात करतीं विजया जाधव।

# अगले बरस फिर से सुरीली शामें सजाने के वादे के साथ इटखोरी महोत्सव ने लिया विदा





## कलाकारों ने सजाई गीतों की महफिल, भाव विभोर हुए श्रोता

एसडीएम ने जताया आभारः एसडीएम सह भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने महोत्सव में शामिल होने वाले अतिथियों व यह के लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि महोत्सव में यहां के लोगों का सहयोग सराहनीय है। जिस तरह स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर महोत्सव के आयोजन में भागीदारी निभाई है उसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी। वहीं आयोजन की तैयारी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप सहयोग देने वाले सभी साथी प्रशंसा के पात्र हैं।



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा (इटखोरी)।** अगले बरस फिर से सुरीली शामें सजाने के वादे के साथ बुधवार देर रात तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इन तीन दिनों में देश एवं राज्य के नामचीन कलाकारों, स्थानीय कलाकारों और स्कूलों बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश की। अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया था जहां लोगों ने संगीत और नाटय प्रस्तुति का जमकर लुत्फ उठाया। समापन समारोह में भारतीय गायिका मैथिली ठाकुर, गजल गायिका मृणालिनी अखोरी, बॉलीवुड गायक रोहन देव पाठक, अथर्व बक्सी, बीएसएफ हजारीबाग ग्रुप व अन्य कलाकारों ने ऐसा समां बांधा जिसमें उन्हें सुनने के लिए श्रोताओं की अप्रत्याशित भीड़ मौजूद थी। समारोह की विशिष्ट अतिथि मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ 2022 विजेता,एंजेल मरीना तिर्की ने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की बात कही और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने प्रयासों को सराहनीय बताया। कार्यक्रम के अंत में सांसद सुनील सिंह द्वारा राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया गया एवं सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। साथ हीं राजकीय इटखोरी महोत्सव का निरंतर कवरेज हेतु मीडिया का धन्यवाद दिया।

# मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आये माइनिंग इंडस्ट्री के दिग्गज

भुवनेश्वर में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इन माइनिंग इन इंडिया पर सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** दिल्ली स्थित रिसर्च कंसल्टेंसी मेटालॉजिक पीएमएस द्वारा आयोजित 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इन माइनिंग इन इंडिया' पर एक सम्मेलन मंगलवार को यहां शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। देश के समावेशी विकास के लिए सभी हितधारकों को हाथ मिलाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सम्मेलन ने 'आत्म निर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करके देश की अप्रयुक्त खनिज क्षमता को एक स्थायी तरीके से बदलने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए एटी मिश्रा, आईएफएस, उप. महानिदेशक - वन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा, खनन क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने में मदद करता है। भारत सरकार भारत में खनन व्यवसाय करने में आसानी के लिए माहौल बनाने के लिए बनाए गए विभिन्न नियमों में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मेगा कॉन्फ्रेंस में भाग लेते हुए सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी लिमिटेड ने कहा कि राज्य सरकार, वन विभाग और खनिकों के समग्र योगदान से खनन में व्यवसाय करने में आसानी हासिल की जा सकती है। प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने वैश्विक भागीदारी को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता पर भी चर्चा की। डी.बी. सुंदर रामम, टाटा स्टील माइनिंग के चेयरमैन और वीपी (कच्चा माल), टाटा स्टील ने भारत में खनन कंपनियों के सामने आने वाले मुद्दों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला और आगे बढ़ने पर जोर दिया। सुंदर रामम ने खनन क्षेत्र में अन्वेषण के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया और विभिन्न चिंताओं पर बात की जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है। सम्मेलन के दूसरे भाग के दौरान, पंकज सतीजा, एमडी, टाटा स्टील माइनिंग ने भारत में खनन क्षेत्र की एक विस्तृत तस्वीर प्रस्तुत की और विभिन्न खनन कंपनियों और खनन सार्वजनिक उपक्रमों की विभिन्न चुनौतियों पर बात की। सम्मेलन उद्घाटन सत्र के साथ शुरू हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रतिष्ठित पैनलिस्ट कल्याण मोहंती, ईडी, एग्जीक्यूटिव, आईपीआईसीओएल, सब्यसाची मोहंती, डायरेक्टर टेक्निकल एंड ऑपरेशंस, ओएमसी लिमिटेड, डीबी सुंदर रामम, चेयरमैन, टाटा स्टील माइनिंग और वी.पी. टाटा स्टील, और सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी लिमिटेड।



सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं के साथ डीबी सुंदर रामम और एटी मिश्रा।



दूसरे सत्र में टाटा स्टील माइंनिंग के एमडी पंकज सतीजा।

---

## खबर एक नजर में

### जमशेदपुर के श्याम भक्तों ने खाटू धाम में चढ़ाये निशान



जमशेदपुर। फाल्गुन माह में श्री श्री श्याम भटली परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट टाटानगर से जुड़े 51 श्याम भक्तों ने राजस्थान के खाटू धाम में बाबा श्याम को निशान अर्पण कर पूजा अर्चना की। जमशेदपुर के श्याम भक्तों ने श्याम बाबा का निशान अपने हाथ में लेकर नाचते गाते खाटू नरेश की जय हो, श्याम बाबा की जय हो, हारे के सहारे की जय हो जोरदार जयघोष के साथ रींगस से खाटू लगभग 17 किलोमीटर पैदल यात्रा किया। श्याम भक्तों ने बताया कि रींगस से खाटू के रास्ते पर जहां तक नजर जा रही थी वहीं तक श्याम के रंग रंगीले निशान और सतरंगी वेशभूषा में श्याम भक्त नाचते गाते धूम मचाते नजर आ रहे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष राजेश पसारी, सुनीता पसारी, गगन रूस्तोगी, धनजंय सिंह, ललित डांगा, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मुरारी अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

### बजरंगबली जी के दर्शन भर से हो जाते हैं सभी संकट खत्म : अमरप्रीत सिंह काले



जमशेदपुर। गत 21 फरवरी 2023 को कितडीह तालाब बस्ती मैं विश्व हिंदू परिषद बागबेड़ा प्रखंड के तरफ से 21 फीट के हनुमान जी की आरती का कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से व गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ जिसमे बस्ती के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विश्व हिंदू परिषद जमशेदपुर महानगर की उपस्थिति के साथ विभाग के बजरंग दल संयोजक जनार्दन पांडे के साथ अतिथि के रूप में बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता व नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले, सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद सिंह जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, माई दरबार के संदीप सिंह आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, बागबेड़ा के जिला परिषद कविता परमार आदि कई गणमान्यगण उपस्थित थे। आयोजन समिति ने सभी का धन्यवाद व अभिनंदन किया।

### मायुमं के शिविर में 26 यूनिट रक्त संग्रह



जमशेदपुर। रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें 26 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। यह कैंप इस साल का 12 वां और स्टील सिटी शाखा का 74वां कैंप था। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित करने के साथ ही लगातार रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल, सचिव निलय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पंकज मूनका, अखिल सिंघानिया आदि का योगदान रहा।

### अलमनार के शिविर में 48 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। समाजिक संस्था अलमनार सोशल सर्विस द्वारा 12 वां एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक मे किया गया जिस मे 48 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष खलील अंसारी ने बताया कि संस्था द्वारा यह 12 वां एक दिवसीय रक्तदान शिविर है। उन्होंने कहा की रक्तदान से बेहतर कोई पूण्य कार्य नही है। इस अवसर पर रिजवानुल हक, समीउल्लाह अंसारी, जुनैद निहाल, जफर इमाम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### श्रीनाथ विश्वविद्यालय में कोऑपरेटिव के प्राध्यापकों ने दिये व्याख्यान



आदित्यपुर। बुधवार को आदित्यपुर स्थित 'श्रीनाथ विश्वविद्यालय' में एम.ओ.यू. के तहत जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के प्राध्यापकों का व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज से डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. स्वाति वत्स तथा प्रो के. ईश्वर राव उपस्थित थे। डॉ विनय कुमार सिंह ने अकाउंटेंसी के ऊपर एम.बी.ए. के विद्यार्थियों का मार्जिनल कॉस्टिंग विषय पर क्लास लिया तथा ब्रेक इवन पर प्रैक्टिकल न्यूमेरिकल के बारे बताया। डॉ स्वाति वत्स ने जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के ऊपर अपना व्याख्यान केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में दिया। जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के बी.बी.ए. के प्राध्यापक ने बी.बी.ए. के विद्यार्थियों को मार्केटिंग विषय पर स्वाट एनालिसिस तथा पैस्टल एनालिसिस पर क्लास लेते हुए इसके बारे में विस्तृत चर्चा किया। श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि एमओयू के तहत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज तथा श्रीनाथ विवि के विद्यार्थियों को इस तरह के शिक्षकों के व्याख्यान से निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

### पहली बार ऑटो चालकों और परिवार के लिए नेत्र शिविर



जमशेदपुर। ऑटो चालकों का नेत्र जांच शिविर का आयोजन ऑटो चालकों एवं उनके परिवार के सदस्य के स्वास्थ्य के मद्देनजर यह शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षित बेरोजगार टेंपो चालक संघ जमशेदपुर, पूर्णिमा नेत्रालय एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से साकची-बारीडीह टेम्पो स्टैंड में सुबह 9 बजे से 2 बजे तक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया इसमें लगभग 300 लोगों के आंखों का जांच हुआ एवं 35 मोतियाबिंद के मरीज चयनित हुए जिनका ऑपरेशन 10 मार्च को पूर्णिमा नेत्रालय में किया जाएगा एवं निशुल्क लेंस लगाया जाएगा। शिक्षित बेरोजगार ऑटो चालक संघ के महासचिव श्याम सिंह किंकर झा, अंजनी कुमार सिंह, विरेंद्र कुमार, राजू साहू, जितेंद्र सिंह, संदीप यादव आनंद मार्ग के समीर सरकार योगेश कुमार, राकेश एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा।

### कोरोना वारियर्स के लिए बन रहा विशेष पार्क



जमशेदपुर। कोविड महामारी में मारे गए नगरवासियों एवं कोरोना वारियर डॉक्टर,नर्स एवं कर्मचारियों के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए टाटा स्टील यूआइएसएल कीनन स्टेडियम के बगल में एक श्रद्धांजलि पार्क बनवा रही है। पार्क में मखमली घास के बीच स्टेच्यू लगाया गया है। इस पार्क का उद्घाटन तीन मार्च को होने की संभावना है।

स्पीड न्यूज

## बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**दुमका।** बाईक चोरी के आरोप में नगर थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के राखाबानी निवासी सुदीप सिंह है। जानकारी के अनुसार बीते 17 फरवरी को वी मार्ट के समीप से बाईक की चोरी हुई थी। मामले में बाईक के मालिक जिलाउल हसन सर्वर ने चोरी की लिखित शिकायत की। पुलिस मामला दर्ज करते हुए छानबीन में जुट गई थी। पुलिस संदेह के आधार पर थाना क्षेत्र के सुदीप सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस आरोपी के निशानदेही पर बाईक बरामद करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

## सीसीएल कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगा हाइवा में भीषण आग

**बेरमो।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना के कोलियरी से कोयला लेकर जरंगडीह रेलवे साइडिंग जाने के क्रम में हाइवा संख्या जेएच 09 एसी 0807 में भीषण लगी आग। गोविंदपुर परियोजना के कोलियरी से कोयला लेकर जरंगडीह साइडिंग जाने के क्रम में कोल स्टॉक के पास कांटा घर से पहले हाइवा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग भड़क गई। मिली जानकारी के हाइवा कथारा दो नंबर आईबीएम कॉलोनी निवासी हाइवा चालक सह मालिक रणधीर कुमार दुबे ने बताया कि कोलियरी से कोयला लेकर कांटा करवाने जाने के क्रम में कोल स्टॉक के पास हाइवा से अचानक धुआं निकलता देख वह गाड़ी से नीचे कूदे और आग को बुझाने लगे।इससे पहले कि सीसीएल के पानी टैंकर वहां पहुंचता और आग बुझाता तबतक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।

## बेरमो : जेवर से भरा थैला लेकर फरार हुआ अपराधी

**बेरमो/ गोमिया।** बेरमो अनुमंडल के आईईएल थाना क्षेत्र में शातिर अपराधियों ने नाटकीय ढ़ंग से तीन लाख के जेवर से भरे बैग झपट लिया और फरार हो गये. आईईएल गवर्नमेंट कॉलोनी निवासी पिंकी ज्वेलरी दुकान के मालिक शशिकांत वर्मा उर्फ बंटी बुधवार 22 फरवरी की सुबह आईईएल गवर्नमेंट कॉलोनी रोड पर दुकान खोलने पहुंचे। वो दुकान का ताला खोलने लगे, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी ताला नहीं खुल रहा था। गौर से ताला में देखा तो वहां किसी ने फेवीक्विक डाल दिया था। जिसके कारण चाबी घुम नहीं रही थी। उन्होंने ज्वेलरी से भरा थैला नीचे रखकर ताले से फेवीक्विक को साफ करने लगे, तभी दो व्यक्ति आए और ज्वेलरी से भरा थैला लेकर बाइक से फरार हो गये। शशिकांत जोर से चिल्लाये लेकिन वे तेजी से झटका मोड़ की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी पर व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सह कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी अभिषेक महतो घटना स्थल पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगे।अनुमान लगाया जा रहा है कि अपराधी पहले से ही रेकी कर रखे थे और ताला में योजना के अनुसार फेवीक्विक डाला था। दुकानदार शशिकांत वर्मा ने बताया कि दुकान में चोरी होने के भय से प्रत्येक शाम को वह ज्वेलरी को एक थैला में भरकर घर ले जाया करते हैं और अगले दिन ज्वेलरी लेकर दुकान आते है। दुकान से घर की दूरी करीब पांच सौ मीटर है। गोमिया बस्ती के निवासी हैं।

# फेसबुक फ्रेंड से मिलने दुमका पहुंची किशोरी, नहीं मिला ब्वायफ्रेंड, आरपीएफ ने चाइल्डलाइन को सौंपा

बाल कल्याण समिति ने किशोरी को उसके चाचा के साथ भेजा घर

खबर मन्त्र संवाददाता



सुनवाई करते सीडब्लूसी सदस्य

**दुमका।** हजारीबाग की एक 15 वर्षीय किशोरी अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने के लिए इंटरसिटी ट्रेन से दुमका रेलवे स्टेशन पहुंच गयी पर उसका दोस्त उससे मिलने नहीं आया। किशोरी को अकेली देखकर आरपीएफ ने उससे पूछताछ की और फिर उसे चाइल्डलाइन दुमका को सौंप दिया। मंगलवार की रात इस किशोरी को समिति ने बालिका गृह में आवासित कर दिया। बुधवार को चाइल्डलाइन दुमका की टीम मेंबर शांतिलता हेम्ब्रम ने किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जबकि हजारीबाग से आये उसके चाचा भी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी की। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और मां ने दूसरी शादी कर ली है। वह अपने चाचा के घर में रहती है। उसने मैट्रिक तक पढ़ाई की है। वह 20 फरवरी को घर से 500 रुपये लेकर निकली। वह बस से रांची और फिर इंटरसिटी ट्रेन से दुमका आ गयी जहां उसे अपने दोस्त से मिलना था जो दो माह से उसके संपर्क में था। पर उसका दोस्त दुमका रेलवे स्टेशन पर नहीं मिला। वह उससे शादी करना चाहती है पर सहेली के मोबाइल पर कान्फरेंस के माध्यम से बात होने के बावजूद वह उससे मिलने नहीं आया। वह उसके घर का पता भी नहीं जानती थी। उसने कहा कि वह अपने चाचा के साथ घर वापस जाना चाहती है। सीसीएल में काम करनेवाले उसके चाचा ने अपने बयान में बताया कि 21 फरवरी की सुबह उन्हें किशोरी के गायब होने के बारे में पता चला। खोजबीन की तो मालुम हुआ कि वह दुमका में मिली है। वह रात में ही गाड़ी लेकर दुमका के लिए रवाना हो गये। वह किशोरी को अपने साथ ले जाएंगे और उसे अच्छी तरह से रखेंगे। साथ ही उसका नामांकन इंटरमिडिएट में करवा देंगे। समिति ने किशोरी को उसके चांचा को सौंपते हुए हजारीबाग के बाल कल्याण समिति के समक्ष सात दिनों के अंदर किशोरी को प्रस्तुत करने का आदेश पारित करते हुए किशोरी को उसके घर भेज दिया।

## खेलकूद के विजेताओं को विजय गागराई ने किया पुरस्कृत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में चक्रधरपुर प्रखंड के भरनिया पंचायत के भरनिया गांव में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भरनिया पंचायत की मुखिया सरिता गागराई, उप मुखिया विनीता बोदरा, पंचायत समिति सदस्य मथुरा गागराई उपस्थित थे। खेलकूद प्रतियोगिता में स्थानीय बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिसमें बच्चों के दौड़ में प्रथम पुरस्कार इसपुर सरदार और द्वितीय पुरस्कार रूईदास सरदार को प्राप्त हुआ। लड़कियों के दौड़ मैं प्रथम पुरस्कार सीमा हेंब्रम और द्वितीय पुरस्कार सोनिया सिजुई को प्राप्त हुआ। जवानों के दौड़ में प्रथम स्थान पर सोहन बांकिरा और द्वितीय स्थान मांगीलाल गिलुवा रहे। लड़कियों का बैलून फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनिया सिजुई और दूसरे स्थान पर रेणुका नायक रही। महिलाओं के साड़ी रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अनीता गिलुवा और द्वितीय पुरस्कार डोली गागराई को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जवानों का रेलगाड़ी रेस में प्रथम पुरस्कार मनोज ग्रुप और द्वितीय पुरस्कार विकास ग्रुप को नगद 1500 रुपए और 1000 रुपए मुख्य अतिथि डा. विजय सिंह गागराई के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक गंगाराम गागराई, अध्यक्ष गुरुचरण नायक ,सचिव हेमंत गोप कोषाध्यक्ष सोनाराम गोप, रामराई सामड, मारकुश गागराई, वीर सिंह हांसदा, संतोष सिंहदेव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसकेएमयू की टीम भुवनेश्वर के लिए हुई रवाना, टूर्नामेंट 24 से





टीम को रवाना करती एसएकेएमयू प्रशासन।

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम भुनेश्वर के लिए बुधवार को रवाना हुई। कुलपति डॉ. सोना झरिया मिंज एवं विश्वविद्यालय खेल निदेशक डॉ. शम्स तबरेज खान ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। एसकेएमयू की टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। टीम को रवाना करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा विशेष रूप से पंहुचे थे। 20-20 क्रिकेट टूनार्मेंट 24 फरवरी से आयोजित होगी। टूनार्मेंट 24 से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। टूनार्मेंट में ईस्ट जोन से देश के 65 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। विदित हो कि गोड्डा में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 छात्रों का चयन इस टीम में हुआ है। टीम मैनेजर सूरज कुमार पाठक एवं टीम कोच मो. गुफरान के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रेस्लिंग कोच मो. फरीद भी उपस्थित थे।

# आसनसोल रेलवे डिवीजन के डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

सांसद सुनील सोरेन के कोयला रैक प्वाइंट के स्थानांतरण को डीआरएम ने एक सिरे से नकारा

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते डीआरएम।

**दुमका।** आसनसोल रेलवे डिविजन के डीआरएम परमानंद शर्मा ने बुधवार को दुमका रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण कोयला रैक यार्ड का किया। इस अवसर पर डीआरएम ने बताया कि कोयला रैक प्वाईंट कोयला लोडिंग व परिवहन को लिए है। कोयला लोडिंग के लिए रैक प्वाईंट है। देश के लिए पावर जेनरेशन के लिए कोयले की जरूरत है। आने वाले गर्मी मौसम में पावर का अधिक खपत होने वाला है। जो पोजिशन है, आने वाले समय में उसके हिसाब से सभी थर्मल प्लांट को अपनी क्षमता के अनुसार काम करना होगा, नही तो आम जनता को देश को बिजली की कमी हो जायेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि यहां से कोयले का जो टारगेट है, उसमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो। साथ ही काम करने के बाकी पारामिटर को ध्यान देने की जरूरत है। चाहे प्रदुषण नियंत्रण, परिवहन एवं सुरक्षा के मापदंडों के किसी प्रकार की समझौता नहीं किया जा सकता है। डीआरएम ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य है कि पावर स्टेशन में कोयले की कमी नहीं होने दे किसी भी हालत में। जो की देश के लिए अति महत्वपूर्ण है। इन्हीं मापदंडों का निरीक्षण करने पहुंचे है। सांसद के कोयला रैक प्वाईंट के स्थानांतरण के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। क्षेत्र में कोयले की कई खादाने है और भी कई खादानें खुलने है। कोयला परिवहन को लेकर यार्ड और जगह की कमी हो रही है। लेकिन वर्तमान कोयले यार्ड को स्थानांतरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। डीआरएम ने बताया कि साल भर में प्रदुषण नियंत्रण समेत कई गाईड लाईन जारी कर और समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त करने का प्रयास किया गया है। गौरतलब हो कि भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने प्रेसवार्ता कर कोयला रैक यार्ड को अन्यत्र स्थानांतरण करने और जामा प्रखंड क्षेत्र के होने की बात ही थी। जिसे डीआरएम ने एक सिरे से नकार दिया है।

एक नजर में

## एसपी कॉलेज के एनएसएस के शिविर समापन पर बेहतर करने वाले हुए सम्मानित



**दुमका।** एसपी कॉलेज के एनएसएस इकाई 12 का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को करहड़बिल गांव में हुआ। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में एनएसएस के विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय मिश्र उपस्थित हुए। साथ ही डॉ कुणाल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन समारोह पर स्वयंसेवक छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का निबंध, स्लोगन, कविता, स्पीच, व्यक्तित्व प्रदर्शन आदि किया गया। समारोह में रंजित कुमार मंडल ने बांसुरी की बेहतर कला का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ यादव ने शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को बेहतर भागीदारी के लिए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# एएन कॉलेज के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एएन कॉलेज के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को हुआ। समापन समारोह सम्पन्न की अध्यक्षता प्राचार्य डा संजय कुमार सिंह, एवं विशिष्ट अतिथि वित्त पदाधिकारी डा नवीन कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से आप नियमित क्रिया-कलाप में सहभागी बनाकर अपना गुणात्मक विकास कर सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विशेष शिविर का समापन से ही आपके कार्य विधिवत आज से प्रारंभ हो रहा है। कॉलेज से अनेक तरह के पुरस्कार छात्र प्राप्त करते रहते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार तक एनएसएस के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। प्राचार्य ने यूनिट-5 के 2022 का उत्कृष्ट स्वयंसेवक सम्मान सुदीप कुमार को दिया। स्वयंसेवक राहुल मंडल को डॉ नवीन कुमार सिंह, नितेश ठाकुर को डॉ बनानी सिन्हा एवं राजीव कुमार को प्राचार्य ने सम्मानित किया। यूनिट- 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार पाठक, यूनिट- 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा एवं यूनिट- 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल रहे। सभी यूनिट में 50-50 स्वयंसेवक छात्र शामिल थे। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का मोटो ह्लनॉट मी बट यूह्ल को आत्मसात करने को कहा। स्वयंसेवकों में सुदीप कुमार, कुमार अभिनव, शिवम कुमार मंडल, संजना सिंह, बासंती मुर्मू, माधुरी कुमारी, चमेली कुमारी, चंदना कुमारी आदि ने अपनी प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो अन्हद लाल, स्वागत भाषण डॉ संजय कुमार पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रमोद कुमार झा ने किया।

## तेनुघाट महाविद्यालय में थर्ड एवं फस्ट सेमेस्टर कि परीक्षा सम्पन्न



**बेरमो/ तेनुघाट।** तेनुघाट महाविद्यालय में स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य पार्ट तृतीय सत्र 2021/24 की परीक्षा बुधवार दिनांक 22 फरवरी से दोनों पारियों में चल रही है। जिसमें आज प्रथम पारी में समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं रसायन शास्त्र की परीक्षा हुआ। परीक्षा में कुल 105 परीक्षार्थियों में से सभी परीक्षार्थी उपस्थित हुए। द्वितीय पारी में राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू एवं जंतु विज्ञान (जूलॉजी) की परीक्षा में कुल 162 परीक्षार्थी में से एक छात्र अनुपस्थित रहे। जिसमें कुल 161 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। उक्त बातों की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य सह केंद्र अधीक्षक प्रोफेसर सुदामा तिवारी ने देते हुए बताया कि तेनुघाट महाविद्यालय में के बी कॉलेज की सेंटर पड़ा हुआ है। परीक्षा पूरी तरह कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। परीक्षा नियंत्रण में प्रोफेसर धनंजय रविदास, प्रोफेसर प्रेम सागर प्रसाद, प्रोफेसर दिनेश्वर व अन्य ने योगदान दिया।

## कैंसर से पीड़ित सहायिका के निधन पर जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू ने जताया शोक

**चक्रधरपुर।** नगर के वार्ड संख्या-14 दक्षिण आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका बसंती देवी का निधन हो गया। 42 वर्षीय बसंती देवी कैंसर की बीमारी से ग्रसित थी तथा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बुधवार की अहले सुबह उनका निधन हो गया। सहायिका के निधन की सूचना पाकर बाल विकास परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका पुष्पा तिर्की, झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू ने बसंती देवी का अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सहायिका के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढ़स बंधाया और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मालूम हो कि सहायिका के पति का देहांत पूर्व में ही हो चुका है। वह अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गई है।

# सीसीएल के मनमानी से पेड़ों के अस्तित्व पर लगातार मंडरा रहा है खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र द्वारा पेड़ छंटनी के नाम पर पेड़ों की कटाई करने पर वन विभाग बोकारो को शिकायत मिलने पर वन विभाग ने बीएंडके प्रबंधन को नोटिस देते हुए 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। वन अधिकारी अजित मुर्मू ने बताया कि अगर सीसीएल प्रबंधन के जवाब से वन विभाग संतुष्ट नहीं होता है तो आगे कार्रवाई के साथ मुकदमा भी किया जा सकता है। बता दे कि बीएंडके जीएम कार्यालय और आवास के समीप पेड़ों की छंटाई के नाम पर कटाई हो रही हैं। हालांकि कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा वातावरण को शुद्ध रखने के लिए प्रति वर्ष कारोड़ो रुपए का पेड़ लगाया जाता है जो केवल खानापूर्ति होता है। वहीं पेड़ छंटाई के नाम पर पेड़ों को काटा जा रहा है। जिसमें संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के बीच पैसों का बंदरबांट कर लेते हैं। सीसीएल प्रबंधन प्राकृतिक के विरोध कर कोयले का उत्खनन करती है। जिसके कारण प्रत्येक वर्ष लाखों पेड़ों की कटाई होती है। वहीं नियमानुसार जितना पेड़ काटा जाता है उतना ही पेड़ लगाने का प्रावधान है, और लगाया भी जाता है। यही नहीं पौधा लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। प्रक्षेत्र के सिविल विभाग द्वारा पेड़ कटवाए जाने पर विभाग के स्टाफ अधिकारी आर के प्रधान ने कहा कि पेड़ के सड़े और सुखे टहनियों को कटवाया जा रहा है। श्रमिक संगठन के देवता नंद दुबे ने कहा कि पेड़ो की कटाई केवल ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। जबकि इसे काटने या छंटनी करने के लिए वन विभाग से आदेश लेना पड़ता है। लेकिन प्रबंधन वन विभाग के बिना आदेश का ही काम कर रहा है।जीएम कार्यालय का सड़क पेड़ काटने के क्रम में जीएम कार्यालय का सड़क कई घंटों तक बाधित रहा। जीएम कार्यालय में जाने वाले कामगार व अधिकारी सहित कार्मेल स्कूल के पास से ही लोग पैदल रहे थे। जब कि पुरे सड़क पर पेड़ों की कटा हुआ टहनी पड़ा हुआ था। जब वन विभाग के अधिकारियों की आने की सुचना मिली तो पेड़ काटने वाले सभी मजदूर भाग खड़े हुए।

## जरीडीह बाजार में कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्त्तन का शुभारंभ



**बेरमो।** जरीडीह बाजार जरीडीह निचे बाजार स्थित श्री श्री गणेश मंदिर स्थापना दिवस पर आज जरीडीह पूर्वी मुखिया कंचन देवी समाजसेवी बबलू भगत के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा में 101 किशोरी एवं महिलाएं शामिल हुई।कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाएं गणेश मंदिर से पूजा अर्चना कर बाजार का भ्रमण करते हुए जरीडीह बाजार स्थित दामोदर नदी पहुंचकर जल लेकर वापस मंदिर परिसर में पहुंची और कलश स्थापित किया ।कलश यात्रा में शामिल महिलाएं काफी उत्साहित थी इस अवसर पर पंडित कैलाश पांडे ने पूजा अर्चना कर कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू कराया गया।

# जेएमएम के वरीय नेता के निधन से इलाके में शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ खेतको।** पेटरवार प्रखंड के अम्बाटोला निवासी नागेश्वर करमाली की मौत की खबर जैसे गांव पहुचा हर तरफ मातम पसर गया। घर परिवार और गांव वालो का रो रो कर बुरा हाल था। पत्नी सह पंचायत समिति सदस्य सावित्री देवी बार बार रो रो कर बेहोश हो रही थी। मिली जानकारी के स्वर्गीय नागेश्वर करमाली झामुमो के वरीय नेताओ की श्रेणी में होने के साथ साथ पुर्व पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष तथा वर्तमान में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल कथारा एरिया सचिव के पद पर विराजमान थे। पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिस कारण वे लगातार इलाजरत थे। मंगलवार को उनकी तबीयत जब अधिक बिगड़ी तो परिजन उन्हें इलाज के लिए बोकारो बीजीएच मे भर्ती करवाये। मगर देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। उन्होंने अपने पिछे पत्नी के अलावे दो शादीशुदा पुत्र व दो कुंवारे पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनकी मौत की खबर फैलते ही उनके निवास स्थल अम्बाटोला मे लोगो की भीड़ उमड़ आई। जिसमें मुख्य रुप से जेएमएम जिला अध्यक्ष हिरालाल मांझी, पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, जयनारायण महतो, फेनी राम सोरेन, पूर्व जिला परिषद सदस्य राधानाथ सोरेन,गोपीन मुर्मू, राज कुमार महतो, आनंद टुडू, मो अख्तर, भोलू खान, मो आशिफ, बलाल हाशमी, शमशूल हक, दशरथ महतो के अलावे दर्जनों नही बल्कि सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। अंतिम सफर पर ले जाने से पुर्व मौजूद लोगो ने स्वर्गीय करमाली को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके शव पर पार्टी के झंडे डाल उनकी अंतिम सफर के लिए निकले। मिली जानकारी के अनुसार उन्हें दामोदर नदी तट के श्मशानघाट पर सुपुर्दे खाक किया गया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष हिरालाल मांझी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के लिए यह काफी बड़ी क्षति है। कहा कि श्री करमाली झामुमो सच्चे सिपाही थे। इतना ही नहीं वे काफी जुझारू भी थे। मजदूरों, गरीबो, जरुरतमंदों की लड़ाई वे मुखर हो कर लड़ते थे। उनकी कमी को कोई पुरा नही कर सकता। मौके पर मौजूद लोगो ने श्री करमाली के परिजनों को ढांढस बंधाने के साथ साथ कहा कि पार्टी हर सुख दुख उनके साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी।

## वीआरएल डीएवी स्कूल में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

### शिविर का उद्धघाटन अनिल अग्रवाल व मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रुप से किया



**बेरमो।** बीआरएल डीएवी स्कूल भंडारीदह में तपस्वी जग जयंत सेवा ट्रस्ट बेरमो के तत्वधान में दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा मोतियाबिंद ऑपरेशन व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल मुखिया मंजू देवी व राजू दोशी ने संयुक्त रूप से कीया केंद्र के चिकित्सक ने शिविर में करीब 90 लोगों की आंखों की जांच की जिसमें 8 लोग मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए उन लोगों को उनका निशुल्क ऑपरेशन व चश्मा वितरण किया जाएगा किया जाएगा प्राचार्य आरके सिंह व अतिथियों ने कहा कि यह शिविर ट्रस्ट बेरमो शाखा स्वर्गीय अमृत लाल दोशी परिवार हरीश दोशी राजू भाई के द्वारा आयोजित किया गया है उन्होंने बताया कि इस तरह का शिविर क्षेत्र में और भी लगेगा।




# ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-5 में 3 भारतीय

## जडेजा टॉप...अश्विन दूसरे और अक्षर 5वें नंबर पर

एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। टेस्ट रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर्स का दबदबा रहा। बुधवार को जारी रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा नंबर-1 पोजिशन पर पहुंच गए हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल 5वें नंबर पर हैं। वहीं, 1,466 दिनों से गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से बेस्ट बॉलर का ताज छिन गया है। अब इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन दुनिया के नंबर-1 बॉलर बन गए हैं। वे बॉलिंग रैंकिंग के टॉप पर पहुंचने वाले दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज बने हैं। इसमें भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दूसरे और रवींद्र जडेजा 7 पायदान की छलांग के साथ नौवें स्थान पर हैं। इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 87 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। 40 साल और 207 दिनों की उम्र में शीर्ष पर पहुंचने वाले एंडरसन 1936 में ऑस्ट्रेलिया के क्लेरी ग्रिमेट के बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज हैं। एंडरसन छठीं बार दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हैं। एंडरसन के खाते में 866 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। जबकि पैट कमिंस 858 अंक लेकर नंबर-3 पर आ गए हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा नंबर-1 हैं। उनके 460 रैंकिंग पॉइंट्स हैं।




### अश्विन नंबर-2 पर आए

ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के दूसरे पायदान पर आ गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में अश्विन को एक अंक का फायदा मिला है। अब उनके 864 रैंकिंग पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर रैंकिंग में अश्विन 376 अंक लेकर जडेजा का पीछा कर रहे हैं। अक्षर पटेल दो पायदान ऊपर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अब तक 158 रन बनाए हैं और दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### रोहित शर्मा 7वें नंबर पर आए

बैटिंग रैंकिंग की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नंबर-7 पर आ गए हैं। उनके 777 अंक हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली (665 अंक) टॉप-20 में काबिज तीसरे भारतीय हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (781 अंक) नंबर 6 पर हैं।

# महिला टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने से दो जीत दूर भारत

एजेंसी

**केपटाउन।** अभी तक महिला टी-20 विश्व कप में उतार चढ़ाव भरा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को कल पहले सेमीफाइनल में मजबूत ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। भारत पिछले पांच साल में टॉप टीमों में शामिल रहा है, लेकिन कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया। अब उम्मीदों के अनुरूप टीम एक और आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंच गई है। भारतीय टीम बीते समय में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। खासतौर पर नॉकआउट मुकाबलों में। मेग लैनिंग की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम टी- 20 मैचों में लगातार 22 मैच जीतकर सेमीफाइनल तक पहुंची है और वह बड़े मैचों में अपने खेल को शीर्ष स्तर तक पहुंचाने के लिए मशहूर है। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च 2021 में न्यूजीलैंड से एक टी-20 मैच गंवाने के बाद किसी भी प्रारूप में महज दो अधिकारिक मैच गंवाए हैं और ये दोनों हार भारत के खिलाफ मिली हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिसंबर में मुंबई में हुई श्रृंखला में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर अंजलि सरवनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

**ऑस्ट्रेलिया :** मेग लैनिंग (कप्तान), एलिसा हीली, डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलाना किंग, तहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वारेहैम।



### विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप : सेफा में पहुंचा साउथ अफ्रीका

**केप टाउन।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में मेजबान साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार देर रात हुए आखिरी ग्रुप मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला ग्रुप 2 के टेबल टॉपर इंग्लैंड से होगा। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के दिए 114 रन के टारगेट को आसानी से चेज कर लिया। लॉरा वोल्वार्ड्ट और तजमीन ब्रिट्स ने अर्धशतक जड़े। साउथ अफ्रीका के जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड 4 पॉइंट्स के साथ दुसरे नंबर पर था। साउथ अफ्रीका को दूसरे नंबर पर आने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ जीतना था। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा कर बेहतर रन रेट से न्यूजीलैंड को पीछे कर दिया। साउथ अफ्रीका ने 10 विकेट रहते हुए टारगेट चेज कर लिया। लॉरा वोल्वाड्र्ट और तजमीन ब्रिट्स ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक जड़े। वोल्वाड्र्ट ने 56 बॉल में 66 रन बनाए। वहीं ब्रिट्स ने 51 बॉल अपर 50 रन बनाए।

### विमेन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत के लिए युवी का कैंपेन

**नयी दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम टी-20 वर्ल्ड के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका में खेले जा रहे इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच से पहले पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने हरमनप्रीत के लिए एक कैंपेन शुरू किया है। युवराज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिखाया कि क्रिकेट टीम कैप्टन सर्च करने पर सिर्फ रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या का नाम दिखता है। युवराज ने कहा कि हम इसे सुधारेंगे। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना भी युवराज की मुहिम से जुड़ चुके हैं। उन्होंने भी लोगों से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की है। हरमनप्रीत 4 मार्च से शुरू हो रहे विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम से खेलती नजर आएंगी। मुंबई ने उन्हें 1.80 करोड़ रुपए में खरीदा है। उनका बेस प्राइज 50 लाख रखा गया था।

### तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में एक और बदलाव

**नयी दिल्ली।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए भारत के दौरा छोड़ घर लौट रहे हैं। इंदौर में एक मार्च से शुरू होने वाले तीसरे बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में एगर की जगह किसी को शामिल नहीं किया जा गया है। ऑस्ट्रेलिया चार मैच की सीरीज में 2-0 से पीछे है। जोश हेजलवुड और डेविड वार्नर पहले ही चोट के कारण घर लौट चुके हैं। हालांकि एगर पूरी तरह से फिट हैं और दो मार्च को अगले शेफील्ड शील्ड मैच और 50 ओवर के मार्श कप फाइनल में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे जो आठ मार्च को होगा।

### एंडरसन बने सबसे उम्रदराज शीर्ष टेस्ट गेंदबाज

दुबई। इंग्लैंड के मध्यम-तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गये। आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में एंडरसन ने 866 रेटिंग पॉइंट के साथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (858) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया। एंडरसन यह उपलब्धि 40 वर्ष 207 दिन की उम्र में हासिल करके शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गये। इंग्लैंड के शीर्ष गेंदबाज ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध माउंट मोंगानुई टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की 267 रन की विशाल जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

## टाटा बना डब्ल्यूपीएल का टाइटल स्पॉन्सर, 4 मार्च से टूर्नामेंट शुरू

**नयी दिल्ली।** टाटा ने विमेंस प्रीमियर लीग के टाइटल राइट्स खरीद लिए हैं। बीसीसीआई और टाटा के बीच मंगलवार 21 फरवरी को डील साइन हुई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। टाटा ने पांच साल के लिए राइट्स खरीदे हैं। हालांकि, इसका खुलासा नहीं हो पाया है कि राइट्स कितने में बिके। टाटा के पास आईपीएल के भी टाइटल राइट्स हैं। वह 2022 में वीवो की जगह स्पॉन्सर बना था।

बोर्ड ने स्पॉन्सर राइट्स खरीदने की इच्छुक कंपनियों के लिए टेंडर जारी किया था। हालांकि, बोर्ड ने यह भी साफ किया था कि टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने का यह मतलब नहीं है कि सिर्फ इसके आधार पर बोली में भागीदारी की इजाजत मिल जाएगी। बोर्ड पहले सभी कंपनियों की योग्यता को परखेगा और इसके बाद ही बोली में हिस्सा लेने की इजाजत होगी। 4 मार्च से टूनामेंट खेला जाएगा।



### मीडिया राइट्स वायकॉम-18 ने खरीदे

रिलायंस से जुड़ी ब्रॉडकास्ट कंपनी वायकॉम-18 ने डब्ल्यूपीएल के पहले 5 साल (2023-27) के मीडिया राइट्स खरीदे हैं। इनमें टीवी और डिजिटल दोनों राइट्स शामिल हैं। कंपनी इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को 951 करोड़ रुपए देगी। यानी डब्ल्यूपीएल के एक मैच के लिए कंपनी बीसीसीआई को 7.09 करोड़ रुपए देगी। 8 कंपनियों ने नीलामी में हिस्सा लेने के लिए टेंडर डॉक्युमेंट्स खरीदे थे, लेकिन बोली सिर्फ दो कंपनियों ने लगाई। वायकॉम-18 के अलावा डिज्नी स्टार रेस में शामिल थी।

## झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 25 से रामगढ़ में, 200 प्रतिभागी लेंगे भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 14वां झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप रामगढ़ में होगा। चाइल्ड वर्ल्ड एंड स्कॉलर्स हाई स्कूल में दो दिवसीय चैंपियनशिप का आगाज 25 फरवरी को टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित एवं विशिष्ठ अतिथि राज्य संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद एवं महासचिव जय कुमार सिन्हा करेंगे। 26 फरवरी को पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को चाइल्ड वर्ल्ड एंड स्कॉलर्स हाई स्कूल हॉल में स्कूल प्रबंधन, रामगढ़ जिला तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों और टेक्निकल डायरेक्टर की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम की सफलता और बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ साथ खेल में रुचि जगाने को लेकर विशेष चर्चा की गई।



### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से चुने गए बेहतर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। राज्य भर के विभिन्न जिलों से आए 200 से अधिक प्रतिभागी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था कुमार मैरेज हॉल में किया गया है। बैठक में आयोजन समिति के चेयरमैन गोपाल जाजू, वाईस चेयरमैन सह स्कूल प्राचार्या गीतांजलि जाजू, टेक्निकल डायरेक्टर प्रेम उदय बेक, टाटा स्टील के अधिकारी राजन तिवारी, रामगढ़ जिला तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राकेश कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप : झारखंड को मिले 21 स्वर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में 17 से 22 फरवरी तक चले नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 7 रजत तथा 4 कांस्य समेत 32 पदक पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के आश्रिता तिर्की को सीनियर स्ट्रांग वूमेन ऑफ इंडिया, अखलाख खान को जूनियर स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया तथा आफताब आलम को बेस्ट लिफ्टर का खिताब मिला। झारखंड पावर लिफ्टर एसोशिएसन के सचिव अशोक कुमार गुप्ता नेशनल रेफरी की भूमिका में थे। सभी विजेता खिलाड़ियों को एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।



**स्वर्ण पदक विजेता :** हर्ष आनंद, मंजीत टोप्पो, आनंद कर्मकार, मोनू कुमार, आफताब खान, अक्षय शुक्ला, आसीम खलखो, भास्कर दुबे, अखलाख खान, मो उसमान, वसीम अंसारी, आश्रिता तिर्की, अंजली कुमारी, कमलजीत कौर, ईसा श्रेया कुमार

**रजत पदक विजेता :** राजन पांडेय, रोहित बिरुली, हर्ष आनंद, मोनू कुमार, आयुष कुमार, आनंद कर्मकार, स्नेहा कुमारी, खुशबू सोय.

### बिहार मैट्रिक की परीक्षा में पूछे गए 2 सवाल निकला गलत

**पटना।** बिहार में 14 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा चल रही। आज इस परीक्षा का आखिरी दिन है। दो दिन पहले हिंदी की परीक्षा में ऐसे दो सवाल पूछे गए जिसमें से एक का सही जवाब ऑप्शन में ही नहीं था। तो वहीं दूसरा सवाल ही गलत था। पहली शिफ्ट की हिंदी परीक्षा में छात्रों ने 32 और 37 नंबर प्रश्न का जवाब जो भी दिया हो, उन्हें शायद कोई अंक नहीं मिलने वाला हैं। हिन्दी के सवाल में पहली गलती प्रश्न संख्या 32 में दिखाई पड़ी। ये सवाल ऑब्जेक्टिव टाइप था, जिसके 4 ऑप्शन थे। इन चारों ऑप्शन में से गुरूनानक, प्रेमचंद, रसखान और घनानंद का नाम चुनना था। ऐसे में प्रश्न पत्र के वैकल्पिक उत्तर में जिन कवियों का नाम दिया गया था, उसमें से किसी ने ये नहीं कहा है। ये कथन महान कवि भारतेंदु हरिश्चंद्र का है। उन्होंने पठान वंश के कवि रसखान की रचना से मुग्ध होकर कहा था- इन मुसलमान हरिजनन पै, कोटिन हिंदु वारिये। दरअसल रसखान ने कृष्ण की लीला रची थी। वहीं, हिंदी विषय की परीक्षा में दूसरी गलती भी देखी गई।

### चाकू लेकर बैंक लूटने पहुंचा युवक को बैंक कर्मियों ने दबोचा, गिरफ्तार

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर शहर के मारवाड़ी बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बुधवार को बैंक खुलते ही एक बदमाश ने बैंक लूटने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने महिला बैंक कर्मी सुनैना रानी को चाकू मारकर जख्मी कर दिया। हालांकि हल्ला होने पर बैंक कर्मियों ने हिम्मत दिखाई और बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के बरुआ थाना क्षेत्र का आर्यन कुमार के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस ने एक बड़ी चाकू बरामद की गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि दिन के करीब 10:10 बजे पिट्ठू बैग लिए एक युवक घुसा। उसकी उम्र करीब 22 से 23 वर्ष बताई गई। बैंक के अंदर प्रवेश किया। बैंक की अकाउंटेंट सुनैना रानी पर चाकू दिखाया और उससे लॉकर की चाबी मांगने लगा। जब सुनैना ने इसका विरोध किया तो बदमाश ने उस पर चाकू चला दी। सुनैना द्वारा शोर मचाए जाने पर बैंक के अन्य कर्मी वहां जुट गए और बदमाश को पकड़ लिया।

### शिल्पी राज पर अश्लील गाना गाने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बक्सर।** बक्सर जिले के सिमरी से भोजपुरी सिंगर अहमद रजा को बुधवार को जेल भेज दिया गया। अहमद रजा ने भोजपुर गायिका शिल्पी पर अश्लील गीत गाया था। पुलिस ने रजा को मंगलवार शाम गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया। बक्सर रढ मनीष कुमार ने कहा कि अश्लील गीत गाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। सिंगर अहमद रजा के खिलाफ 20 फरवरी को पुलिस ने खुद एक्शन लेते हुए सिमरी थाने में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद सिमरी थाने के थानाध्यक्ष सुनील कुमार निरिझर के नेतृत्व में टीम गठित कर ये गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार भोजपुरी गायक अहमद रजा सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव का रहने वाला है। बिहार पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने भोजपुरी गानों को लेकर 17 फरवरी को एडवायजरी जारी की थी। इसमें कहा गया था कि अश्लील भोजपुरी गाना गाने वाले सिंगर्स पर अब कार्रवाई होगी। पत्र जारी होने के बाद पूरे बिहार में यह पहली कार्रवाई है। बता दें कि हाल ही में बक्सर डीएम अमन समीर ने भी होली में अश्लील गीत गाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### मुजफ्फरपुर में युवक ने भोजपुरी गाने पर लहराया पिस्टल, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में आर्केस्ट्रा के दौरान एक युवक द्वारा पिस्टल लहराने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। वीडियो के बैकग्राउंड में ए मुखिया जी मन होके तह बोली गाने पर युवक पिस्टल निकाल कर नर्तकी की ओर लहराने लगता है। वायरल वीडियो औराई थाना क्षेत्र के सरहचिया पंचायत के पटोरी गांव का बताया जा रहा। जहां आर्केस्ट्रा का आयोजन था। वहा मौजूद लोगो ने इसका वीडियो बना लिया। जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। वीडियो में देखा जा सकता कि ऑर्केस्ट्रा के दौरान भोजपुरी गाने पर डांस के दौरान मंच पर नर्तकी के आसपास दो-चार युवक भी खड़े हैं। उसमे एक युवक शर्ट के ऊपर सफेद रंग का गमछा रखे हुए है। तभी नाचते-नाचते वह उत्साह में आकर अपनी कमर से पिस्टल निकाल लेता है। फिर, उसे नर्तकी की ओर दिखाकर लहराने लगता है। युवक पिस्टल को नर्तकी के ऊपर भी नाचते-नाचते तान दे रहा है। वहीं मंच के नीचे काफी भीड़ दिखाई दे रही।


### पेज 1 का शेष...


#### काले धन के कुबेर...

वीरेंद्र राम के रांची के अशोकनगर में कल से ही ईडी की छापेमारी जारी है। बुधवार को भी कई ठिकानों पर ईडी ने लगातार छापेमारी की। ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को इडी के दफ्तर ले जाया गया है। वहीं छापेमारी खत्म होने के बाद तमाम अधिकारी अशोक नगर स्थित वीरेंद्र राम के मकान से निकले।

**दिल्ली के घर की कीमत 20 करोड़ से अधिक :** ईडी ने पड़ताल के दौरान पाया है कि अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति का निवेश बड़े पैमाने पर जमीन और मकान में किया गया है। दिल्ली के रिहायशी डिफेंस कॉलोनी स्थित मकान की कीमत ही 20 करोड़ से अधिक आंकी गयी है।

#### जनता की अदालत में...

**15 साल में विकास से अछूता रहा रामगढ़ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने 15 वर्षों तक आजसू को यहां से विजय बनाया। आजसू जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रही। जिससे आक्रोशित जनता ने 2019 में आजसू को पराजित की यहां से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी को जिताया। पर विपक्ष ने साजिश के तहत यहां की जनता पर उपचुनाव जबरन थोपने का कार्य किया गया है।

**विपक्ष, चुनाव जीतने का सपना न देखे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष यह सपना देख रहा है कि वह पैसे से जनता के वोट को खरीद लेगा। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गयीं तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था।

#### वन टाइम सेटलमेंट से...

बकायेदारों के लंबित मामलों से राज्य सरकार को कर का नुकसान हो रहा है। इससे पैसे भी खर्च हो रहे हैं, जो ना उनके हित में है और ना सरकार के हित में है। उन्होंने कहा कि राज्य को विकास के पथ पर ले जाने के लिये राशि की आवश्यकता है उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कर बकायादारों से सहुलियत के साथ टैक्स वसूलें।

**इस वर्ष लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली :** उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त किया है। इसके लिए विभाग के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव आराधना पटनायक ने कहा कि झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान अधिनियम 2022 का उद्देश्य बकाया करदाताओं, जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं, उनका वन टाइम सेटेलमेंट करा कर टैक्स का भुगतान करने की सहूलियत देना है।

#### दो माह में एक कदम...

**विपक्ष के विरोध के बाद सीएम ने की थी घोषणा :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार जब तीन निजी विश्वविद्यालय (जैन विश्वविद्यालय, सोना देवी विश्वविद्यालय और दिनेश सिंह विश्वविद्यालय) गठन को लेकर विधेयक लायी थी, तब विपक्ष ने काफी विरोध किया था। विधायक अनंत ओझा ने कहा था कि कई निजी विश्वविद्यालय राज्य के संसाधन का इस्तेमाल कर रहे हैं। विधायक लंबोदर महतो ने कहा था कि ऐसे कई निजी विश्वविद्यालय हैं, जो किराए के मकान में चल रहे हैं। यूजीसी की गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है।

### पटना हाईकोर्ट के 7 जजों ने सुप्रीमकोर्ट से लगाई गुहार

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के 7 जजों का जनरल प्रॉविडेंट फंड खाता बंद हो गया है। सातों जजों ने सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर गुहार लगाई है। शायद देश के इतिहास में यह पहली घटना है जब भेदभाव किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट के सात मौजूदा जज न्याय की गुहार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हों। सुप्रीम कोर्ट से पटना हाईकोर्ट के सात जजों की याचिका पर सुनवाई का अनुरोध किया गया तो सीजेआई भी चौंक पड़े। सभी जजों ने सुप्रीम कोर्ट में सामान्य भविष्य निधि खातों को बंद करने के लिए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की खंडपीठ से मामले में जल्द सुनवाई करने की तारीख मांगी गई थी।

## डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का सीएम पद को लेकर बड़ा बयान, कहा

# हमें कोई जल्दबाजी नहीं, कोई भी भ्रम में नहीं रहें

एजेंसी

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बुधवार को बड़ा बयान दिया। राज्य में जेडीयू और आरजेडी नेताओं के बीच चल रही बयानबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा मेन मकसद 2024 में भाजपा को भगाना है और हम उसी मकसद के आगे बढ़ रहे हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि हमें फिलहाल कोई जल्दबाजी नहीं है। किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है। सीएम बनाने के मामले में धोखे से जुड़ा सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि कैसा धोखा? उन्होंने जेडीयू के नेताओं के बयान को लेकर कहा कि ललन सिंह का बयान हो या केसी त्यागी का बयान इसके कोई मायने नहीं है। सीएम नीतीश कुमार में काम करने की क्षमता है, हम जितना काम करेंगे उतना अनुभव होगा।

**रोपवे का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी सीएम :** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मखदुमपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध वाणावर पहाड़ और रोपवे का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट जून 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से यह क्षेत्र काफी उपयोगी है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरा यह प्रयास होगा कि यह क्षेत्र अच्छे से विकसित हो ताकि जब पर्यटक यहां आए तो रात्रि विश्राम करें और इस क्षेत्र का अवलोकन करें।



### डिप्टी सिएम और अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने जमकर खेला बैडमिंटन

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को खेल काफी पंसद है, यही वजह है कि उन्हें अक्सर क्रिकेट पिच पर छक्के चौके उड़ाते देखा गया है। साथ ही कई बार बैडमिंटन खेलते हुए भी नजर आए। इसको लेकर कई बार तेजस्वी यादव सोशल मीडिया पर खेलकूद और कसरत से संबंधित वीडियो भी शेयर करते रहे हैं। बता दें बुधवार की सुबह तेजस्वी यादव ने बैडमिंटन खेलते हुए वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है, इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू चंद्रा भी नजर आ रही हैं, वह भी तेजस्वी के साथ बैडमिंटन खेल रही हैं। डिप्टी सीएम तेजस्वी ने अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो पोस्ट करते हुए तेजस्वी यादव ने बॉलीवुड एक्ट्रेस और बिहार की बेटी नीतू चंद्रा की तारीफ भी की।

# प्रधानमंत्री ने की 41,500 करोड़ से अधिक की योजनाओं की समीक्षा

- **झारखंड, बिहार छत्तीसगढ़, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम, गुजरात, महाराष्ट्र और अरुणाचल की योजनाओं की ली जानकारी**
- **मानसून पहले अमृत सरोवर का काम मिशन मोड में पूरा करने के लिए सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों को दी सलाह**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को 41वीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता की और 13 राज्यों में 41,500 करोड़ रुपये से अधिक की नौ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक मोदी ने मिशन अमृत सरोवर की भी समीक्षा की और मानसून की शुरूआत से पहले अमृत सरोवर का काम मिशन मोड में पूरा करने के लिए सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों को सलाह दी। प्रगति प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए एक आइसीटी आधारित मंच है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारें शामिल हैं।

पीएमओ ने कहा कि बैठक में नौ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें से तीन परियोजनाएं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से, दो परियोजनाएं रेल मंत्रालय से और एक-एक परियोजना बिजली मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से है।इन नौ परियोजनाओं की कुल लागत 41,500 करोड़ रुपये से अधिक है और यह 13 राज्यों में क्रियान्वित की जा रही हैं। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम, गुजरात, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्रालयों और राज्य सरकारों को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए पीएम गतिशक्ति पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता स्थानांतरण और अन्य मुद्दों के शीघ्र समाधान पर भी जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकारों के बीच उचित समन्वय सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ह्यमिशन अमृत सरोवरह्ल की भी समीक्षा की। उन्होंने बिहार के किशनगंज और गुजरात के बोटाद में ड्रोन के माध्यम से अमृत सरोवर स्थलों का दृश्य भी देखा। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों को मानसून की शुरूआत से पहले अमृत सरोवर का काम मिशन मोड में पूरा करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने योजना के तहत 50,000 अमृत सरोवरों के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए ब्लॉक स्तर पर निगरानी पर भी जोर दिया। मिशन अमृत सरोवर का लक्ष्य पूरे देश में जल निकायों को फिर से जीवंत करने और भविष्य के लिए जल संरक्षण है।

## स्पीड न्यूज

### बागवानी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सीबीआइ ने राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सुनील कुमार रेवार ने भिवानी निवासी शिकायतकर्ता से विभाग द्वारा जारी की गई अनुदान राशि दिलाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने 18 फरवरी को आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक आरोपी को पंचकुला की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### शैली ओबेरॉय बनीं दिल्ली की महापौर



**नयी दिल्ली।** एकीकृत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पहली महापौर बनने वाली डीयू की प्रोफेसर शैली ओबेरॉय अपनी अकादमिक पहचान के लिए अधिक जानी जाती हैं। हालांकि पिछले साल दिसंबर में एमसीडी चुनाव के जरिए अपनी चुनावी पारी शुरू करने वाली ओबेरॉय (39) ने दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता के गढ़ कहे जाने वाले पूर्वी पटेल नगर वार्ड से जीत हासिल कर नयी पहचान कायम की। बहुप्रतीक्षित चुनाव में ओबेरॉय के भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 मतों से हराने के बाद दिल्ली को एक दशक से भी कम समय में पहली महिला महापौर मिल गई। इससे पहले रजनी अब्बी 2011 में एमसीडी के तीन भागों में विभाजित होने से पहले शीर्ष पद पर निर्वाचित होने वाली अंतिम महिला थीं।

### डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी बने डीसीजीआइ

**नयी दिल्ली।** भारतीय फामाकोपिया आयोग (आईपीसी) के सचिव-एवं वैज्ञानिक निदेशक राजीव सिंह रघुवंशी को बुधवार को नया डीसीजीआई नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। आदेश में कहा गया है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले महीने भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) के पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय फामाकोपिया आयोग के सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक राजीव सिंह रघुवंशी को औषधि नियंत्रक (भारत), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के पद पर नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### नर्स ने निर्वस्त्र होकर विरोध प्रदर्शन किया

**जयपुर।** महिला ने बुधवार को जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सामने कथित तौर पर निर्वस्त्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार महिला ने मानसिक परेशानियों के चलते यह कदम उठाया। सवाई मानसिंह अस्पताल थान के थानाधिकारी नवरत्न धूलिया ने बताया कि महिला नर्स को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने महिला को शर्तों के साथ मुचलके पर रिहा कर दिया।

### टेंपो व कार में भिड़ंत पांच लोगों की मौत

**लुनावड़ा।** गुजरात के महिसागर जिले में बुधवार दोपहर बाद टैंपो और कार की भिड़ंत के चलते कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 15 व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक पी.एस. तड़वी ने कहा कि करीब 20 यात्री टैंपो में सवार होकर विवाह पूर्व कार्यक्रम में शरीक होने जा रहे थे तभी वह लुनावड़ा तालुका के कोठा गांव के निकट दुर्गटनाग्रस्त हो गया।

# भारत के लिए पर्यावरण संरक्षण मजबूरी नहीं, प्रतिबद्धता : मोदी

## कहा- पृथ्वी हमारी मां है और हम उसके बच्चे

- **ऊर्जा के नवीकरणीय और वैकल्पिक स्रोतों से बिजली की मांग को पूरा करने का प्रयास कर रहा है भारत**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारत के लिए कोई मजबूरी नहीं बल्कि प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि विकास और प्रकृति एक साथ कदमताल कर सकते हैं। उन्होंने यहां द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएसडीएस) में एक संदेश के माध्यम से कहा कि भारत ऊर्जा के नवीकरणीय और वैकल्पिक स्रोतों से अपनी बिजली की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि देश नवीनतम प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से विभिन्न शहरी चुनौतियों, विशेष रूप से प्रदूषण और स्वच्छता से संबंधित चुनौतियों का समाधान तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी को मां के रूप में पूजते हैं। हमारे शास्त्र कहते हैं कि पृथ्वी हमारी मां है और हम उसके बच्चे हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वभौमिक भाईचारे की भावना ने लगातार राष्ट्र और उसके लोगों का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने की ऐसी गौरवशाली संस्कृति और उत्कृष्ट परंपराओं के दर्शन के साथ, भारत के लिए पर्यावरण संरक्षण के वास्ते वैश्विक प्रयासों में सबसे आगे रहना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि विकास और प्रकृति साथ-साथ चल सकते हैं। सतत विकास को रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से हमने मिशन लाइफ की शुरूआत की। इस मिशन का उद्देश्य पर्यावरण के लिए जीवन शैली अपनाना है। पर्यावरण आज केवल एक वैश्विक मुद्दा नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की भारत की पहल में इलेक्ट्रिक गतिशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए बुनियादी ढांचे का उन्नयन, परिवहन के लिए जैव ईंधन का उपयोग बढ़ाना, ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का लाभ उठाना, अपशिष्ट को धन में परिवर्तित करना और स्वच्छ नदियों को सुनिश्चित करने के लिए जल उपचार संयंत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश ने टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, चाहे वह गरीबों के उत्थान और सशक्तीकरण के उपायों के माध्यम से हो या जैविक खेती को प्रोत्साहित करना हो या फिर किसानों को प्रकृति की अनिश्चितताओं से बचाना हो।

## सरकार ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ साल बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ वर्ष बढ़ाये जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इस आयोग को अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने एवं उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करने का दायित्व दिया गया था। सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अध्यक्ष और सदस्यों के हाल ही में 22वें विधि आयोग के पदभार ग्रहण करने और कई लंबित परियोजनाओं के कारण इसके कार्यकाल को 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाया जाता है। इसका कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए किया गया था और इसके अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने नौ नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण

**समान नागरिक संहिता लागू करने की कोशिश :** बयान के अनुसार, अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने के साथ आयोग को नीति निर्देशक सिद्धांतों एवं संविधान की प्रस्तावना के निर्धारित उद्देश्यों को लागू करने की दिशा में जरूरी समझे जाने वाले नये विधान को लागू करने पर सुझाव देने का दायित्व भी सौंपा गया है। नीति निर्देशक सिद्धांत के तहत अनुच्छेद 44 के अनुसार, सरकार भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी।

## वाणिज्य की खबरें

### शेयर बाजार में भारी गिरावट, निवेशकों को 3.87 लाख करोड़ रुपये की चपत



**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को 928 अंक की गिरावट के साथ निवेशकों को 3.87 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे जारी होने से पहले वैश्विक बाजार में कमजोर रुख रहा। वैश्विक स्तर पर तनाव को लेकर भी बाजार में चिंता दिखी। इन सबसे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 927.74 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,744.98 अंक पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,87,228.19 करोड़ रुपये घटकर 2,61,33,883.55 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार में पिछले चार दिनों से गिरावट जारी है। इस दौरान सेंसेक्स 1,574.53 अंक यानी 2.56 प्रतिशत नीचे आया है। चार दिनों में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,97,102.05 करोड़ रुपये नीचे आया है।

### अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 10 % टूटा

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रूख के बीच अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई। समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बुधवार को 51,294.04 करोड़ रुपये घट गया। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 10.43 प्रतिशत टूटकर 1,404.85 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 11.94 प्रतिशत टूटकर 1,381.05 रुपये तक आ गया था। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.25 प्रतिशत, अडाणी पावर, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी टोटल गैस सभी के शेयर पांच प्रतिशत नीचे आ गए। अडाणी ग्रीन एनर्जी में 4.99 प्रतिशत, अडाणी विल्मर में 4.99 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स में 4.92 प्रतिशत की गिरावट आई। एनडीटीवी 4.13 प्रतिशत तथा एसीसी 3.97 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### कोयला खदानों की नीलामी 27 से

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक खदानों की नीलामी के 27 फरवरी से शुरू हो रहे अगले दौर में 27 कोयला खदानें नीलाम की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने 141 कोयला और लिग्नाइट खदानों की नीलामी की प्रक्रिया पिछले वर्ष नवंबर में शुरू की थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ऐसी 27 कोयला खदानें जिनके लिए एक से अधिक बोली मिली हैं, उन्हें तकनीकी आकलन पूरा करने के बाद 27 फरवरी से आगे की नीलामी के लिए रखा जाएगा। चीजों से अवगत कराने के मकसद से ई-नीलामी का अभ्यास 24 फरवरी को होगा। मंत्रालय ने कहा कि 36 कोयला खदानों के लिए 96 बोलियां मिली हैं और बोलीदाताओं में कई ऐसे हैं जिन्होंने नीलामी में पहली बार बोली दी है। यह दिखाता है कि कोयला खनन क्षेत्र को लेकर बोलीदाताओं के बीच कितना उत्साह है।

### नमामि गंगे मिशन के तहत 1278 करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं को मंजूरी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वच्छ-गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत बुधवार को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में क्रियान्वित की जाने वाली कुल नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी, जिन पर कुल 1278 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान है।
इन परियोजनाओं में सात गंगा बेसिन में प्रदूषण कम करने की परियोजनाएं हैं और दो नदी घाट के विकास कार्य से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार एनएमसीजी के महानिदेशक जी अशोक कुमार की अध्यक्षता में एनएमसीजी की कार्यकारी समिति की 47वीं बैठक में मंजूरी दी गयी।

### घर जैसा भोजन उपलब्ध करायेगी जोमेटो, एवरीडे सेवा शुरू की

नयी दिल्ली। ऑनलाइन खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाली कंपनी जोमेटो ने घर जैसा भोजन अपलब्ध कराने के लिये एवरीडे नाम से सेवा शुरू की है। इसके तहत उसके साझेदार घरों में भोजन बनाने वाले खानसामों से संपर्क स्थापित करेंगे।कंपनी के संस्थापक दीपेंद्र गोयल ने बुधवार को ब्लॉग पर एक पोस्ट में बताया, ह्यह्यजोमेटो एवरीडे आपको अपने घर के करीब लाएगा, वह आपको ऐसा भोजन उपलब्ध करवाएगा जिससे आपको घर जैसा महसूस हो।उन्होंने आगे बताया, ह्यह्यहमारे भोजन साझेदार ह्यहोम-शेफह्ल (खानसामा) के साथ मिलकर काम करेंगे। ये खानसामे आपको घर जैसा, परिपूर्णता से भरा भोजन किफायती दामों पर बस कुछ मिनटों में उपलब्ध कराएंगे।

# शून्य कार्बन उत्सर्जन को निर्धारित समय से पहले हासिल करेगा भारत

## जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाये भारत : आइएमएफ

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा है कि 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित करने वाला भारत इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को तय समय से पहले भी हासिल कर सकता है। जॉर्जीवा ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत जैसा बड़ा देश जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि भारत ने जो प्रयास किया है वह काफी सराहनीय है क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां लगभग 1.4 अरब लोग हैं जिन्हें विकास के अवसरों की जरूरत है। जॉर्जीवा ने कहा कि फिर भी भारत बहुत महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को पूरा करने में कामयाब हो रहा है। उन्होंने ऊर्जा के मुख्य स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा का उपयोग करने और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के माध्यम से इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने संबंधी उसके कार्यक्रम के लिए भारत की सराहना की। गौरतलब है कि नवंबर 2021 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसी) (कॉप-26) के 26वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत 2070 तक शून्य कार्बन



उत्सर्जन का लक्ष्य का हासिल कर लेगा। जॉर्जीवा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत ने 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है और मैं वास्तव में मानती हूं कि जिस लगन के साथ देश इसे हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है, वह इसे तय समय से पहले हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि साथ ही, उनका मानना है कि भारत के लिए अग्रणी ताकत होने की बहुत उम्मीद है और निश्चित रूप से, भारत के लिए बड़ा मुद्दा कोयले के उपयोग को उस देश में चरणबद्ध करना है जहां कोयला इतना महत्वपूर्ण है। जॉर्जीवा ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की।

## सुप्रीम कोर्ट से उद्धव ठाकरे को झटका, आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एकनाथ शिंदे गुट को आधिकारिक शिवसेना के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और इसे पार्टी का नाम (शिवसेना) और चुनाव चिह्न (तीर-कमान) दे दिया, लेकिन उद्धव ठाकरे द्वारा इसे चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमत हो गया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हम याचिका पर विचार करेंगे, हम नोटिस जारी करेंगे। शीर्ष अदालत ने शिंदे समूह से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।मुख्य न्यायाधीश ने शिंदे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल से पूछा, मिस्टर कौल, अगर हम इसे दो सप्ताह के बाद लेते हैं, तो क्या आप व्हिप जारी करने या उन्हें अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया में हैं? कौल ने जवाब दिया नहीं, सीजेआई ने कहा कि तो हम आपका बयान दर्ज करेंगे। ठाकरे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि बैंक खातों, संपत्तियों आदि पर उनका कब्जा हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी शिवसेना की संपत्तियों और वित्त पर कब्जा करने से रोकने से इनकार कर दिया।

# तालिबान ने बरसायीं गोलियां, पाक के रक्षामंत्री अचानक काबुल पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सत्ता में काबिज तालिबानी आतंकियों के बीच जंग जैसे हालात हैं। तोर्खम सीमा पर तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच भीषण झड़प भी हुई है और तालिबान ने इस बेहद सीमा को ही बंद कर दिया है। वहीं तालिबान की सुरक्षा में रह रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकी पेशावर की मस्जिद से लेकर सेना तक पर खूनी हमले कर रहे हैं। तालिबान की इस दोहरी चाल से घबराए पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ नदीम अंजुम के साथ अचानक से काबुल पहुंच गए हैं। तालिबान और पाकिस्तान के बीच तनाव से तोर्खम सीमा बंद है जिससे 6000 से ज्यादा ट्रक दोनों तरफ फंसे हुए हैं। तालिबान के इस खूनी चाल से पाकिस्तान और उसकी सेना परेशान है। पाकिस्तान इस समय कंगाली की हालत से गुजर रहा है और उसकी खराब हालत को देखकर तालिबान और टीटीपी दोनों ने ही अपना दबाव बढ़ा दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि टीटीपी आतंकी जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना कोई बड़ा अभियान नहीं चला सकती है, ऐसे में वे अब लगातार खूनी हमले कर रहे हैं। वहीं पाकिस्तान लगातार तालिबान पर दबाव डाल रहा है कि वह टीटीपी पर ऐक्शन ले लेकिन अफगान सरकार इससे बच रही है। यही नहीं तालिबान का मुखिया भी टीटीपी के प्रति सहानुभूति रखता है। माना जाता है कि अफगानिस्तान में टीटीपी के

## तालिबान के उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल घनी बरादर अखूंद और मंत्रियों से मिले ख्वाजा आसिफ



10 हजार आतंकी हैं जो पाकिस्तान पर हमला करते रहते हैं। यही नहीं इमरान खान और बाजवा की गलत नीतियों का फायदा उठाकर टीटीपी आतंकी बड़ी तादाद में कबायली इलाके में घुस आए हैं। पाकिस्तानी सेना चाहकर भी इनके खिलाफ ऐक्शन नहीं ले पा रही है।

टीटीपी ने पिछले दिनों पेशावर की मस्जिद और कराची में पुलिस मुख्यालय पर भीषण हमला किया था। इन हमलों से घबराए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री तालिबान को मनाने के लिए काबुल पहुंचे हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने तालिबान के उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल घनी बरादर अखूंद और अन्य अफगान मंत्रियों से मुलाकात की है। तालिबान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुल्ला बरादर ने पाकिस्तानी जेलों में बंद अफगान नागरिकों का मुद्दा उठाया है। उसने तोर्खम और स्पिन बोल्दाक बॉर्डर पर भी अफगान नागरिकों को सुविधाएं देने के लिए कहा है।

# इंडियन 2 में नजर आयेंगी रकुल प्रीत सिंह

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन के साथ फिल्म इंडियन 2 में नजर आयेंगी। रकुल प्रीत सिंह ने बताया मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत महसूस करती हूं कि मुझे कमल हसन सर के साथ इंडियन 2 में काम करने का मौका मिला है। कमल सर एक इंस्टीटयूशन हैं। वह अपने आप में एक पूरी इंडस्ट्री हैं। उन्होंने अपने 60 साल इस इंडस्ट्री को दिए हैं और जिस तरह का उनका एक्सपीरियंस है, जितना उनका आज भी एक्टिंग को लेकर पैशन हैं, वह अमेजिंग हैं। रकुल प्रीत सिंह ने बताया इतने एक्सपीरिएंस के बाद भी, एक लेजेंड्री सुपरस्टार होने के बाद भी कमल सर का डेडिकेशन कमाल का था। हमारी जर्नी तो अभी शुरू हुई है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।इस फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म ही चुकी है, सिर्फ कुछ गाने बचे हैं।



## फेयरप्ले की ब्रांड एंबेसडर बनीं जैकलीन फर्नांडीज

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को 'फेयरप्ले' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। फेयरप्ले के एक प्रवक्ता ने कहा कि फेयरप्लेक्रिकेट और 30 अन्य प्रीमियम खेलों के लिए स्पोर्ट्स और गेमिंग एक्सचेंज प्रदान करता है। यह उपयोगकताओं के लिए मूल्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से बाजार में उच्चतम ऑड्स (उच्च जीत) की पेशकश के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हम जैकलीन को साथ लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि उनका शानदार व्यक्तित्व उन्हें फेयरप्ले जैसे ब्रांड के लिए एक आदर्श चेहरा बनाता है। जैकलीन जल्द ही 'क्रैक' फिल्म में नजर आएंगी।



## सरकार ने सांसद निधि के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राव इंदरजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (सांसद निधि) 2023 पर बुधवार को संशोधित दिशानिर्देश जारी किये। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री सिंह ने सांसद निधि के तहत संशोधित निधि प्रवाह प्रक्रिया के लिए नया वेब पोर्टल भी जारी किया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने कहा है कि नये सांसद निधि दिशानिर्देश और वेबपोर्टल एक अप्रैल, 2023 से प्रभाव में आ जायेंगे। संशोधित दिशानिर्देश का लक्ष्य इस योजना के दायरे में विस्तार करना है ताकि सांसद समुदाय की बदलती जरूरतों के हिसाब से विकास कार्यों की सिफारिश कर सकें। साथ ही इसमें सांसद निधि के कामकाज, क्रियान्वयन एवं निगरानी में सुधार पर जोर दिया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संशोधित दिशानिर्देश के तहत निधि के प्रवाह की पूरी प्रक्रिया वेब पोर्टल से परिचालित होगी जिससे इस योजना में समय से निगरानी , व्यापक पारदर्शिता एवं जवाबदेही तय होगी तथा योजना की कार्यकुशलता एवं प्रभावी क्षमता बढेगी।

